खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 15°C

मेरठ, सोमवार 6 अप्रैल 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 304 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 | 17 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हिमंता बिस्वा सरमा सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री : राहुल गांधी पेज 2



मोहम्मद शमी की आंधी में उड़ी हैदराबाद टीम खेल टाइम्स



युद्ध अपराधी हैं डोनाल्ड ट्रम्प और नेतन्याहू सम्पादकीय



अमेरिकी पायलटों को ईरान से सुरक्षित निकालाः ट्रम्प पेज 12

# पायलट बचाने में अमेरिका ने खोए दो हेलीकॉप्टर और दो ट्रांसपोर्ट विमान

तेहरान, वार्ता

**ईरान और** अमेरिका के बीच जारी युद्ध लगातार तेज होता दिख रहा है। ईरान की ओर से लगातार अमेरिका विमानों को मार गिराने का दावा किया जा रहा है। रविवार को ईरान की ओर से अमेरिका के विमानों को तबाह करने के सबूत जारी किए गए हैं।

ईरानी न्यूज एजेंसी ने अमेरिका के विमानों के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए हैं। ईरान का दावा है कि उसने इस्फहान इलाके में अमेरिकी सैन्य मिशन के दौरान दो ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर और दो सी-130 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मार गिराया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की ओर से तस्वीरें और वीडियो जारी किए गए हैं। आईआरजीसी के मुताबिक, यह कार्रवाई इस्फहान के दक्षिणी इलाके में की गई। आईआरजीसी ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना डाउन हुए पायलट को बचाने के लिए ऑपरेशन चला रही थी, लेकिन इस दौरान उसके एयरक्राफ्ट को निशाना बनाया गया। इससे पहले ईरानी मीडिया एक विमान गिराने की बात कह चुका था, लेकिन अब आईआरजीसी ने चार एयरक्राफ्ट तबाह करने का दावा किया है। इसके अलावा ईरान के संसद स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने एक्स पर अमेरिकी विमान के कथित मलबे की तस्वीर शेयर की है। इन तस्वीरों में भी विमानों मलबा बिखरा हुआ दिख रहा है। इससे पहले ईरानी मीडिया ने दावा किया था कि लापता अमेरिकी पायलट की तलाश में भेजे गए मिशन के एक विमान को निशाना बनाया गया। ईरान इससे पहले भी अमेरिकी एफ-15 और ए-10 जैसे विमानों को गिराने का दावा कर चुका है। फिलहाल, अमेरिकी पक्ष ने इस नए दावे या तस्वीर पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।



ईरान ने अमेरिकी विमानों को तबाह करने के सबूत देते हुए विमानों के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए

## ईरान के आईआरजीसी ने अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 को मार गिराया

**तेहरान।** आईआरजीसी ने इस्फहान शहर के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 रीपर को मार गिराया है। प्रेस टीवी ने आईआरजीसी के एक बयान का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी है। इससे पहले, ईरान के खातम अल-अंबिया सैन्य कमांड के केन्द्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फागरी ने कहा था कि ईरानी वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार को तीन एमक्यू-9 रणनीतिक ड्रोनों को निष्क्रिय कर दिया था। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू कर दिए थे, जिससे जान माल का काफी नुकसान हुआ। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है।

## कुवैत में वित्त मंत्रालय और तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले

**दोहा।** कुवैत में रविवार को वित्त मंत्रालय पर ड्रोन से हमला किया गया, जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है, जबकि शुवैख जिले में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई। हमलों में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। कुना समाचार एजेंसी के अनुसार हमले में मंत्रालय की इमारत को हुए भारी नुकसान के बाद कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, बुधवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया था।

# एपस्टीन और अनिल अंबानी के बीच सैकड़ों मैसेज-ईमेल हुए

## दावाः यौन अपराधी ने खुद को व्हाइट हाउस का इनसाइडर बताया

न्यूयॉर्क, वार्ता

**अमेरिका के** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने 2017 में उद्योगपति अनिल अंबानी के सामने खुद को डोनाल्ड ट्रम्प के पहले कार्यकाल के व्हाइट हाउस के 'इनसाइडर' की तरह पेश किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों के बीच दो साल तक सैकड़ों मैसेज और ईमेल हुए। इनमें एपस्टीन ने ट्रम्प प्रशासन की नियुक्ति व विदेश नीति से जुड़ी जानकारियां साझा कीं, जो बाद में सही भी निकलीं।

हालांकि, इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि एपस्टीन की व्हाइट हाउस तक सीधी पहुंच थी। मैसेज में अनिल अंबानी ने एपस्टीन को लिखा था कि 'भारत के रिश्ते और रक्षा सहयोग के लिए व्हाइट हाउस से डील करने में आपकी गाइडेंस चाहिए।' जवाब में एपस्टीन ने 'इनसाइड' जानकारी देने का वादा किया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी मैसेज के रीव्यू के आधार पर बताया कि अनिल अंबानी और एपस्टीन के बीच बातचीत सिग्नल और टेलीग्राम जैसे एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म पर होती थी, जहां अंबानी 'अरमानी ए' नाम से सक्रिय थे। यह संपर्क उस दौर का है, जब एपस्टीन नाबालिगों से जुड़े अपराधों में जेल की सजा काट चुका था। इनका परिचय दुबई की कंपनी डीपी वर्ल्ड के चेयरमैन सुल्तान अहमद बिन सुलाएम ने कराया था। एपस्टीन ने जब दीपक चोपड़ा से अंबानी के बारे में राय मांगी, तो चोपड़ा ने उन्हें 'बेहद अमीर, चर्चा में रहने का शौकीन और सेलेब्स के प्रति सजग' व्यक्ति बताया था। मैसेज में एपस्टीन खुद को असरदार पावर ब्रोकर के रूप में पेश करता दिखा। मार्च 2017 में अनिल अंबानी ने एपस्टीन से पूर्व सीआईए डायरेक्टर डेविड पेट्रेयस के भारत में अमेरिकी राजदूत बनने की संभावना पूछी थी। एपस्टीन ने जवाब दिया था- वे प्राथमिकता में नहीं हैं। बाद में केनेथ जस्टर राजदूत बने। जुलाई 2017 में एपस्टीन ने यह 'इनसाइड' जानकारी भी दी कि जान बोल्टन नए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) होंगे। हालांकि, तब ट्रम्प ने मौजूदा एनएसए मैकमास्टर का बचाव किया था। हालांकि, 8 महीने बाद एपस्टीन की बात सच साबित हुई और बोल्टन ने ही पद संभाला। एपस्टीन ने अनिल अंबानी को ट्रम्प के बेहद करीबी लोगों, जैसे स्टीफन बैनन और थामस बैरक जूनियर से मिलवाने का प्रस्ताव दिया था। बोल्टन 9 अप्रैल, 2018 को एनएसए बने और ट्रम्प ने 10 सितम्बर 2019 को उन्हें पद से हटा दिया। बैरक उस वक्त ट्रम्प की इनॉगरेशन कमेटी के अध्यक्ष थे। एपस्टीन ने दिग्गजों को यह भरोसा दिलाया कि अंबानी से जुड़ना उनके लिए फायदेमंद होगा। वहीं, अनिल अंबानी ने खुद को भारत में राजनीतिक रूप से प्रभावशाली बताते हुए मैसेज लिखा कि 'लीडरशिप' चाहती है कि एपस्टीन उनकी मुलाकात जेरेड कुश्नर और बैनन से कराने में मदद करे। अनिल अंबानी की अमेरिकी डिफेंस पॉलिसी में दिलचस्पी की वजह यह भी बताई गई है कि 2016 में उन्हें राफेल के पार्ट्स से जुड़ी डील मिली थी। उस वक्त आलोचकों ने भारत सरकार पर अंबानी को फायदा पहुंचाने के आरोप लगाए थे, जिन्हें सरकार ने खारिज किया था। अंबानी ने लिखा था कि भारत के लिए अमेरिकी राजदूत का चयन उनके लिए बेहद 'अहम' है। वे चाहते थे कि पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों से निपटने के लिए इस पद पर कोई 'मजबूत' व्यक्ति आए।



**नियुक्ति-विदेश नीति से जुड़ी जानकारियां दीं, जो बाद में सही निकली**

**व्हाइट हाउस से संपर्क करने में अनिल अंबानी ने मांगी थी मदद**

### अनिल अंबानी-एपस्टीन के बीच पैसों के लेनदेन का भी जिक्र

**न्यूयॉर्क।** 2019 में जब अनिल अंबानी की कंपनियों पर आर्थिक संकट गहराया और उन्हें कर्ज चुकाने के लिए भाई मुकेश अंबानी की मदद लेनी पड़ी, तब एपस्टीन उन्हें मानसिक रूप से मजबूत रहने की सलाह दे रहा था। हालांकि, एपस्टीन ने संदेशों में लिखा कि उसे पैसे की जरूरत नहीं है, लेकिन एक ईमेल में 'ट्रांजैक्शन डन' का जिक्र मिला। रिपोर्ट के अनुसार, 23 मई 2019 को भारत में चुनावी नतीजों के दिन अनिल अंबानी न्यूयॉर्क में एपस्टीन के घर गए थे। इसके कुछ ही हफ्तों बाद एपस्टीन को नाबालिगों की यौन तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

# ऑनलाइन माध्यम से ही बुक कराएं सिलेंडरः सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन बुकिंग के बढ़ने के बावजूद रसोई गैस वितरण एजेन्सियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों को देखते हुए सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन माध्यम से ही एलपीजी सिलेंडर बुक कराएं और आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जाएं।

पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार ने रविवार को एक बार फिर दोहराया कि होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति के प्रभावित होने के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की सुचारू और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठा रहा है और फिलहाल देश में इनका पर्याप्त भंडार है। मंत्रालय ने कहा है कि एलपीजी वितरकों के पास गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं है और ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग बढ़कर 95 प्रतिशत हो गई है। शनिवार को 51 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित एलपीजी डिलीवरी फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर शनिवार को 90 प्रतिशत हो गई है ताकि हेराफेरी को रोका जा सके। प्रवासी श्रमिकों और छात्रों को शनिवार को 5 किलोग्राम के 90,000 से अधिक सिलेंडर बेचे गए। देश में पीएनजी विस्तार तेजी से बढ़ रहा है और मार्च से 3.6 लाख कनेक्शन को गैस आपूर्ति शुरू की गई है और 3.9 लाख से अधिक नए पंजीकरण हुए हैं। पश्चिम एशिया में फंसे सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों से जुड़ी कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई। विदेश मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में विकसित हो रही स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और 28 फरवरी से अब तक 7 लाख दो हजार से अधिक भारतीय स्वदेश लौटे हैं। सरकार ने कहा है कि वह पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और घबराहट में खरीदारी तथा अनावश्यक बुकिंग से बचें। एलपीजी की जमाखोरी और काला बाजारी की जांच के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी जारी है। मार्च से अब तक राज्यों और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की संयुक्त टीमों द्वारा 50,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। कंपनियों के अधिकारियों को अचानक निरीक्षण की प्रणाली को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जमाखोरी और काला बाजारी की किसी भी घटना को रोका जा सके। अब तक एलपीजी वितरकों को 1400 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इसके अलावा, अब तक 36 एलपीजी वितरकों को निलंबित किया जा चुका है। उपभोक्ताओं को डी-पीएनजी और सीएनजी-परिवहन के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति के साथ प्राथमिकता दी गई है।

**■ कहाः आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जाएं, गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं**



**एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी की जांच के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी जारी**

# संक्षिप्त समाचार

## इजरायल में यूपी के 6000 से अधिक श्रमिक सुरक्षित

**लखनऊ।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध को लेकर तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के 6000 से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डा. शमुंगा सुंदरम ने कहा कि यदि कोई श्रमिक भारत लौटना चाहता है, तो उसके लिए जॉर्डन के रास्ते वापसी की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकती है। प्रमुख सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार लगातार उनकी स्थिति की निगरानी कर रही है और आवश्यकता पड़ने पर वापसी की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर रही है। नियमित रूप से इजरायल स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। दूतावास से प्राप्त जानकारी के अनुसार वहां मौजूद सभी भारतीय श्रमिक, जिनमें उत्तर प्रदेश के श्रमिक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं और फिलहाल किसी भी तरह की आपात स्थिति की सूचना नहीं है।

## चुनाव आयोग ने विस चुनावों से पहले जब्त किए 650 करोड़

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि 2026 के विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद से कानून लागू करने वाली देश की विभिन्न एजेंसियों ने अब तक 650 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, मादक पदार्थ, कीमती धातुएं और अन्य प्रलोभन सामग्री जब्त की है। आयोग ने रविवार को आधिकारिक आंकड़े जारी करते हुए बताया कि 15 मार्च को असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों तथा छह राज्यों में उपचुनावों की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता के सख्त अनुपालन को प्राथमिकता दी गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 26 फरवरी से पांच अप्रैल के बीच कुल 651.51 करोड़ रुपये की जब्ती हुई, जिसमें 53.2 करोड़ रुपये नकद, 79.3 करोड़ रुपये की शराब, 230 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, 58 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं और 231 करोड़ रुपये से अधिक की अन्य वस्तुएं शामिल हैं।

## झारखंड समेत छह राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में अप्रैल के पहले हफ्ते में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। कई राज्यों में लू चलती है। दक्षिणी और समुद्र किनारे बसे राज्यों में उमस भरा मौसम रहता है, लेकिन इस बार पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। तटीय राज्यों में बारिश, मैदानी इलाकों में ओले गिर रहे हैं। तापमान भी 35 डिग्री सेल्सियस से कम या आसपास है। इसका कारण है लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस)। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मार्च-अप्रैल में अमूमन इतने ज्यादा विक्षोभ नहीं बनते। इनका असर उत्तर भारत में देखने को मिलता है। इस बार इनकी पोजिशन उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में है। इसे अरब सागर के साथ बंगाल की खाड़ी से भरपूर नमी मिली और जमकर आंधी-बारिश हुई। अकेले मार्च में देश पर 8 पश्चिमी विक्षोभों का असर पड़ा, जबकि सामान्य तौर पर यह संख्या 5 या 6 होती है।

# अहमदाबाद प्लेन हादसे के पीड़ित परिवारों का पीएम को लेटर

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया प्लेन क्रैश के 10 महीने बाद करीब 30 पीड़ित परिवारों ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा है। उन्होंने पीएम से फ्लाइट का ब्लैक बॉक्स और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) डेटा सार्वजनिक करने की मांग की है। परिजनों ने कहा कि हमें पैसे नहीं चाहिए। हमें सच्चाई जाननी है। हम जानना चाहते हैं कि हादसा क्यों हुआ और क्या इसमें कोई तकनीकी खराबी थी। परिजनों का कहना है कि अगर ब्लैक बॉक्स डेटा सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, तो कम से कम इसे निजी तौर पर परिवारों के साथ साझा किया जाए। 12 जून 2025 को अहमदाबाद से लंदन जा रहा बोइंग 787-8 विमान टेकऑफ के तुरंत बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिर गया था। इस हादसे में 241 यात्री और 19 अन्य लोगों समेत कुल 260 लोगों की मौत हुई थी। पीड़ित परिवारों ने पीएम को लिखे लेटर में एयर इंडिया की तरफ से मदद की कमी का आरोप लगाया।

**कहाः हम पैसे नहीं, हादसे की वजह जानना चाहते हैं, ब्लैक बॉक्स डेटा की मांग**

# TMC के पापों का घड़ा अब भर चुकाः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी सभा में कहा कि टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और अब जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था। उसके बाद हिंदुओं का नरसंहार किया गया था।

टीएमसी उसी की याद दिलाना चाहती है। ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं की अनदेखी की जा रही है। राज्य में भ्रष्टाचार, घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार ने जनता को भय और असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है। उन्होंने संदेशखाली जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए महिलाओं की सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बताया। पीएम मोदी ने कहा कि एक ओर टीएमसी के करप्शन का भय है, तो दूसरी तरफ विकास को रफ्तार देने वाली भाजपा का भरोसा है। एक और टीएमसी के घुसपैठ कराने का भय है, तो दूसरी ओर घुसपैठियों को भगाने वाली भाजपा पर भरोसा है। तृणमूल कांग्रेस की सरकार में बंगाल की डेमोग्राफी में भयंकर बदलाव आया है। इन घुसपैठियों को टीएमसी का समर्थन है। हमारी सरकार उन्हें चुन-चुनकर बाहर कर रही है।



**अब जनता बदलाव चाहती है, चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी**

# चुनाव आयोग को स्वतंत्र रहना चाहिएः जस्टिस नागरत्ना

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि चुनाव आयोग को पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहिए और उस पर किसी भी तरह का राजनीतिक प्रभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को भी अपनी गरिमा बनाकर रखनी चाहिए।

उन्होंने पटना की चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में 'कॉन्स्टीट्यूशनलिज्म बियॉन्ड राइट्सः व्हाई स्ट्रक्चर मैटर्स' पर बात की। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यदि संवैधानिक ढांचा धीरे-धीरे कमजोर होता है, तो इससे संवैधानिक ब्रेकडाउन की स्थिति पैदा हो सकती है, भले ही अधिकार औपचारिक रूप से मौजूद रहें। जस्टिस नागरत्ना सितम्बर 2027 में सीनियरिटी के आधार पर देश की चीफ जस्टिस बन सकती हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने आगे कहा कि जब संस्थाएं एक-दूसरे की जांच और निगरानी करना बंद कर देती हैं, तभी असली समस्या शुरू होती है। चुनाव आयोग, कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया (कैग) और वित्त आयोग जैसी संस्थाएं निष्पक्ष व्यवस्था बनाए रखने में जरूरी भूमिका निभाती हैं।

**■ कहाः दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को भी अपनी गरिमा बनाकर रखनी चाहिए**
**■ कोई भी राजनीतिक प्रभाव न हो**

## संक्षिप्त समाचार

### कफ सिरप में शुभम जायसवाल भगोड़ा अपराधी घोषित

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी की एक अदालत ने कफ सिरप तस्करी के मास्टरमाइंड और मुख्य सरगना शुभम जायसवाल को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शनिवार को कफ सिरप तस्करी मामले के फरार अभियुक्त शुभम जायसवाल को धारा 84(4) बीएनएसएस के अंतर्गत भगोड़ा अपराधी घोषित किया। पुलिस ने बताया कि शुभम जायसवाल के विरुद्ध उद्घोषणा/इश्तिहार 27 फरवरी को न्यायालय द्वारा जारी किया गया था। न्यायालय द्वारा जारी धारा 84 बीएनएसएस के अंतर्गत आदेशिका की एक प्रति अभियुक्त शुभम जायसवाल के मकान के मुख्य द्वार पर चस्पा की गई थी।

### एमएसएमई निर्यातकों को प्रोत्साहन की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार से सूक्ष्म, मझौले तथा लघु उद्यम (एमएसएमई) और निर्यातकों के लिए प्रोत्साहन की मांग की है। संगठन ने सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए समयबद्ध, संतुलित और समन्वित कदमों की सराहना करते हुए रविवार को एक 20 सूत्रीय एजेंडा जारी किया। इसमें एमएसएमई के लिए आसान और सस्ती पूंजी उपलब्ध कराने, निर्यातकों के लिए ऋण और बीमा को मजबूत बनाने तथा ऊर्जा स्रोतों पर कर कम करने जैसे सुझाव दिए गए हैं। महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि सरकार और रिजर्व बैंक के शुरुआती उपायों ने बाजार की भावना को स्थिर करने में मदद की है और यह दिखाया है कि देश का नीतिगत ढांचा बाहरी झटकों के सामने भी मजबूत और सक्षम है।

# कम्युनिस्ट और कांग्रेस खत्म हो रहे: शाह

## केरलम में अब एनडीए की सरकार चुनने का सही समय: गृह मंत्री

**कुन्नाथुनाडु, वार्ता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुन्नाथुनाडु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में सबसे पहले कोई राज्य पढ़ा-लिखा बना, तो वह केरलम था। यहां के युवा शिक्षित और बुद्धिमान हैं, परंतु उनके पास नौकरियां नहीं हैं। हम ऐसे केरलम की रचना करना चाहते हैं, जिससे केरलम के युवाओं को यहीं नौकरियां मिले और अन्य खाड़ी देशों में जाने की आवश्यकता न हो। अब पूरी दुनिया में परिवर्तन आ रहा है।

उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी पूरी दुनिया में समाप्त हो रही है और कांग्रेस पूरे देश में समाप्त हो रही है। आज पूरा देश पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में 14 प्रतिशत वोट एनडीए को केरलम से मिला था, अब यहां एनडीए की सरकार बनाने की बारी है। अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव सरकार बदलने के लिए नहीं है, यह एलडीएफ की जगह एनडीए सरकार लाने के लिए चुनाव नहीं है। यह चुनाव केरलम के



उज्ज्वल भविष्य को पक्का करने के लिए है। सालों से केरल के लोग यूडीएफ और एलडीएफ को बारी-बारी से चुनते रहे हैं, लेकिन दोनों ही पार्टियां भ्रष्टाचार में शामिल रही हैं। अगर आप सच्चा विकास चाहते हैं, तो आपको पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार चुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजपी की पॉलिसी बिल्कुल साफ है। सबको इंसाफ, किसी को खुश नहीं करना। जब पीएफआई को भारत विरोधी गतिविधियों में

**■ बीजेपी की पॉलिसी बिल्कुल साफ, सबको इन्साफ किसी को खुश नहीं करना**

शामिल पाया गया, तो बीजेपी ने एक ही दिन में सभी पीएफआई कैडर को गिरफ्तार करके तेजी से कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने वक्फ अमेंडमेंट बिल भी पेश किया। एर्नाकुलम में वक्फ बोर्ड ने 400 एकड़ जमीन हासिल की, जो असल में लगभग 600 ईसाई और हिंदू परिवारों की थी। जब पार्लियामेंट में वक्फ अमेंडमेंट बिल पर बहस चल रही थी, तो एलडीएफ और यूडीएफ ने इन परिवारों की आवाज नहीं उठाई। पूरे देश में कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां अलायंस बनाती हैं और साथ मिलकर चुनाव लड़ती हैं, लेकिन केरलम में वे एक साथ नहीं आतीं। इसके बजाय वे एक-दूसरे से मुकाबला करती हैं। जहां कांग्रेस और कम्युनिस्ट भारत में दूसरी जगहों पर एक-दूसरे का साथ देती हैं, वहीं केरलम में वे पॉलिटिकल दुश्मन हैं।

# उप्र में अगले पांच दिन बारिश का अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में पिछले 24 घंटे के दौरान मेरठ, बुलंदशहर समेत कई जिलों में जोरदार बारिश के चलते फसलों के साथ जानमाल के भारी नुकसान की भी खबर है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार रविवार को राज्य के 15 से अधिक जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होने और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। इसके साथ ही 6 और 7 अप्रैल को पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बादल छाए रहने की संभावना है, वहीं आठ और नौ अप्रैल को आंधी-तूफान के साथ बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी की गई है।

शनिवार को यूपी के पूर्वी तथा पश्चिमी इलाकों के कई जिलों में जोरदार बारिश होने के साथ ही 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा की तेज रफ्तार से हवा चली। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि होने के



**मेरठ समेत कई जिलों में बारिश से जनजीवन प्रभावित, ओलावृष्टि और बिजली गिरने से किसान परेशान, लखनऊ में बिजली गिरने से दहशत**

साथ-साथ बिजली गिरने से जनहानि के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी हुआ है। ओलावृष्टि होने से जहां फसलों को भारी नुकसान हुआ है, वहीं आंधी तूफान चलने से कई जगह पेड़ों और विद्युत पोल के गिरने से काफी नुकसान हुआ है। घंटों बिजली बाधित रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बुलंदशहर के पहासू कस्बा में तेज हवा के साथ जमकर बारिश हुई और ओले गिरे, जिससे खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों की हालत देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें देखी जा रही है। किसानों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। अलीगढ़ में भी रविवार को तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। जिले के इगलास और गोंडा क्षेत्र में खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं, जिससे किसानों को नुकसान की चिंता सताने लगी है। पिछले 15 दिनों में यह चौथी बार है, जब फसलों को क्षति हुई है। किसानों ने प्रशासन से सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# हिमंता सरमा सबसे भ्रष्ट सीएम: राहुल गांधी



**लोकसभा में विपक्ष के नेता ने असम के मुख्यमंत्री बोला पर सीधा हमला, महिला सुरक्षा पर गंभीर नहीं है मोदी सरकार**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर सीधा हमला करते हुए उन्हें सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया है।

गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि श्री सरमा देश के सबसे भ्रष्ट और सबसे सांप्रदायिक मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि सरमा ने असम की जनता को धोखा दिया है और गुमराह किया है जिसका सबूत जनता के सामने है। असम की जनता उनके भ्रष्टाचार को कभी माफ नहीं करेगी, सजा तय है। असम में 9 अप्रैल को मतदान होगा और वोटों की गिनती 4 मई को की जाएगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है और सब कुछ 'संतोषजनक' बताकर संसद में पूछे हर सवाल पर गुमराह करती है। गांधी ने लोकसभा में 27 मार्च को महिला सुरक्षा को लेकर पूछे अपने एक सवाल के मिले जवाब के आधार पर आरोप लगाया है कि सरकार महिला सुरक्षा पर जवाब नहीं देती और सब कुछ ठीक बताकर बात खत्म कर देती है।

## सालार मसूद किसी माफिया से कम नहीं था: सीएम

# विपत्ति के समय सरकार ही देती है साथ: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सालार मसूद किसी माफिया से कम नहीं था और अभी जो माफिया मिट्टी में मिले हैं, वो उसी विचारधारा से आते हैं। उसने हमारे मंदिर तोड़े थे। महाराज सुहेल देव ने सालार मसूद को मारकर जनता को दासता से मुक्त कराया था।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ऐसे वीर नायकों के जीवन पर आधारित नाटकों का निर्माण और मंचन स्कूलों व कॉलेजों में होना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी उनके इतिहास और योगदान से अवगत हो सके। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से लोगों के बचाव के लिए लॉकडाउन लगा।



**■ महाराजा सुहेलदेव ने मसूद को मारकर मुक्त कराई थी दासता, भारतीय नाट्य अकादमी के भवन व दो प्रेक्षाग्रहों का लोकार्पण**

कामगार जब घरों को लौटे तब सरकार उनके साथ खड़ी रही। उनको न सिर्फ घर पहुंचाया बल्कि उन्हें निशुल्क राशन भी उपलब्ध कराया।

लखनऊ में रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी के संपूर्ण भवन एवं दो प्रेक्षागृहों का लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जहां सालार मसूद को मारा गया था। वहां उसके नाम से मेला लगता था, लेकिन महाराजा सुहेलदेव का नाम कोई नहीं लेता था। भारतीय समाज ने उन्हें भुला दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार साल बाद पीएम मोदी ने उन्हें सम्मान दिलाया। हमारी सरकार ने वहां उनके नाम पर आयोजन शुरू किए। आज सालार मसूद के मेले से ज्यादा भीड़ वहां जुटती है। उन्होंने भारतीय रंगमंच और सिनेमा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां समाज को दिशा देने का कार्य कर रही हैं। सीएम ने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के नाटकों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में ऐतिहासिक विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन होना चाहिए।

### योगी ने देखी 'आनंद मठ' नाट्य की प्रस्तुति, कलाकारों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी के संपूर्ण भवन एवं दोनों प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने न केवल नाट्य प्रस्तुति का आनंद लिया, बल्कि कला क्षेत्र से जुड़े कई वरिष्ठ कलाकारों एवं पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आनंदमठ पर आधारित नाट्य प्रस्तुति देखी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने 'रंगवेद' पत्रिका का विमोचन किया और परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। अकादमी के अध्यक्ष रति शंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। दौरान एक भावुक क्षण तब देखने को मिला, जब एक बच्ची मंच पर पहुंची और सीएम के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 71608.05
**निफ्टी** 22383.40



**सोना** 150930
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 250000
प्रति किलो



# वैश्विक कारकों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**मुंबई, वार्ता**

बीते सप्ताह गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में वैश्विक कारकों के साथ रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी बयान से शेयर बाजार को दिशा मिलेगी। निवेशकों की नजर फिलहाल मुख्य रूप से ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया संकट पर बनी हुई है। इसका फिलहाल कोई हल निकलता नहीं दिख रहा। इससे निवेश धारणा कमजोर बनी हुई है।

इसके अलावा, रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की गत 28 फरवरी को पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद पहली बैठक 06 अप्रैल को शुरू हो रही है। बैठक के फैसलों का भी बाजार पर असर दिखेगा। पिछले



सप्ताह 31 मार्च को महावीर जयंती और 03 अप्रैल को गुड फ्राइडे के अवकाश के कारण बाजार में तीन दिन ही कारोबार हुआ। इसमें सोमवार को प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट रही जबकि बुधवार और गुरुवार को प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स सप्ताह के दौरान कुल 263.67 अंक (0.36 प्रतिशत) टूटकर गुरुवार को 73,319.55 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 106.50 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 22,713.10 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.82 प्रतिशत टूट गया जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक लगभग अपरिवर्तित रहा। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर टूट गए। सनफार्मा में सबसे अधिक 5.62 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 4.23 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3.85, बजाज फिनसर्व का 3.18, भारती एयरटेल का 2.86, बजाज फाइनेंस का 2.13 और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.13 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।।

### रेपो दरों में बदलाव की उम्मीद नहीं: एसबीआई रिसर्च

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय बैठक में रेपो दरों में बदलाव की उम्मीद नहीं है। भारतीय स्टेट बैंक की अनुसंधान इकाई एसबीआई रिसर्च की रविवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एमपीसी की पिछली बैठक के बाद से पश्चिम एशिया संकट के रूप में दुनिया में एक बड़ा भू.राजनैतिक बदलाव आया है। विशेषकर हार्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक व्यापार प्रभावित हुआ है। यह साल 1973 के बाद कच्चे तेल के बाजार में सबसे बड़ा व्यवधान है। रिपोर्ट के अनुसार कच्चा तेल इस समय 100 डॉलर प्रति बैरल के पार है और रुपया 93 रुपये प्रति डॉलर से नीचे चल रहा है। इन सभी कारकों के मद्देनजर आरबीआई फिलहाल सावधानी बरतते हुए 8 अप्रैल को जारी होने वाले बयान में यथास्थिति बरकरार रखेगा। कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से 16.6 अरब डॉलर की शुद्ध निकासी की जो 1991 के बाद सबसे ज्यादा है।

# गेहूं, चावल में साप्ताहिक गिरावट, खाद्य तेल मजबूत

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी नरमी रही। चीनी और खाद्य तेलों के भाव बढ़ गए जबकि दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 27 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 3,825 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 15 रुपये गिरकर 2,784 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 17 रुपये सस्ता हुआ और 3,279 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 76 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल भी चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में 40 रुपये और चना दाल में 27 रुपये की नरमी रही। उड़द दाल का भाव 11 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह सोया तेल 223 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 194 रुपये और पाम ऑयल की 190 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल का भाव 137 रुपये और मूंगफली तेल का 126 रुपये चढ़ा। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 14 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी सात रुपये महंगी हुई। खाद्यान्नों के औसत थोक भाव: दाल-दलहन: दाल चना 7681.67 रुपये, मसूर काली 8011.88 रुपये, मूंग दाल 10176.54 रुपये, उड़द दाल 10776.19 रुपये, तुअर दाल 11244.58 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2784.28 रुपये और चावल 3825.31 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3279.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4305.84 रुपये और गुड़ 5005.31 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17851.85 रुपये, मूंगफली तेल 18824.04 रुपये, सूरजमुखी तेल 17408.36 रुपये, सोया तेल 14736.72 रुपये, पाम ऑयल 13439.42 रुपये और वनस्पति 14805.88 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# राघव चड्ढा ने आप के आरोपों का दिया जवाब

**नई दिल्ली।** आम आदमी पाट के अंदर बढ़ते राजनीतिक विवाद के बीच सांसद राघव चड्ढा ने अपनी ही पार्टी पर पलटवार किया है। पार्टी ने हाल ही में दावा किया था कि उन्होंने संसद में पंजाब से जुड़े मुद्दे नहीं उठाए हैं। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में राघव चड्ढा ने इन आरोपों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि पिक्चर अभी बाकी है।

उन्होंने कहा कि पंजाब न केवल उनका घर है, 'बल्कि उनका कर्तव्य, मिट्टी और आत्मा' भी है। उन्होंने एक सांसद के तौर पर उठाए गए कई मुद्दों पर का जिक्र किया, इसमें ननकाना साहिब कॉरिडोर की वकालत करना, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग करना, पंजाब में घटते भूजल की समस्या का समाधान करना, भगत सिंह को 'भारत रत्न' देने की सिफारिश करना और कई दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। राघव ने कहा कि ये पूरा विवाद इसी हफ्ते की शुरुआत में राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उप-नेता के पद से राघव चड्ढा को हटाए जाने के बाद

**■ कहा-पिक्चर बाकी है, पंजाब मेरा घर, कर्तव्य और आत्मा**

शुरू हुआ। इसके बाद आप सांसद ने पार्टी नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर उनकी आवाज दबाने का आरोप लगाया। राघव चड्ढा की टिप्पणियों के बाद आप के कई नेता उनके खिलाफ खुलकर सामने आ गए।

उन्होंने कहा कि राघव चड्ढा समझौता कर चुके हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डरते हैं। राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उप-नेता पद से हटाए जाने के बाद लगे आरोपों पर चड्ढा ने पलटवार किया। उन्होंने इन आरोपों को सुनियोजित हमला बताया और उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया कि उन्होंने संसद से वॉकआउट करने या मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया था। सोशल मीडिया के एक एक्स पोस्ट चड्ढा ने कहा कि उनके खिलाफ एक स्क्रिप्टेड अभियान चलाया जा रहा है।

# यूपी में प्रीपेड पीड़ित हो गई जनता

## स्मार्ट मीटर को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा पर बोला हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर के एकाउंट में पैसे होने के बावजूद बत्ती गुल होने को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश में 'प्रीपेड पीड़ित' नाम की एक नई श्रेणी पैदा हो गई है। रविवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने पहले से ही बिजली के लिए भुगतान कर दिया है, वे भी स्मार्ट मीटर की खामियों के चलते बिजली कटौती और तकनीकी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बिजली कंपनियों को पहले ही पैसा मिल जाता है, तो फिर आम जनता को परेशान क्यों किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली कंपनियों और



सरकार के बीच तालमेल की कमी या मिलीभगत के कारण आम उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो पा रहा है। इसके चलते लोग बार-बार शिकायत करने और कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता 'उपभोक्ता' से 'उपभुगता' बन गई है, जिसे नीतियों की खामियों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने 'पीडीए' का जिक्र करते हुए कहा कि प्रभावित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है और अब 'प्रीपेड पीड़ित' भी इसमें शामिल हो गए हैं।

### पहले जनगणना हो फिर महिला आरक्षण पर बात: सपा

**लखनऊ।** संसद की बैठक से पहले वर्ष 2029 में देश मे महिला आरक्षण लागू कराने के पीएम मोदी के बयान को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि पहले जनगणना कराई जाए फिर महिला आरक्षण की बात उठाई जाए। यादव ने कहा कि जब गिनती ही गलत होगी, तो आरक्षण कैसे सही होगा। महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है। आरक्षण का आधार अगर कुल सीटों का 1/3 है तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है और गणित का आधार अंक होते हैं, संख्याएं होती हैं, कोई हवा हवाई बात नहीं।

# लोस-विस सीटें बढ़ाना छोटे राज्यों के हित में नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकसभा तथा विधानसभा सीटों की परिसीमन संबंधी नीति को गलत बताते हुए उसको लेकर जारी प्रचार को भ्रामक बताया और कहा कि इस मुद्दे पर जनता को गुमराह किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि परिसीमन के जरिए सीटें बढ़ाना सिर्फ चुनाव जीतने की रणनीति है और पीएम मोदी इसको लेकर भ्रामक बयान देकर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। रमेश के इस बयान का समर्थन पार्टी नेता मनीष तिवारी ने भी किया है। उन्होंने कहा कि परिसीमन से लोकसभा सीटों में प्रस्तावित वृद्धि से बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को अनुपातिक रूप से अधिक लाभ मिलेगा, जबकि दक्षिण भारतीय राज्यों के साथ ही


**■ पीएम की परिसीमन नीति गलत: जयराम रमेश**

पंजाब, हरियाणा और उत्तर-पूर्वी राज्यों का प्रभाव कम हो जाएगा। कांग्रेस के अनुसार, वर्तमान में उत्तर प्रदेश और केरल के बीच लोकसभा सीटों का अंतर 60 है, जो प्रस्ताव लागू होने पर 90 तक पहुंच सकता है, वहीं उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच का अंतर भी 41 से बढ़कर कम से कम 61 हो जाएगा।

पार्टी ने इसे बिना सहमति और बिना व्यापक परामर्श तथा जनविमर्श के उठाया गया कदम बताते हुए इसे थोपा जाने वाला प्रस्ताव करार दिया और आरोप लगाया कि लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत वृद्धि और विधानसभाओं की सीटों में समान वृद्धि का तर्क भ्रामक है और इससे क्षेत्रीय असंतुलन और बढ़ेगा।

# अजराड़ा में मौलाना अब्दुल्लाह मुगेसी सुपुर्द-ए-खाक, दफीने में उमड़ा हुजूम

## मदरसा जामिया इस्लामिया गुलजार-ए-हुसैनिया के मोहतमिम को नम आंखों से दी आखिरी विदाई







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडाली।** मदरसा जामिया इस्लामिया गुलजार-ए-हुसैनिया अजराड़ा के मोहतमिम और ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल के सदर रहे इस्लामी स्कॉलर हकीम मौलाना अब्दुल्ला मुगैसी को रविवार अपरान्ह लगभग 3:30 बजे अजराड़ा के कब्रिस्तान में सुपुर्दे-खाक कर दिया गया। उनके जनाजे और दफीने में धार्मिक, सामाजिक व सियासी हस्तियों के साथ-साथ दूर-दराज इलाकों से आए अकीदतमंदों का ऐसा अजीम हुजूम उमड़ा कि पूरे गांव की गलियाँ और रास्ते लोगों से खचाखच भर गए। हालात यह थे कि लोग तेजी से चलने के बजाय धीरे-धीरे रेंगते हुए आगे बढ़ते नजर आए। मौलाना अब्दुल्ला मुगैसी के इंतिकाल की खबर फैलते ही पूरे इलाके में गम की फिजा कायम हो गई। शनिवार देर रात उनका जनाजा अजराड़ा पहुंचते ही आखिरी दीदार के लिए अकीदतमंदों का सिलसिला शुरू हो गया, जो रविवार को दफीने तक एक विशाल जनसैलाब में तब्दील हो गया। नमाज-ए-जनाजा के बाद उन्हें अजराड़ा मदरसे के बानी हाफिज मुहम्मद हुसैन की कब्र के करीब सुपुर्दे-खाक किया गया। बताया गया कि शनिवार रात सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें मेरठ के विवान अस्पताल ले जाया गया था, जहां रात लगभग 9:45 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। उनके अचानक इंतिकाल की खबर से पूरे क्षेत्र, इस्लामी जगत और उनके चाहने वालों में गहरा सदमा और रंज-ओ-गम की लहर दौड़ गई। इससे पूर्व शनिवार देर रात मदरसा कमेटी और इलाके के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से मौलाना अब्दुल्ला मुगैसी के छोटे बेटे मौलाना अब्दुल मालिक मुगैसी को पगड़ी पहनाकर मदरसा जामिया इस्लामिया गुलजार-ए-हुसैनिया का नया मोहतमिम मुकर्रर कर दिया गया। नवनियुक्त मोहतमिम मौलाना अब्दुल मालिक मुगैसी ने बताया कि उनके वालिद का दफीना पैतृक गांव सहारनपुर जिले के बेहट क्षेत्र अंतर्गत घघरौली में किया जाना तय था, लेकिन अजराड़ा और आसपास के लोगों की पुरजोर दरख्वास्त पर आखिरकार उनका दफीना अजराड़ा में ही अंजाम दिया गया। दफीने में पूर्व राज्यसभा सांसद मुनकाद अली, किठौर विधायक शाहिद मंजूर, कांग्रेस सांसद इमरान मसूद, विधायक कमाल अख्तर, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, किठौर चेयरपर्सन पति सलमान मुनकाद, आतिर आरिफ मंजूर समेत अनेक सियासी, धार्मिक और सामाजिक हस्तियां मौजूद रहीं। सभी ने मरहूम को खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए उनकी दीन व मिल्लत के लिए की गई खिदमात को खिराज-ए-तहसीन पेश किया।

# कोई पूरी नहीं कर सकता मौलाना अब्दुल्लाह की कमी: योगेश वर्मा

## कह मौलाना अब्दुल्लाह का चले जाना सर्वसमाज के लिए अपूर्णीय क्षति

■ हजरत मौलाना अब्दुल्लाह अजराड़ा वालों के जनाजे में शामिल हुए पूर्व विधायक योगेश वर्मा



जनाजे में शामिल होने पहुंचे पूर्व विधायक योगेश वर्मा।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** किठौर क्षेत्र के अजराड़ा गांव के रहने वाले मुस्लिम धर्म गुरू एवं प्रख्यात समाजसेवी हजरत मौलाना अब्दुल्लाह मुगीसी साहब का शनिवार शाम लंबी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। रविवार को उनके जनाजे में पूर्व विधायक एवं सपा नेता योगेश वर्मा सहित कई राजनीतिक हस्तियां शामिल हुईं। योगेश वर्मा ने उनके इंतकाल को सर्वसमाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया और कहा कि क्षेत्र व दूर दराज के लाखों लोगों के लिए वह एक बड़ी उम्मीद थी। उनकी कमी कोई पूरी नहीं कर सकता है।

देर शाम 120 वर्षीय मौलाना हजरत अब्दुल्लाह ने अस्पताल में अंतिम सांस ली। रविवार सुबह उनके इंतकाल की खबर मिलने पर पूर्व विधायक योगेश वर्मा अजराड़ा गांव में पहुंच गए। योगेश वर्मा उनके जनाजे में शामिल हुए और मरहूम को विनम्र श्रद्धांजलि एवं खिराज-ए-अकीदत अर्पित की। उन्होंने कहा कि हजरत साहब आलॅ इंडिया मिल्ली काउंसिल के सदर व जामिया इस्लामिया गुलजार हुसैनिया अजराड़ा के मोहतमिम भी थे। मौलाना साहब ने अपना जीवन भाईचारा, अमन-ओ-मोहब्बत और गंगा जमुनी तहजीब के लिए समर्पित किया। उनका इंतकाल समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने मौलाना साहब को जन्नत उल फिरदौस में जगह देने के लिए ईश्वर से दुआ की और कहा कि ईश्वर उनके परिवार वालों को सब्र ए जमील अता करे। मौलाना साहब से उनके रिश्तों के बारे में जिक्र करते हुए पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि वह अक्सर उनके मिलने जाया करते थे। मौलाना साहब भी उनके लिए दुआ किया करते थे। मौलाना साहब के इंतकाल से उन्हें महसूस हो रहा है कि उनके जाने के बाद उनके सच्चे हमदर्द का साया उनके सिर से उठ गया है। नम आखों के साथ वह मौलाना साहब के जनाजे में शामिल हुए। अजराड़ा गांव के कब्रिस्तान में उनका शव सुपूर्द-ए-खाक किया गया। पूर्व विधायक योगेश वर्मा के अलावा सांसद इमरान मसूद, पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर, विधायक आशू मलिक, सपा नेत्री नेहा सिंह गुर्जर, आदिल चौधरी आदि राजनीतिक हस्तियां भी उनके जनाजे में शामिल हुईं। उनके इंतकाल पर समाजवादी पार्टी, सपा मुखिया अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमों मायावती के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर भी शोक प्रकट किया गया।

## गांव चलो बस्ती चलो अभियान को लेकर किया जनसंपर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** गांव चलो बस्ती चलो अभियान को लेकर रविवार को दौराला मंडल के पावली खुर्द गांव में दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने बैठक कर संपर्क किया। भाजपा सरकार की उपलब्धि बताई आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी और कार्यकर्ताओं को संगठित होकर पार्टी के लिए काम करने को कहा कार्यकर्ताओं ने दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान को नवीन दायित्व के लिए बधाई दी। इस दौरान मंडल महामंत्री रवि पूनिया, ओमेंद्र खुर्द, अंकुश चौधरी, सचिन खुर्द, अनुराग, सूरज पाल, पंकज चौधरी, छोटू, विवेक, रामानंद, सोनी, मोनी, कलवा, मिंटू कश्यप, विवेक सैन आदि मौजूद रहे।

## राम जन्मोत्सव पर विहिप व बजरंग दल ने निकाली शोभायात्रा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ महानगर में राम जन्मोत्सव के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आयोजित शोभायात्रा ने श्रद्धा और उत्साह का अनूठा दृश्य प्रस्तुत किया। यात्रा में भारत माता और राम आरती कर पूजन किया गया। तत्पश्चात क्षेत्र संगठन मंत्री मुकेश खांडेकर ने यात्रा का भगवा पातका दिखाकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा में सैकड़ों रामभक्त व बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल हुए। भगवा ध्वज लेकर शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों के जय श्रीराम व हर हर महादेव, भारत माता की जय के जयकारे गूंज रहे थे। वहीं रामभक्ति गीतों की गूंज से लोगों में आस्था का सैलाब उमड़ रहा था। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकली शोभायात्रा का जगह-जगह अभिवादन किया गया।

# ड्रग्स रखने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई: पंडित सुनील भराला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** मेरठ के दौराला नगर पंचायत क्षेत्र में स्वर्गीय बाबूराम प्रजापति सहित तीन लोगों की जहरीली शराब से हुई दर्दनाक मृत्यु अत्यंत दुखद, पीड़ादायक एवं चिंताजनक है। इस हृदय विदारक घटना पर राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संस्थापक एवं पूर्व मंत्री पंडित सुनील भराला ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का अपूरणीय नुकसान है।

पंडित सुनील भराला ने प्रशासन से तत्काल वार्ता कर पीड़ित परिवारों को सरकार की ओर से शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, जिससे इस कठिन समय में उन्हें कुछ संबल मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की घटनाएं प्रशासनिक लापरवाही एवं अवैध गतिविधियों पर ढीले नियंत्रण का परिणाम हैं, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने विशेष रूप से चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में जहरीले पदार्थ, अवैध शराब एवं नशीले तत्वों की बिक्री मेडिकल स्टोरों और सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम हो रही है। यह स्थिति न केवल कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि हमारे युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने वाली गंभीर सामाजिक समस्या भी है।

सुनील भराला ने स्पष्ट किया कि इस गंभीर विषय को लेकर वे शीघ्र ही माननीय मुख्यमंत्री से संवाद स्थापित करेंगे तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, अवैध शराब पर पूर्ण प्रतिबंध और प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग करेंगे। उन्होंने प्रशासन से भी अपेक्षा की कि इस मामले में दोषियों को चिन्हित कर सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। अंत में उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाएं और प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करें, ताकि समाज को इस अभिशाप से मुक्त किया जा सके और युवाओं का भविष्य सुरक्षित बनाया जा सके।

## बिना आईडी के होटल में कमरा देने वाला संचालक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** करीब 2 महीने पहले थाना क्षेत्र के गांव में जितेंद्र पुत्र देवी सिंह ने थाने पर सूचना दी कि उसकी लड़की को जिसकी उम्र 14 वर्ष सोनू पुत्र जितेंद्र चिरोड़ी बहला फुसलाकर ले गया था और जबरदस्ती उसके साथ गलत काम किया था। पुलिस ने आरोपी सोनू मलिक को गिरफ्तार कर लिया था और न्यायालय में पेश कर दिया था। होटल में कमरा देने वाले होटल संचालक ने भी बिना आईडी के होटल में प्रवेश दिया था। मुकदमे में होटल संचालक को आरोपी बनाया गया वहीं रविवार को मुखबिर की सूचना पर सिवाल खास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान जतिन पुत्र ओमप्रकाश निवासी अलीपुर बाबूगढ़ छावनी जनपद हापुड़ के रूप में हुई। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया।

# मॉडल टीकाकरण केंद्र एवं एचपीवी वैक्सीन का उद्घाटन

## 14 से 15 उम्र की बच्चियों को कैंसर मुक्त करेगी ये वैक्सीन: लक्ष्मीकांत वाजपेयी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तकनीकी सहयोग जोहन शो इंडिया (जेएसआई) एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मेरठ मंडल के प्रथम नगरीय स्वास्थ्य केंद्र, पुलिस लाइन में मॉडल टीकाकरण केंद्र का उद्घाटन राज्य सभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी द्वारा किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत वाजपेयी राज्य सभा सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश के द्वारा मॉडल टीकाकरण केंद्र एवं एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस वैक्सीन को 14 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम आयु की किशो. रियों को सरवाईकल कैंसर से मुक्त करेगा। उन्होंने कहा कि मेरठ में 10 हजार के लगभग वैक्सीन आ चुकी है जबकि मेरठ में अनुमानित 41000 का लक्ष्य रखा गया है। वाजपेयी ने बताया कि यह वैक्सीन अत्यंत प्रभावी है और बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मेरठ डा. अशोक कटारिया ने बताया कि वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है और जिला अस्पताल के अलावा पीएचसी पुलिस लाइन व सभी सीएचसी पर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं हैं। सभी अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपनी बेटियों को यह वैक्सीन अवश्य लगवाएं। डॉ. अंकुर त्यागी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, पुलिस लाइन ने कहा कि पुलिस लाइन पीएचसी जनपद का माडल टीकाकरण केन्द्र बनाया गया है जहां प्रतिदिन वैक्सीन लगायी जायेगी और इसके लिए प्रशिक्षित स्टाफ को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु शहर के विशेषज्ञ डॉक्टरों के माध्यम से एचपीवी विषय पर वीडियो क्लिप तैयार कर सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिससे कि अधिक से अधिक किशोरियों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर मुकंद वल्लभ शर्मा मण्डल बौद्धिक प्रमुख भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान, अल्ताफ अली कार्यक्रम अधिकारी, जेएसआई एवं मनीष जिला कार्यक्रम अधिकारी विकास चौधरी एआरओ, हरपाल सिंह आरआई पुलिस लाइन मेरठ एवं समस्त स्टाफ पुलिस लाइन पीएचसी मौजूद रहे।

## चौ. चरण सिंह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले के खिलाफ दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** रालोद कार्यकर्ताओं ने एक व्यक्ति पर समाज में वैमनस्यता फैलाने व चौधरी चरण सिंह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए थाना अध्यक्ष को तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। रालोद नेता हस्तिनापुर क्षेत्रीय महामंत्री पश्चिम उत्तर प्रदेश बिजेंद्र भाटी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता थाने पहुंचे तथा थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही को तहरीर देते हुए बताया कि एक अप्रैल को राम अवतार पलसानिया ने तीस मिनट की एक वीडियो वायरल करते हुए समाज में वैमनस्यता फैलाई तथा आपत्तिजनक भड़काऊ बातें कही जिससे विभिन्न वर्गों में वैमनस्य, धार्मिक सामाजिक भावनाओं का आहत होना शांति भंग करना, वर्गों के बीच शत्रुता फैलाने वाले कथन तथा आपराधिक धमकी देना जानबूझकर अपमान सहित अनेक आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर क्षेत्रीय महामंत्री युवा नमेश कुमार, जिला महासचिव धीरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, जाकिर खान, आकिब खां, आसिफ सैफी धर्मपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष, राज. कमार, विक्की, उसमा खजूरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी को ब्लॉक अध्यक्ष गौरव चौधरी ने दी कड़ी नसीहत

## कहा पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने नजर घुमा ली तो क्षेत्र छोड़कर भी भागना पड़ सकता है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के खिलाफ विवादित टिप्पणी की है जिसके बाद जाट समाज में भी जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी के खिलाफ आवाज बुलंद हो गई है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हो रही हैं जिसमें जाट समाज के लोग मेरठ के जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी को नसीहत देते हुए दिखाई दे रहे हैं।

इसी बीच जानी खुर्द के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव चौधरी ने भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी को कड़ी नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि जाट समाज में हाउ शब्द चीता को कहा जाता है और अगर संजीव बालियान ने थोड़ी सी भी नजर गौरव चौधरी के खिलाफ कर ली तो जिला पंचायत अध्यक्ष को क्षेत्र छोड़कर भागना पड़ेगा। गौरव चौधरी ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करके जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी को बड़ी नसीहत दी है और यह साफ जाहिर कर दिया है कि अगर संजीव बालियान के खिलाफ कुछ भी गलत बात बोली तो अच्छा नहीं होगा।




### महाराजा सूरजमल की प्रतिमा अनावरण में भी नहीं पहुंचे थे जिला पंचायत अध्यक्ष

सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में अब जाट समाज के लोग इस बात पर भी सवाल उठा रहे हैं कि खुद को जाट कहने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी अजय योद्धा महाराजा सूरजमल की प्रतिमा के अनावरण के समय नहीं पहुंचे और ना ही बाद में उन्होंने सूरजमल जी की प्रतिमा पर जाकर कोई माल्यार्पण किया है तो वह किस मुंह से बोल रहे हैं। लोगों ने इस बात का भी सवाल उठाया है कि जो व्यक्ति महाराजा सूरजमल जी का ही सम्मान नहीं कर रहा है वह जाट समाज का सम्मान कैसे करेगा वह जाट समाज का हितेषी नहीं हो सकता।

### आखिर विवादों में क्यों कूदे हैं गौरव चौधरी

मेरठ में नौचंदी मेले से जुड़ी जानकारी साझा करने के लिए जिला पंचायत में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने संजीव बालियान को लेकर के बड़ी बात कही, जिसके बाद विवाद गरमा गया है और खास तौर से जाट समाज में ही कई जगह गौरव चौधरी का विरोध दिखाई दे रहा है। अब लोगों का कहना है कि जब प्रेस कॉन्फ्रेंस नौचंदी मेले को लेकर थी तो गौरव चौधरी ने नए विवाद को जन्म क्यों दिया, इसके पीछे उनकी क्या रणनीति है, क्या वह सुर्खियों में आकर खुद को टिकट की दौड़ में शामिल करना चाहते हैं या फिर वाकई में उन्हें हनुमान बेनीवाल और पंजाब के सीएम की बात चुभी है जिसको लेकर उन्होंने सारा ठीकरा पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान पर फोड़ा है।

## सर्वोदय संघर्ष मोर्चा गठन पर सहमति, जनहित मुद्दों पर होगा आंदोलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सर्वोदय मंडल मेरठ की एक महत्वपूर्ण बैठक गांधी आश्रम में आयोजित की गई, जिसमें लंबे समय से चल रहे विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से साझा मंच का नाम 'सर्वोदय संघर्ष मोर्चा' रखने का निर्णय लिया गया। रालोद नेता प्रतीक जैन ने बताया कि मोर्चे का मुख्य उद्देश्य निजी स्कूलों द्वारा फीस वृद्धि, ड्रेस व कोर्स परिवर्तन के नाम पर अभिभावकों के शोषण के खिलाफ आवाज उठाना रहेगा। साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐम्स, केंद्रीय विश्वविद्यालय, आईआईटी एवं हाईकोर्ट बेंच की स्थापना सहित अन्य जनहित मुद्दों पर संघर्ष करने और जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया। बैठक में 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती एवं 17 अप्रैल चंद्रशेखर जयंती के उपलक्ष्य में 12 अप्रैल (रविवार) को गांधी आश्रम पर संयुक्त कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. प्रभात रॉय व संचालन दीपक पंवार ने किया। इसमें अजय मोहन शर्मा, रोहि. हत जाखड़, अचला सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राजनीति के शिखर पुरुष और आधुनिक भारत के निर्माता थे बाबू जगजीवन रामः रंजन शर्मा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री और महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं पुष्पांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष ने की तथा संचालन हरिकिशन वर्मा द्वारा किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष ने कहा कि बाबू जगजीवन राम भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष और आधुनिक भारत के निर्माता थे। 1971 के युद्ध के समय रक्षा मंत्री के रूप में उनके दृढ़ नेतृत्व ने न केवल पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर किया, बल्कि विश्व मानचित्र पर बांग्लादेश के रूप में एक नए राष्ट्र का उदय सुनिश्चित किया। कृषि मंत्री के रूप में उन्होंने हरित क्रांति की नींव रखी, जिसने देश को भुखमरी के संकट से उबारा। आज हमें उनके साहस और दूरदर्शिता से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए कार्य



करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रवक्ता हरिकिशन वर्मा सहित कांग्रेसियों ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का व्यक्तित्व सादगी और उच्च विचारों का संगम था। गोष्ठी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश त्यागी, सेवा दल जिलाध्यक्ष विनोद सोनकर, हरीश त्यागी, सलीम पठान, सचिन शर्मा, पीयूष रस्तोगी, विनोद शर्मा, कपिल शर्मा, मुजाहिद, राकेश शर्मा, तरुण ठाकुर, मगन शर्मा, नरेश नेगी, निसार अब्बासी, राजकुमार शर्मा, के.डी. शर्मा, रमाकांत शर्मा, अवधेश बिहारी सक्सेना, विशु पांडे आदि उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबू जगजीवन राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभी नेताओं ने उनके बताए हुए मार्ग पर चलने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## खासतौर पर भारत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया प्रोडक्टः ट्रूकॉलर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** दुनिया में संचार को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने वाले सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने घोषणा की है कि दुनिया भर में उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुँच गई है। यह लोगों के बीच संचार को भरोसेमंद बनाने के कंपनी के सफर में एक बड़ी उपलब्धि है।

इस मौके पर ट्रूकॉलर के सीईओ, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, वैसे तो यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन यह उस दुनिया के बारे में भी बहुत कुछ बयां करता है, जिसमें आज हम सब रह रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, आज हर दिन ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्पैम, स्कैम और अनचाहे संचार से निपटने में मदद की जरूरत है। 500 मिलियन यूजर्स के आंकड़े से जाहिर है कि लोगों को इसकी कितनी ज्यादा जरूरत है। साथ ही इसे यह भी पता चलता है कि लोग अपने संचार को सुरक्षित बनाने के लिए लोग ट्रूकॉलर पर कितना भरोसा करते हैं। ट्रूकॉलर को लगातार और भी ज्यादा स्मार्ट टेक्नोलॉजी और नई खूबियों के साथ मजबूत बनाना ही हमारा संकल्प है।

# कनग हॉस्पिटल में हवन-पूजन का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** मेरठ में स्थित कान, नाक व गले के कनग हॉस्पिटल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर कनग हॉस्पिटल में हवन पूजा का आयोजन किया गया। हवन एवं पूजा के अवसर पर डॉक्टर अंकुर गुप्ता, डॉक्टर सीमा गुप्ता अपनी पूज्य माता जी के साथ उपस्थित रहे। पूजा अर्चना के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉक्टर अंकुर गुप्ता ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में हॉस्पिटल निष्ठापूर्ण जन सेवा कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों ने डॉक्टर अंकुर गुप्ता और सीमा गुप्ता को शुभकामनाएं दी।

# कुत्तों के हमले से महिला की मौत

■ रसूलपुर धौलडी, जानी, सिवाल खास सिसौला कला आदि क्षेत्र में कुत्तों का आतंक



शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी कई बार सख्त रवैया अपना चुका है लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को दरकिनार करने में अधिकारी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसा ही मामला रविवार को मेरठ के सिसौला बुजुर्ग में सामने आया जहां एक बुजुर्ग महिला को कुत्तों ने बुरी तरह से घायल कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सिसौला बुजुर्ग गांव निवासी सूरजमुखी पत्नी यशपाल अपनी पड़ोस की महिलाओं के साथ चारा लेने गई थी। तभी आवारा कुत्तों ने महिला पर हमला बोल दिया। खेत पर काम कर रही महिलाओं ने किसी तरह उसको बचाना चाहा लेकिन महिला बुरी तरह घायल हो गई थी। घटना की जानकारी पर परिजन व गांव वाले खेत में पहुंचे और उसको पास के अस्पताल में भर्ती करने के लिए ले ही जा रहे थे लेकिन रास्ते में ज्यादा घायल होने की वजह से रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार वालों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि अब से एक डेढ़ साल पहले भी गांव में ही एक लड़की को कुत्तों ने अपना शिक.ार बनाया था और इससे पहले भी कुत्तों के हमले से कई मौते हो चुकी हैं लेकिन प्रशासन मौन व्रत रखे बैठा है।

# जिस सम्मान के साथ हुई थी शादी तलाक के बाद उसी ढोल नगाड़ों के साथ वापस घर लौटी बेटी

## रिटायर जज डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा ने दुनिया को दिया नया संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** समाज में बेटियों की स्थिति और उनके अधिकारों को लेकर लगातार चर्चाएं होती रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर बदलाव अब भी धीरे-धीरे ही नजर आता है। ऐसे में मेरठ के शास्त्री नगर निवासी डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा ने अपनी सोच और साहसिक निर्णय से एक ऐसा उदाहरण पेश किया है, जो न केवल एक जिम्मेदार पिता की भूमिका को उजागर करता है, बल्कि समाज को भी अपनी सोच बदलने के लिए प्रेरित करता है।

डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा ने अपनी बेटी के वैवाहिक जीवन में आई कठिन परिस्थितियों के बाद जो कदम उठाया, वह आम सामाजिक धारणाओं से बिल्कुल अलग था। उन्होंने बिना किसी दबाव या समाज के डर के अपनी बेटी को उसके ससुराल से वापस घर लाकर यह स्पष्ट संदेश दिया कि बेटी किसी प्रकार की वस्तु



नहीं है, जिसे एक बार विदा कर दिया जाए तो उसका लौटना अस्वीकार्य माना जाए।

उन्होंने दृढ़ता से कहा कि मेरी बेटी है, कोई सामान नहीं। समाज को यह समझना होगा कि बेटी भी परिवार का उतना ही महत्वपूर्ण हिस्सा है जितना बेटा। उसे भी खुशी, सम्मान और सुरक्षित जीवन का पूरा अधिकार है।

डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा ने समाज में गहराई से जमी उस पुरानी सोच पर भी सवाल उठाए, जिसमें यह माना जाता है कि बेटी की डोली ससुराल जाती है तो उसकी अर्थी ही वापस आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सोच न केवल गलत है बल्कि अमानवीय भी है। इसमें कुछ बदलाव जरूर आया है, लेकिन असली बदलाव अभी बाकी है।

डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा का यह निर्णय केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण है। उनका यह भी कहना है कि महिलाओं के सशक्तिकरण की बातें केवल कागजों, योजनाओं और भाषणों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन में लागू करना जरूरी है।

डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि जब उनकी बेटी की शादी हुई थी, तब उसे पूरे सम्मान और खुशियों के साथ विदा किया गया था। हमेरी बेटी जब शादी में बाजे-गाजे के साथ विदा हुई थी, तब हमने उसके लिए एक खुशहाल जीवन की कामना की थी लेकिन जब हालात विपरीत हो गए, तो मैंने उसे उसी सम्मान के साथ वापस घर लाया। तलाक के बाद भी उसका सम्मान उतना ही महत्वपूर्ण है जितना पहले था।

## महर्षि कश्यप की जयंती पर किया नमन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा जी के मानस पुत्र, सप्तर्षियों में अग्रगण्य, तप, त्याग एवं सृजन के प्रतीक, महर्षि कश्यप जी की पावन जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया। बूथ अध्यक्ष मिंटू कश्यप मोहम्मदपुर के आवास पर दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने महर्षि कश्यप की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और समाज को संगठित होने के लिए कहा। इस दौरान मंडल महामंत्री रवि पुनिया, ओमकार सिंह कश्यप, सुखपाल कश्यप, राजबीर सिंह कश्यप, राजबीर सिंह कश्यप, प्रमोद कश्यप, यशवीर सिंह कश्यप, नीटू कश्यप, कुलदीप कश्यप, रामबीर कश्यप, संजीत कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## उत्पीड़न का आरोप, पलायन की दी चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता



**परीक्षितगढ़।** नगर के एक व्यक्ति द्वारा कुछ लोगों पर अपना मकान न बनने को लेकर पलायन करने का आरा.ेप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष ने मानहानि का केस करने व सरकारी जमीन पर मकान बनाने की बात कही है। नगर के शिव चौक निवासी सतीश त्यागी ने रविवार को अपने मकान के सामने स्लोगन लगाते हुए नगर के ही सुदेश उर्फ पप्पू गुर्जर को भूमाफिया कहते हुए वहीं कुछ आरटीआई कार्यकर्ताओं पर भी आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त लोग उसका मकान नहीं बनने दे रहे हैं जिस कारण वह अपना मकान छोड़कर नगर से पलायन कर रहा है और एक वीडियो भी वायरल की है। वहीं सुदेश उर्फ पप्पू गुर्जर ने बताया कि वह भू माफिया नहीं है इसलिए वह सतीश पर मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। वहीं पप्पू गुर्जर ने बताया कि उक्त मकान खसरा 544 मिल्कियत सरकार है जो चकबंदी नगर पंचायत व राजस्व विभाग में भी दर्ज है तथा इसकी शिकायत की गई थी तथा प्रशासन द्वारा ही इस मकान को रुकवाया गया है। मेरा इस मामले में कोई लेना-देना नहीं है।

# मुल्क की अजीम दीनी शख्सियत हजरत मौलाना अब्दुल्लाह मुगेसी को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** मुल्क की मशहूर दीनि, तालीमी और समाजी शख्सियत, ऑल इंडिया मिली काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के फाउंडर मेंबर और जामिया गुलजार-ए-हुसैनिया के मोहतमिम हजरत मौलाना मोहम्मद अब्दुल्लाह मुगीसी के इंतिकाल से पूरे इलाके समेत देशभर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके इंतिकाल को मिल्लत का एक बड़ा नुकसान बताया जा रहा है।

मरहूम की नमाज-ए-जनाजा रविवार को मेरठ जनपद के अजराड़ा कस्बे में अदा की गई, जहां लाखों की तादाद में अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ पड़ा। जनाजे में शामिल लोगों की आंखें नम थीं और हर शख्स उन्हें नम आंखों से आखिरी विदाई दे रहा था। अजराड़ा की गलियां लोगों से खचाखच भर गईं और हर तरफ गम का माहौल नजर आया।

नमाज-ए-जनाजा में सियासी, समाजी और दीनि जगत की कई अहम हस्तियों ने शिरकत की। इस



दौरान शाहिद मंजूर, असलम चौधरी, बाबू मुनकाद और नाहिद हसन, हाजी शाहिद अखलाक, इमरान याकूब समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इनके अलावा मजहिरुल उलूम, दारुल उलूम देवबंद, दारुल उलूम देवबंद से आए सभी ने मरहूम के इंतिकाल को अपूरणीय क्षति बताते हुए उनके खिदमात को याद किया। बताया गया कि मौलाना पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे, लेकिन दीन और समाज की खिदमत का उनका जज्बा आखिरी वक्त तक बरकरार रहा। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी इल्म-ए-दीन के प्रचार-प्रसार, मदरसों की तरक्की और समाज की बेहतरी के लिए समर्पित कर दी। ऑल इंडिया मिली काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने देश के अहम मसलों पर बेबाकी से अपनी राय रखी और हमेशा अमन, इंसाफ और भाईचारे का पैगाम दिया। वहीं मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड में उनकी भूमिका बेहद अहम मानी जाती थी, जहां उन्होंने शरीअत के मसलों पर मजबूत और प्रभावी नेतृत्व किया। जामिया गुलजार-ए-हुसैनिया के मोहतमिम के रूप में उन्होंने इस तालीमी इदारे को नई बुलंदियों तक पहुंचाया। उनकी सरपरस्ती में हजारों छात्रों ने तालीम हासिल की और आज वे देश-विदेश में दीन की खिदमत कर रहे हैं। इस मौके पर जामिया के इंतेजामिया और अहल-ए-खाना की मौजूदगी में आपसी मशविरा किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से मरहूम के छोटे बेटे अब्दुल मलिक मुगीसी को जामिया गुलजार-ए-हुसैनिया का नया मोहत.मिम चुना गया। इस फैसले का वहां मौजूद तमाम उलमा और जिम्मेदारान ने इस्तकबाल किया और उनसे उम्मीद जताई कि वे अपने वालिद के मिशन को आगे बढ़ाएंगे। मरहूम मौलाना की सादगी, अखलाक और खिदमत का जज्बा हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेगा। उनके इंतिकघल से पैदा हुआ खालीपन शायद ही कभी भर सके। अल्लाह तआला मरहूम की मगफिरत फरमाए और उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता करे। आमीन।

## परचून की दुकान की आड़ में गांजा बेचने वाली महिला गिरफ्तार




शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** जानी थाना पुलिस ने रविवार को परचून की दुकान में एक महिला को अवैध रूप से दुकान की आड़ में गांजा बेच रही थी। पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। हलका इंचार्ज शिवकुमार शर्मा ने बताया कि रविवार को मुखबिर की सूचना पर जानी खुर्द गांव में एक महिला को करीब 275 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया जहां महिला परचून की दुकान की आड़ में यह धंधा कर रही थी और युवाओं को नशा बेचकर नशे का आदी बना रही थी। पुलिस ने आरोप महिला को गिरफ्तार कर लिया। काफी दिनों से महिला की गांजा बेचने की सूचना आ रही थी लेकिन कोई भी सबूत न मिल पाने के कारण महिला हर बार बच जाती थी लेकिन पुलिस ने रविवार को महिला को मुखबिर की तंत्र से दबोच लिया। आरोपी महिला की पहचान नाजिया पत्नी साजिद जानी खुर्द के रूप में हुई। आरोपी महिला को न्यायालय में पेश कर दिया।

## वकीला बेगम बनीं सपा की महिला सभा की विधानसभा अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहसूमा।** सामाजिक एवं राजनीतिक गति.विधियों को देखते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन पर मेरठ की जिलाध्यक्ष मृदुला यादव ने कस्बा निवासी वकीला बेगम को महिला सभा सपा का हस्तिनापुर विधानसभा अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है जिसमें कार्यकर्ताओं में हर्ष है। वकीला बेगम ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे बेखूबी निभाने की कोशिश करेगी और पार्टी की नीतियों के बारे में जन-जन तक पहुंचायेगी। उनके विधानसभा अध्यक्ष बनने पर पूर्व विधायक प्रभुदयाल वाल्मीकि, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, सरधना विधायक अतुल प्रधान, विधायक रफीक अंसारी, राष्ट्रीय सचिव चौधरी उदयवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, जिलाध्यक्ष कर्मवीर गुमी, पूर्व जिला सचिव खलील सलमानी, विधानसभा अध्यक्ष सचिन गुर्जर, पूर्व नगराध्यक्ष साकिर फरीदी, रईस आजम मलिक आदि ने फोन पर बधाई दी है।

## दशमेश पब्लिक स्कूल को सीबीएसई से मिली कक्षा 12 तक की मान्यता

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहसूमा।** क्षेत्र के लिए यह गर्व और खुशी का विषय है कि दशमेश पब्लिक स्कूल रामराज को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 12वीं तक की मान्यता प्राप्त हो गई है। इस उपलब्धि से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा अपने ही क्षेत्र में प्राप्त होगी। विद्यालय के प्रबंधक जसवंत सिंह सहोता एवं निदेशक डॉ. सिम्मी सहोता ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे विद्यालय परिवार के निरंतर प्रयास और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने अभिभावकों का विश्वास बनाए रखने और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आमिर खान ने बताया कि विद्यालय में आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विद्यालय के चेयरमैन जसवंत सिंह सहोता ने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, जिससे बच्चे उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे विद्यालय का भ्रमण करें और अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए दशमेश पब्लिक स्कूल, को एक बेहतर विकल्प के रूप में चुने। उन्होंने सभी अभिभावकों का स्कूल का सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## एयरटेल ने किया 650 मिलियन ग्राहकों का आंकड़ा पार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** भारती एयरटेल, जो ग्राहक संख्या के आधार पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर और भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक है, ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है, कंपनी ने 650 मिलियन ग्राहकों का आँकड़ा पार कर लिया है। भारती एयरटेल के एग्जिक्यूटिव वाइस चेयरमैन गोपाल विटल ने इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 650 मिलियन ग्राहकों का आंकड़ा पार कर वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर बनना हमारे लिए गर्व के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। यह हमें हर दिन अपने ग्राहकों को और बेहतर सेवा देने के लिए प्रेरित करता है।

### न्यूरो-फिजियोथेरेपी में नवाचार की नई उड़ान

# सुभारती विवि में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के ज्योतिराव फुले सुभारती कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी के न्यूरोलॉजिकल फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा इनोवेटिव होराइजन्स इन न्यूरो-फिजियोथेरेपी 2026 शीर्षक से एक दिवसीय बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन ने न्यूरो-रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग की नई दिशा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण कुमार भारती, उप महानिरीक्षक पुलिस (Deputy Inspector General of Police) RAF Academy for Public Order, रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार, अनुसंधान आधारित दृष्टिकोण एवं बहुविषयक समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में नई तकनीकों को अपनाना समय की मांग है। सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, चिकित्सकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। इस दौरान न्यूरो-रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में उभरते शोध, अत्याधुनिक तकनीकों एवं नवीन उपचार पद्धतियों पर गहन वैज्ञानिक चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया, जिससे प्रतिभागियों को वैश्विक स्तर की जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पेपर प्रस्तुति, पोस्टर प्रस्तुति एवं हैकाथॉन



जैसी वैज्ञानिक प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अनुसंधान क्षमता एवं नवाचार कौशल को मंच प्रदान किया। प्रतिभागियों ने अपने अभिनव विचारों एवं शोध कार्यों से सम्मेलन को अत्यंत समृद्ध बनाया। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन न केवल शैक्षणिक ज्ञान के आदान-प्रदान का सशक्त मंच बना, बल्कि प्रतिभागियों के नैदानिक कौशल एवं व्यावसायिक दक्षता को भी नई दिशा देने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा की मुझे विश्वास है कि इस सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को नवीनतम शोध, उन्नत उपचार पद्धतियों एवं व्यावहारिक अनुभवों से समृद्ध होने का अवसर प्राप्त हुआ होगा, जो उनके व्यावसायिक कौशल को और अधिक सुदृढ़ करेगा। सम्मेलन का सफल संचालन प्रो. (डॉ.) अमित कुमार गोयल, कार्यवाहक प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में प्रो. (डॉ.) शिखा सिंह (आयोजक), डॉ. गौरव प्रताप त्यागी (सचिव) एवं डॉ. कायनात हसन (संयुक्त सचिव) की विशेष भूमिका रही, जिनके प्रयासों से यह आयोजन उच्च स्तर पर संपन्न हुआ।

## गुरु रविदास जयंती पर गूंजा समानता का संदेश, आरक्षण बचाने की उठी आवाज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** रविदास समाज पार्टी के तत्वावधान में रविवार को गुरु रविदास महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन तेजगढ़ी स्थित बाबू जगजीवन राम प्रतिमा स्थल पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता मंडल डीआईजी सिंह प्रधान आयुक्त (सेवानिवृत्त) ने की। वक्ताओं ने बाबू जगजीवन राम के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए उन्हें महान नेता बताया। उन्होंने कहा कि बाबू जी ने देशहित में अहम भूमिका निभाई और 1972 के भारत-पाक युद्ध में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान ई.आर.पी. सिंह अंबेडकर ने कहा कि गुरु रविदास महाराज के कद का सम्मान अभी तक बहुजन समाज की किसी भी पार्टी में देखने को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास महाराज ने समाज में समानता और अधिकारों के लिए संघर्ष किया था तथा आरक्षण के



लिए भी लंबी लड़ाई लड़ी। आज आरक्षण खतरे में है, जिसे बचाने के लिए समाज को एकजुट होना होगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मांग उठाई कि बाबू जगजीवन राम को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। इस मौके पर एडवोकेट सुभाष चंद जय जान, तेजेंद्र गुप्ता, रविकांत जोशिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सपाइयों ने मनाई महर्षि कश्यप व राजा निषादराज की जयंती

## सपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया नमन, बड़ी संख्या लोगों ने की सपा की सदस्यता ग्रहण






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भगवान महर्षि कश्यप और राजा निषाद राज की जयंती मनाई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर शत-शत नमन किया।

इस मौके पर अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की तथा संचालन जिलाध्यक्ष यूवजन सभा काला विधूडी ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव व पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान ने कहा कि महर्षि कश्यप सृष्टि के आदि. पिता अर्थात प्रजापति माने जाते हैं। भगवान महर्षि कश्यप का उल्लेख ऋग्वेद और पौराणिक ग्रंथों में है। राजा निषादराज भगवान श्रीराम के बाल सखा थे और उन्होंने भगवान श्रीराम को गंगा पार कराई थी। भगवान महर्षि कश्यप और राजा निषाद राज की जयंती समर्पण, सामाजिक समस्या और अटूट मित्रता के प्रतीक है। कार्यक्रम के बाद सुनील राणा, हिमांशु, निखिल सोम, बबलू राणा, ऋतिक आदि लोगों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अखिलेश यादव के नेतृत्व और समाजवादी सिद्धांतों में विश्वास जताते हुए सपा पार्टी में शामिल हुए और उनको सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने सपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गुर्जर, राहुल यादव, संजय डीलर, कर्मबीर गुर्जर, अर्जुन, शौकेन्द्र, रवि बैसला, एड. राशिद तस्लीम, इस्लाम मलिक, राजू प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने किया 23 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से 23 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें 13 दरोगा और 10 सिपाही शामिल हैं। सभी स्थानांतरित पुलिसकर्मियों को तत्काल अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्थानांतरित दरोगाओं में संजय कुमार को विशेष जांच प्रकोष्ठ से रमाला थाने भेजा गया है। दरोगा महेंद्र सिंह को थाना छपरौली से थाना बागपत स्थानांतरित किया गया है, जबकि दरोगा जगबीर सिंह को मलकपुर चौकी से छपरौली थाने भेजा गया है। बड़ागांव चौकी प्रभारी रहे दीपक कुमार को खेकड़ा थाने में नई जिम्मेदारी दी गई है। कई दरोगाओं को नई चौकियों का प्रभारी बनाया गया है। इनमें दरोगा सनव्वर अली को थाना छपरौली से रमाला क्षेत्र की किरठल चौकी प्रभारी, दरोगा अनिल कुमार यादव को बागपत थाने से मवीकला चौकी प्रभारी, दरोगा आनंद शर्मा को बड़ौत मंडी चौकी प्रभारी, दरोगा आशीष कुमार को मलकपुर चौकी प्रभारी, दरोगा अंकित कुंतल को कचहरी चौकी प्रभारी और दरोगा राहुल यादव को बड़ागांव चौकी प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन से दरोगा विकास चौहान को बड़ौत में दिल्ली बस अढा चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है। महिला दरोगा शीलेश को महिला थाने से शिकायत प्रकोष्ठ भेजा गया है। हेड कांस्टेबल मैनपाल को अभियोजन कार्यालय में तैनात किया गया है। हेड कांस्टेबल जॉनी को पुलिस लाइन से छपरौली थाने और हेड कांस्टेबल राजन को थाना बागपत से बड़ौत भेजा गया है। महिला हेड कांस्टेबल जूली को थाना सिंघावली अहीर से थाना बिनौली स्थानांतरित किया गया है। सिपाहियों में महिला सिपाही मनीषा शर्मा को बड़ौत थाने से पेशी कार्यालय भेजा गया है। सिपाही यतेंद्र को पुलिस लाइन से बागपत थाना, सिपाही वितेदर कुमार को सिंघावली अहीर से दोघट और सिपाही बबलू सिंह को पुलिस लाइन से बड़ौत स्थानांतरित किया गया है।

## लाक्षागृह पर यजुर्वेद पारायण यज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** बरनावा के लाक्षागृह स्थित महानंद संस्कृत विद्यालय परिसर में चल रहे दो दिवसीय यजुर्वेद पारायण यज्ञ रविवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर राष्ट्र कल्याण की कामना की।



इस अवसर पर यज्ञ के ब्रह्मा प्रधानचाचार्य अरविंद शास्त्री ने वेदोपदेश देते हुए कहा कि समर्पण के साथ जहां स्नेह होता है वहां सुख शांति होती है। भगवान की समर्पित भाव से साधना करने पर जीवन में सुख शांति मिलती है। इस मृत मंडल में आकर शुभ कर्म करने चाहिए। वेद मार्ग आत्मिक उन्नति का साधन है। हमारे विषयों विकारों से सत्य का मुख छिप जाता है। आत्मा ही मनुष्य की चेतना है। यज्ञ व श्रेष्ठ कर्म आत्मा का भोजन है। उन्होंने कहा कि यज्ञ करने से आत्मा की उन्नति के साथ पर्यावरण शुद्ध भी होती है। आचार्य जयकृष्ण व रो. हित शास्त्री ने वेदपाठ किया।

## कश्यप जयंती के अवसर पर बालेंद्र तोमर का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के किशनपुर बिराल गांव में रणवीर राणा कि अध्यक्षता तथा मास्टर रामफल के संचालन में महर्षि कश्यप जयंती का आयोजन किया गया। बालेंद्र तोमर ने कश्यप ऋषि के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। नरेश प्रजापति ने समाज को संगठित करने पर बल दिया। सुमित कश्यप ने शिक्षा और संस्कार पर बल दिया मख्य अतिथि बालेंद्र का सभी ने मालार्पण कर स्वागत किया। अजय कुमार एडीओ ने बताया ऋषि कश्यप सृष्टि के सृजनकर्ता हैं।



उनकी प्रेरणा पर चल कर भाई चारा कायम कर संगठित होकर समाज को आगे बढ़ाने का आहवान किया। सनस कश्यप ने भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। अतिथियो का सेवा सत्कार किया। इस अवसर पर प्रेम सिंह अजीत चंद्रभान सुरेन्द्र सिंह मदन सिंह रामकिशन ऋषि पाल नीरज राजीव कुलदीप बंटी शिवम वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

## हनुमान जी को चोला चढ़ाया

**नजीबाबाद।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर नीलकंठ महादेव मंदिर रमेश नगर में पंडित सुनील शर्मा द्वारा मंत्र उच्चारण सहित विधिवत पूजन अर्चना की गई। धार्मिक कार्यक्रम में हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया तथा 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आरती के कार्यक्रम का समापन कर भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धापूर्वक भजन कीर्तन किया। इस अवसर पर सुमन वर्मा, मोना, मीनाक्षी अग्रवाल, पुष्पा वर्मा, सीमा, ऋचा रचना, उर्मिला, सीमा, सुशील, मधु शर्मा, ज्योति शर्मा, संगीता, निरंजन, रमेश वर्मा, विनीत, रिंकू, सचिन अग्रवाल, प्रदीप, सक्षम, दिव्यम, आरव, अशोक, सुमित, अतर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## महर्षि कश्यप जयंती मनाई



**नजीबाबाद।** नांगल में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान समाज के लोगों ने महर्षि कश्यप को नमन किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार सहित कश्यप समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें राहुल कश्यप, राधेश्याम कश्यप, धूम सिंह कश्यप, ऋषि राम कश्यप, मिंटू कश्यप, शिवकुमार कश्यप, गौरव कश्यप, विक्की कश्यप, नीरज कश्यप, मोहित कश्यप, आशु कश्यप, अंकित कश्यप और साजन कश्यप प्रमुख थे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि महर्षि कश्यप को हिंदू धर्म में सृष्टिकर्ता प्रजापति, एक महान तपस्वी और सप्तऋषियों में से एक माना जाता है। उन्होंने कश्यप संहिता नामक एक महत्वपूर्ण ग्रंथ की रचना की। यह ग्रंथ आयुर्वेद में बाल रोग चिकित्सा और स्त्री रोग विशेषज्ञता पर एक आधारभूत ग्रंथ माना जाता है। इसमें इन क्षेत्रों से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान समाहित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार वर्तमान कश्मीर पहले एक विशाल झील थी। महर्षि कश्यप ने अपनी तपस्या के बल पर इस झील का जल निकालकर इसे रहने योग्य बनाया। कश्मीर नाम का मूल भी कश्यप ऋषि से ही जुड़ा है।

## गलियों में जमीन पर पड़े बिजली के तारों से लोगों में बड़ा हादसा होने का डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की पट्टी चौधरान पुराना जैन स्थानक पक्षी अस्पताल के निकट बिजली के खंभे के तार जमीन के निकट लटके हुए हैं जिसको लेकर मोहल्ले के लोगों में आक्रोश पनप रहा है। कई बार विद्युत विभाग को इसकी जानकारी भी दी गई, मगर विद्युत विभाग ने अभी तक इसकी कोई भी सुध नहीं ली।



मोहल्ले के लोगों ने इसका वीडियो वायरल भी किया है। विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण यहां कभी भी बड़ा अच्छा हो सकता है। रविवार को जमशेद जग रोशन अपनी ई-रिक्शा लेकर यहां से जा रहे थे तभी बिजली के तार रिक्शा में उलझ गए। दोनों रिक्शा चालक बाल बाल बच गए। मोहल्ले के सुधीर कुमार धर्मवीर सिंह रामधन विनोद कुमार रमेश आदि लोगों का कहना है कि आए दिन यहां कोई ना कोई इन तारों के साथ टकरा जाता है। कई बार तो यहां कई लोगों को करंट भी लगा, मगर विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा मोहल्ले के लोगों को बहुत ना पड़ रहा है, यह खंबा तिरछे हो गया है। लोगों ने विद्युत विभाग से इस खंबे के तारों को हटवाने नए तार लगवाने खंबे की मरम्मत करवाने नया खंबा लगवाने तारों की लाइन की खिंचाई करवाने की मांग की है।

## खेकड़ा में नई वेब सीरीज की शूटिंग शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कस्बे में नई वेब सीरीज (रेंट वाला घर) की शूटिंग शुरू हो गई है। खेकड़ा के ही मूल निवासी और फिल्म निर्देशक गौतम नैन इस सीरीज का निर्देशन कर रहे हैं। यह पूरी वेब सीरीज खेकड़ा कस्बे में ही फिल्माई जा रही है। गौतम नैन पिछले आठ वर्षों से मुंबई में फिल्म और वेब सीरीज निर्माण से जुड़े हैं।

उनकी कई कृतियां अमेजन प्राइम जैसे बड़े प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो चुकी हैं। इस वेब सीरीज में अभिनेता गौरव नैन भी अहम भूमिका में हैं। ये वेब सीरीज ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी, अभिनेता गौरव नैन भी खेकड़ा के बसी गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने (लाइगर) जैसी फिल्मों और कई टीवी शोज में काम किया है। अभिनेता गौरव नैन ने बताया कि अपने पैतृक क्षेत्र में काम करने का यह उनका पहला अनुभव है। वरिष्ठ अभिनेता मुस्ताक खान भी इस वेब सीरीज में नजर आएंगे। उन्होंने (गदर) और (वेलकम) जैसी कई चर्चित फिल्मों में अभिनय किया है। निर्देशक गौतम नैन ने बताया कि उन्होंने खेकड़ा को शूटिंग के लिए इसलिए चुना क्योंकि इस कस्बे से उनकी बचपन की यादें जुड़ी हैं। कहानी के लिए उन्हें एक छोटे कस्बे की लोकेशन की आवश्यकता थी, जो खेकड़ा में उपयुक्त मिली। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में शूटिंग करने से व्यक्तिगत जुड़ाव के साथ-साथ कस्बे को भी पहचान मिलती है। वेब सीरीज की शूटिंग का उद्घाटन बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किया। यह शूटिंग कुल 13 दिनों तक चलेगी, जिसके लिए पूरी टीम खेकड़ा में मौजूद रहेगी। स्थानीय लोगों में इस शूटिंग को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

## लकड़ी के फट्टे के साथ गिरफ्तार

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वादनी प्रेमवती पत्नी गोविंद निवासी गौतमनगर जलालाबाद द्वारा थाने पर तहरीर दी गई थी कि अभियुक्तगण अरविंद, धर्मेन्द्र पुत्रगण मुन्नू निवासी ग्राम दयालवाला थाना मंडावर, सतीश पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम भरैकी, थाना किरतपुर ने उसके पुत्र के साथ गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसक पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर वांछित अभियुक्त अरविंद पुत्र मुन्नू निवासी ग्राम दयालवाला थाना मंडावर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक लकड़ी का फट्टा बरामद किया।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में की गई 48 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में लायंस क्लब बड़ौत चेतना के द्वारा राष्ट्रीय लोकदल के नगर कार्यालय जिन्दल निवास पर आँखों का मासिक नि:शुल्क ऑपरेशन केम्प लगाया गया, जिसमे 48 मरीजोंकी जाँच की जाँच की गई तथा 20 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया।



क्लब के सचिव एंव रालोद व्यापारी नेता डा.योगेश जिन्दल ने अवगत कराया कि यह केम्प हर महीने की 5 तारीख को लगाया जाता है जिसमे आँखों की मुफ्त जाँच और ऑपरेशन किये जाते है। आपरेशन मेडिसिटी हॉस्पिटल कोताना रोड बड़ौत मे प्रसिद्ध नेत्र सृजन डा.शस्या तोमर के द्वारा नि:शुल्क किये जाते है। उन्होंने बताया कि अंधता निवारण लायंस क्लब का सबसे बड़ा कार्यक्रम है जिसको दूर करने कि हर मेंबर को शपथ दिलाई जाती है, आगे भी हर महीने कि 5 तारीख को ये केम्प लगते रहेंगे। डा.जिन्दल ने बताया कि लायंस क्लब ये केम्प 4 वर्षो से लगातार लगा रहा है और अब तक करीब 1850 से ज्यादा व्यक्तियों को आँखों के ऑपरेशन कराये जा चुके है, आँखों कि जाँच मेडिसिटी हॉस्पिटल कि टीम अंकुर गुप्ता, खुशी, आरजू, शालू, बुशरा की टीम के द्वारा किया गया। केम्प मे लायन अंकुर जैन, लायन ललित जैन, डा. इरफ़ान मलिक लायन मनोज गोयल (चाँद), लायन अंकुर जिन्दल, लायन सरिता जिन्दल, लायन पूजा, जिन्दल लायन रोबिन गोयल, कृष्णा गोयल हर्ष आदि का विशेष सहयोग रहा।

## कांग्रेसियों ने मनाई महर्षि कश्यप व उप प्रधानमंत्री की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** रविवार को शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस पदा. धिकारी व कार्यकर्ताओं ने श्रृष्टि के रचयिता महर्षि कश्यप व महान स्वतंत्रता सेनानी आधुनिक भारत के शिल्पकार शिखर पुरुष दलितो पीड़ित के मसीहा पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती मनाई गई और उनको शत नमन कर मिष्ठान्न वितरण किया।



विचार गोष्ठी का आयोजन कर देश हित मे किये गये स्वर्णिम कार्यो को याद कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा कि देश के कोने-कोने मे गरीबों दलितो के हर्दय की आवाज़ बनकर उभरे सामाजिक न्याय समानत नारी सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। आज युवाओं को उनके मार्ग पर चलना की जरूरत है। कहा कि काग्रेस की नीतियों विचारधारा को गांव-गांव जाकर प्रचार प्रसार रात दिन किया जायेगा। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो किसानों मजदूरों हर वर्ग का भला करने मे सक्षम है। देवेन्द्र सिंह ने उनके महान जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला महत्वपूर्ण विचार रखें। इस अवसर पर रामरंग पंवार बिजेन्द्र शर्मा मदन सिंह दुहण औमबीर दुहण डा.सुभाष शर्मा रविन्द्र तोमर अनुज कुमार राकेश शर्मा मोहित जाटव पप्पू कश्यप मीडिया प्रभारी औकार दत्त शर्मा फारुख आदी मौजूद रहे।

## पुस्तक वितरण कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित कर नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। बीआरसी/पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद से प्रारंभ रैली को ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल व बीईओ राजमोहन ने संयुक्त से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजमोहन के नेतृत्व में निकाली गई रैली बीआरसी/पूर्व माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर महल सराय, पाईबाग, भवन, नवाबपुरा होते हुए बीआरसी पर जाकर समाप्त हुई, जहां पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल व खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन ने परिषदीय बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। कार्यक्रम में पूर्व बीआरसी समन्वयक मोबीन हसन, एआरपी डॉ. राहुल वर्मा, रितेश भाटिया, शहनाज, प्रतिज्ञा, सुनिल, रामी, शिवम कुमार, अरूण, रंजीत यादव, नाजिम, शहनाज, हुमा परवीन, कुमुद, आसमा, सारिका, शरद आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर एआरपी राहुल वर्मा द्वारा स्कूल चलो अभियान पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। एआरएपी रितेश मारिया द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

## कमर्शियल सिलेंडरों पर आफत, जमकर हो रही कालाबाजारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** व्यवसायिक सिलेंडर की आपूर्ति ठप होने से होटल और रेस्तरां संचालक परेशान हैं। उन्हें डर सता रहा है कि अगर आपूर्ति लंबे समय तक ठप रही तो वे व्यापार कैसे करेंगे। ऐसे में वे वैकल्पिक इंतजाम कर रहे हैं। सिलेंडर की कमी के चलते मेनू कार्ड से ढोकला, खांडवी, चाइनीज समेत कई फूड्स गायब हो गए हैं। रविवार को भी व्यवसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति नहीं शुरू हो पाई। यह संकट कब तक चलेगा, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। सिलेंडर खत्म होने से किसी ने तंदूर की संख्या बढ़ा दी है तो कोई इंडक्शन चूल्हा, डीजल बर्नर, माइक्रोवेव आदि से काम चला रहा है। इसी तरह होटल-रेस्टोरेंट संचालकों ने अपने मेनू से मोमो, चाइनीजफूड समेत 70 प्रतिशत आइटम हटा दिए हैं। उनका कहना है कि इन्हें बनाने के लिए तेज आंच की जरूरत होती है। इंडक्शन या माइक्रोवेव में ये नहीं बन सकते हैं, जबकि डीजल बर्नर में इन्हें बनाने पर लागत बढ़ जाएगी। गैस की किल्लत के दौर में सरकारी मशीनरी के दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। जहां व्यवसायिक सिलेंडर का प्रयोग होना चाहिए, वहां जमकर घरेलू सिलेंडर इस्तेमाल किए जा रहे हैं। वहीं जमकर कालाबाजारी भी की जा रही है। हैरत की बात है कि आपूर्ति विभाग की टीमें जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। टीम को अभी तक कहीं भी न कालाबाजारी होते हुए मिली हैं और न ही घरेलू सिलेंडर लगत प्रयोग। एक कारोबारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया 2200 रूपए का व्यवसायिक सिलेंडर तीन हजार रुपए में खरीदा है।

## घरों के भी सिलेंडर हुए ख़त्म कोयले के दामों में भी हुई बढ़ोतरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** ऑनलाइन गैस बुकिंग की दिक्कत अभी दूर नहीं हुई है। रविवार को भी गैस एजेंसी पर बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की भीड़ देखी गई।

उपभोक्ताओं का कहना था कि मोबाइल से गैस बुक नहीं हो रही है, नंबर नहीं लग रहा है। कभी नंबर व्यस्त होता है तो कभी बंद बताता है। परेशान होकर लोग एजेंसी पर पहुंच रहे हैं। एजेंसी पर 25 दिन के बाद नंबर लगाने की बात कही जा रही थी। जबकि लोगों का कहना था कि तय समय पर कोल करने पर भी नहीं लग रहा है। इधर, जिलेभर की गैस एजेंसियों पर सिलेंडर के लिए आ रहे उपभोक्ताओं का कहना था कि एक बार में नंबर नहीं लग रहा है। देर शाम को नंबर लगाया तो गैस बुक हो गई। रसोई गैस संकट ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा रखी



है। ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम ठप होने से लोग सुबह से गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में खड़े होकर सिलेंडर के लिए गुहार लगा रहे हैं। कई घंटों इंतजार के बाद भी ओटीपी और मैसेज के बिना सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। परेशान उपभोक्ता दीपक चौधरी, सुधीर कुमार, नरेंद्र सिंह रमेश वाल्मीकि, राजेश प्रजापत, विक्रम बडोली, सुनील पवार, विनोद कश्यप, सत्येंद्र कश्यप, गैस बुकिंग करने गए उपभोक्ताओं ने बताया कि अधिक. ारी सिर्फ आश्वासन न दें बल्कि जल्द से जल्द गैस सिलेंडर की सुचारु आपूर्ति कराएं। लाइन में लगे तीन घंटे बीत जाने के बाद भी कुछ उपभोक्ताओं कहना है कि फरवरी में सिलेंडर लिया था और बुकिंग पर अप्रैल में बुकिंग दिखा रहा है। उनका मार्च का सिलेंडर कहां गया? ऐसे तमाम आरोपों को लेकर उपभोक्ताओं और एजेंसी कर्मियों के बीच झड़प हो रही है। एजेंसी कर्मी दरवाजे बंद करके अंदर बैठे हुए हैं और बाहर लंबी लाइनें लगी हुई है। पहले मोबाइल से गैस बुक करते ही तुरंत मैसेज और वाउचर मिल जाता था। पिछले कुछ दिनों से कई बार बुकिंग करने की कोशिश की, लेकिन सिस्टम ही काम नहीं कर रहा है। एजेंसी पर ऑनलाइन बुकिंग की सलाह देकर लौटा दिया जाता है।

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब, (ऑर्डर 5 क़ायदा 1 व 5), न्यायालय तहसीलदार बडौत, (बागपत)। वाद सं.- 2934, सन् 24, संजीव कुमार बनाम गोपी आदि, अं.धारा-34 उ.प्र.रा.सं. -2006 मौजा- मवीकलां।, प्रतिवादी/विपक्षी सं.-1 व 2, 1.गोपी पुत्र बलजीत, 2.कलीराम पुत्र बलजीत, निवासीगण ग्राम मवीकला, परगना बरनावा, तहसील बडौत, जनपद बागपत।, हरगाह प्रार्थी/वादी ने आपके नाम एक वाद वाद सं.-2934 सन 24 मौजा मवीकलां योजित किया हैं। लिहाजा आपको हुक्म होता हैं कि आप बतारीख 16.04.2026 वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से कराकर वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतलिल्हका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर हो। दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही दे इस्तदमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमुअ और फैसला होगा।
तहसीलदार बडौत (बागपत)।

## मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

**नजीबाबाद।** पीस मॉडल स्कूल साहनपुर का वार्षिक परीक्षाफल एम. अकरम खान एड. ने घोषित किया।

# जेएमएस का शंखनाद-2(26) बना यादगार, छात्रों ने बिखेरे संस्कृति के रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्थानीय जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव हशंखनाद-2(26) का भव्य और उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा परिसर कला, संस्कृति और उत्साह से सराबोर हो उठा। रंगारंग प्रस्तुतियों ने न सिर्फ दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की झलक भी प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंघल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन डा. हिमांशु सिंघल, सचिव डा. रोहन सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल व शगुन सिंघल, महानिदेशक प्रो. डा. सुभाष गौतम, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या डा. निधि मलिक सहित संस्थान के प्राचार्य, संकायाध्यक्ष और विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल ने कहा कि शंखनाद-2(26) का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, परंपरा और विरासत से जोड़ते हुए उन्हें रचनात्मक मंच प्रदान करना है। उत्सव का मुख्य आकर्षण विभिन्न क्लबों द्वारा प्रस्तुत थीम आधारित कार्यक्रम रहे। इसके अलावा संगीत, नृत्य, नाटक, स्किट, कॉमेडी और फैशन शो जैसी प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम के अंत में निर्णायक मंडल के निष्पक्ष निर्णय के आधार पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। छह प्रमुख क्लबों में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्रोफेशनल और मैनेजमेंट क्लब को मिला, जबकि टेक्निकल क्लब द्वितीय और साइंस क्लब तृतीय स्थान पर रहा। मेधावी छात्रों को अवार्ड, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंघल ने सफल आयोजन पर पूरे जेएमएस परिवार और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान एक परिवार की तरह है, जहां सभी के सहयोग से ऐसे भव्य कार्यक्रम संभव हो पाते हैं। अंत में महानिदेशक प्रो. डा. सुभाष गौतम ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रीति शर्मा ने किया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में कल्चरल समिति का विशेष योगदान रहा।



# गौकशी की साजिश फेल, पुलिस मुठभेड़ में तीन गोकश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कपूरपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गौकशी की फिराक में घूम रहे तीन आरोपितों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान आरोपितों के कब्जे से एक जिंदा प्रतिबंधित पशु, अवैध असलहा सहित कारतूस, दो अवैध चाकू और गौकशी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना कपूरपुर टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग जंगल ग्राम बझैड़ा के पास गौकशी की तैयारी में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपितों ने भागने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख उन्होंने पुलिस पर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर मुठभेड़ के दौरान तीनों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जफर पुत्र कमरूद्दीन निवासी ग्राम नारायणपुर बास्का की मढैया, परवेज पुत्र तैय्यब निवासी उसी गांव तथा यासीन पुत्र बाबूखान निवासी ग्राम करनपुर जट्ट थाना धौलाना के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर इनके कब्जे से एक जिंदा प्रतिबंधित पशु, एक तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा व एक खोखा कारतूस, दो अवैध चाकू तथा गौकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपितों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि इनके नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।



# संविधान बचाओ सम्मेलन में जातिसूचक शब्द के प्रयोग पर सांसद की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के मंगल भवन में रविवार को आयोजित कांग्रेस के संविधान बचाओ सम्मेलन के दौरान उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बाराबंकी के सांसद और एससी/एसटी प्रकोष्ठ के चेयरमैन तनुज पुनिया के एक बयान पर सवाल खड़े हो गए। सम्मेलन में जहां एक ओर भाजपा सरकार पर निशाना साधा गया, वहीं दलितों पर हो रहे अत्याचारों और उनके अधिकारों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दलित समाज के लोग मौजूद रहे। मंच से संबोधित करते हुए तनुज पुनिया ने बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की विचारधारा, उनके संघर्ष और योगदान को विस्तार से रखा। इसी दौरान उनके द्वारा एक जातिसूचक शब्द के प्रयोग को लेकर सभा में मौजूद कुछ लोगों के बीच असहजता देखने को मिली। सम्मेलन समाप्त होने के बाद जब मीडिया द्वारा इस विषय पर तनुज पुनिया से सवाल किया गया, तो उन्होंने अपने बयान का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने किसी को अपमानित करने या गाली देने के उद्देश्य से शब्द का प्रयोग नहीं किया, बल्कि केवल जाति का उल्लेख किया है। उनका कहना था कि जाति का नाम लेना गलत नहीं है, क्योंकि यह आधिकारिक दस्तावेजों में भी दर्ज होता है। जब उनसे पूछा गया कि आम व्यक्ति द्वारा ऐसे शब्दों के प्रयोग पर अक्सर एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हो जाते हैं, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून तब लागू होता है जब किसी व्यक्ति को लक्षित कर अपमानजनक तरीके से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया जाए। उनके अनुसार, यदि किसी को संबोधित कर गाली या अपमान किया जाता है, तभी यह अपराध की श्रेणी में आता है और ऐसे मामलों में कार्रवाई भी होनी चाहिए। हालांकि, इस बयान को लेकर सम्मेलन में शामिल कुछ लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। राजनीतिक कार्यक्रम के बीच उठे इस विवाद ने सम्मेलन की चर्चाओं को एक अलग दिशा दे दी। सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की बात दोहराई। कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, लेकिन बयान को लेकर उठे सवालों ने राजनीतिक हलकों में नई बहस को जन्म दे दिया है।




# पिलखुवा में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, प्रशिक्षण महाभियान में जुटे कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना विधानसभा क्षेत्र के पिलखुवा नगर मंडल में भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिलखुवा स्थित विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ धौलाना विधायक धर्मेश सिंह तोमर एवं प्रशिक्षण अभियान के प्रभारी फ्रुल्ल सारस्वत ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरीश अग्रवाल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में पिलखुवा नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विभु बंसल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा आज भी देश और समाज के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वे घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करें। विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की और सभी कार्यकर्ताओं के समर्पण एवं मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कविता माधरे, जिला कोषाध्यक्ष अंशुल मित्तल बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा नगर पालिका के सभासद वरुण शर्मा, चेतन राणा, नरेश भारती, डा. राजेश कुमार और लोकेश प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षण महाभियान के तहत आयोजित रात्रि प्रवास में भी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और ऊर्जा का माहौल रहा, जहां कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आगामी अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



# भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष बनने पर जीते चौहान का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने जीते चौहान को भारतीय किसान यूनियन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष बनने पर सैकडों लोगों ने जीते चौहान के आवास पर पहुंचकर फूलमाला से जोरदार स्वागत किया है। इस मौके पर भाकियू के नवनियुक्त जिलाअध्यक्ष जीते चौहान ने कहा कि वह किसानों की लड़ाई लड़ते रहे हैं और हमेशा पूरी ईमानदारी से लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन को मजबूत करना उनका मकसद है। उन्होंने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष व किसान यूनियन टिकैत की सराहना करते हुए कहा कि वह हमेशा सच्चाई के साथ किसान यूनियन को मजबूत करेंगे। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन टिकेत के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया।



# नकदी और आभूषण संग चार महिला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की फिराक में घूम रही घुमंतू जाति की चार महिला अभियुक्ताओं को गिरफ्तार किया है। आरोपिताओं के कब्जे से नकदी, आभूषण और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

थाना प्रभारी के अनुसार टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ग्राम कंदोली पुलिया के पास चार महिलाएं संदिग्ध अवस्था में घूमती दिखाई दीं। पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की और तलाशी ली तो उनके पास से 25 हजार रुपये नकद, पीली व स्फेद धातु के आभूषण तथा दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि चारों महिलाएं घुमंतू तरीके से अलग-अलग स्थानों पर अस्थायी ठिकाने बनाकर रहती थीं। कुछ दिन एक स्थान पर रुककर आसपास के बंद मकानों की रेकी करती थीं और फिर अपने पतियों के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देती थीं। वारदात के बाद वे तुरंत ठिकाना बदलकर दूसरे इलाके में चली जाती थीं, जिससे पुलिस की पकड़ से बच सकें। गिरफ्तार अभियुक्ताओं की पहचान रिहाना पत्नी अजीत, सरिता पत्नी इंतजार, पुष्पेन्द्री पत्नी अंकित निवासीगण ग्राम हैदरनगर नंगोला थाना कोतवाली नगर हापुड़ तथा राखी पत्नी सनी निवासी ग्राम उजारी थाना गजरौला जनपद अमरोहा के रूप में हुई है। बरामद आभूषणों में सात जोड़ी पाजेब, 14 जोड़ी बिछुए, तीन सिक्के, एक अंगूठी, एक लॉकेट और मोती जड़ी एक लड़ी शामिल है। पुलिस को आशंका है कि ये सामान विभिन्न स्थानों पर की गई चोरी की घटनाओं से संबंधित हो सकता है। पुलिस ने चारों आरोपिताओं के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। साथ ही इनके अन्य साथियों और गिरोह के नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

## एक नजर

### दहेज हत्या केस में बड़ी गिरफ्तारी, पुलिस ने सास को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रही आरोपित सास को पिलखुवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार बीएनएस एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत दर्ज मामले में नामजद आरोपित धनवती पत्नी बलीराम, निवासी मोहल्ला अर्जुननगर डबरिया थाना पिलखुवा, काफी समय से फरार चल रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उसकी लगातार तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में थाना पिलखुवा पुलिस को सूचना मिली कि वांछित आरोपिता जटपुरा कट के पास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपिता ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते वह सफल नहीं हो सकी। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपिता को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है, ताकि घटना से संबंधित सभी तथ्यों को सामने लाया जा सके।

### पिलखुवा पुलिस का एक्शन, हाईवे से हथियारबंद बदमाश दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना पिलखुवा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति हाईवे से ग्राम हिण्डालपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान इरशाद पुत्र फकरुद्दीन निवासी मोहल्ला आदर्श कॉलोनी थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले भी आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ थाना पिलखुवा में वर्ष 2017 में चोरी और वर्ष 2018 में मारपीट व हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी के अन्य आपराधिक कनेक्शन की भी जांच की जा रही है।

### रात्रि गश्त से एंटी रोमियो तक, हर स्तर पर पुलिस का कड़ा पहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिला सुरक्षा को लेकर जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पिलखुवा पुलिस ने जमीनी स्तर पर सख्ती और सक्रियता बढ़ा दी है। एक ओर जहां रात्रि शिफ्ट में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्त और निरीक्षण किया जा रहा है, वहीं दिन के समय एंटी रोमियो टीमों द्वारा बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है।

कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र के औद्योगिक और संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया। उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया गया, जहां महिलाएं देर रात या सुबह के समय कार्यस्थलों तक आती-जाती हैं। पुलिस ने मौके पर मौजूद महिलाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कोतवाली प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि महिला सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के अन्य थाना क्षेत्रों में भी एंटी रोमियो स्क्वॉड और महिला सुरक्षा दल सक्रिय नजर आए। पुलिस की इस दोहरी रणनीति रात्रिकालीन गश्त और दिन में एंटी रोमियो अभियान का सकारात्मक असर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। महिलाएं और बालिकाएं पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और आत्मविश्वास के साथ घर से बाहर निकल रही हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश का आरोपी पकड़ा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में महिला एवं बाल अपराधों पर सख्ती के तहत थाना हाफिजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार बीएनएस, पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(5) के तहत नामित अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी ग्राम रामपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजकुमार शर्मा पुत्र हुकुमचंद शर्मा निवासी ग्राम नान थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि नाबालिगों के साथ होने वाले अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है।

# बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसान परेशान, फसलों को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में शनिवार रात से ही हो रही तेज हवा के साथ बेमौसम बारिश से सरसों व गेहूं की फसल को अत्यधिक नुकसान हुआ है। रविवार को भी सारा दिन बारिश हुई और ओलावृष्टि भी हुई, उधर सरसों की फसल पक कर तैयार थी। किसानों ने फसल को सूखने के लिए खेत में ही छोड़ दिया था। जबकि कई किसानों ने अपनी सरसों और गेहूं की फसले काट ली थी,जो की बारिश में भीग गई और गेहूं की खड़ी फसल भी तेज हवा से पसर (गिर) गई है। उधर सूखने के लिए छोडी सरसों की फसल ओलावृष्टि होने से आधे से ज्यादा खेत में झड़ गई है,जिसको देखकर किसान परेशान है। अचानक बदले मौसम की वजह से सरसों और गेहूँ की फसल को नुकसान होने से किसानों के माथे पर चिंता दिखाई दे रही है। आशंका जताई गई है। इस साल क्षेत्र में पहले से ज्यादा सरसों की खेती की गई थी। फसल भी इस बार अच्छी थी। किसानों को उम्मीद थी कि इस बार पैदावार अधिक होगी। लेकिन बेमौसम बरसात ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जिसको देखकर किसान परेशान है। उपेश त्यागी का कहना है,कि किसान अपनी फसलों को अपने बच्चों की तरह पालता है,अपने बच्चों की तरह उसका ख्याल रखता है, और जब इस तरह किसान की फसल उसकी आंखों के सामने बर्बाद होती है तो उसे बहुत दुख होता है। किसानों ने फसलों में हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में हल्का लेखपाल ने बताया कि बारिश के साथ हल्की ओलावृष्टि हुई है। इससे फसल को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है। शिकायत आने पर फसल की जांच कर रिपोर्ट बनाई जाएगी।



# जनपद में धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती

**शाहटाइम्स, टीम**

**शामली** जनपद में महर्षि कश्यप जयंती को लेकर विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर समाज के लोग महर्षि कश्यप के आदर्शों को याद कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दे रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को शहर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

अखिल भारतीय श्री महर्षि कश्यप विकास चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज जयंती शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी किरणपाल कश्यप, श्री बजरंग लाल मेहरा जयपुर व चेयरमैन फतेहगढ़ निर्मल सिंह कश्यप, जम्मू कश्मीर से रमेश डोगरा ने संयुक्त रूप से महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप को सृष्टि का रचियता माना जाता है। कार्यक्रम में आये विभिन्न प्रदेशों के लोगों ने महर्षि कश्यप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बच्चों व कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के आखिर में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सत्यपाल कश्यप, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, टोनी सिंह कश्यप, विजय कौशिक, सुरेन्द्र कश्यप, डा. राजकुमार कश्यप, गौरव कश्यप, हरबीर कश्यप, चंद्रपाल कश्यप, रघुवीर कश्यप, भारत कश्यप, सोनू कश्यप आदि मौजूद रहे। थानाभवन संवाददाता के अनुसार महर्षि कश्यप जयंती के पावन अवसर पर थाना भवन कस्बे में श्रद्धा भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मोहल्ला मुजावरान राजौ की मोरी से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए श्री दयाल आश्रम पर आकर एकत्रित हुई। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकी। इस दौरान पलटू राम कश्यप,संजय कश्यप, कन्हैया कश्यप संजय शर्मा विपिन, सुरेंद्र, बॉबी अरोरा, देवेंद्र पंडित, जगमालसैनी, अनिल कुमार, शालू राणा मौजूद रहे।चौसाना संवाददाता के अनुसार महर्षि कश्यप और निषादराज जयंती के उपलक्ष्य में कस्बे में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के लोगों सहभागिता की।

# नशे के खिलाफ अभियान तेज, गांजा तस्करी में लिप्त हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध नियंत्रण और अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस को अहम सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध गांजा और नकदी बरामद की है।

थाना प्रभारी के अनुसार संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी और चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर एटीएमएस कॉलेज की ओर जाने वाले रास्ते पर मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध गांजा और नकदी बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विवेक कुमार सिंघल पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम अच्छेजा थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है, जो थाना हापुड़ नगर का हिस्ट्रीशीटर (नंबर 132ए) बताया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के आपराधिक नेटवर्क और मादक पदार्थों की सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।

# पंद्रह लाख के आभूषण चुराने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** बीटा-2 पुलिस ने घरों में नौकरी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 15 लाख रुपये के आभूषण, चोरी की मोटरसाइकिल, तमंचा और कारतूस बरामद किए। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान शिवकुमार निवासी साधीरा थाना अजगेन जिला उन्नाव हाल निवासी निहाल विहार, 50 फुटा रोड मस्जिद वाली गली के रूप में हुई। शिवकुमार नौकरी के बहाने घरों में घुसता था और रेकी कर कीमती सामान और ज्वैलरी चोरी कर फरार हो जाता था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने 23 मार्च को सेक्टर-36 स्थित एक मकान से करीब 11 लाख रुपये की ज्वैलरी और नकदी चोरी की थी।



पुलिस ने आरोपी के पास से तीन सोने के हार, दो कान के टॉप्स, एक अंगूठी, चूडियां, पायल, ब्रस्लेट, विदेशी मुद्रा समेत चोरी में प्रयुक्त बाइक और तमंचा बरामद किया। आरोपी को रविवार की सुबह नट मढैय्या गोल चक्कर सर्विस रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। हालांकि, आरोपी के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, देर शाम आरोपी शिव कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**23 मार्च को की थी चोरी:** पुलिस के मुताबिक आरोपी शिवकुमार शातिर किस्म का अपराधी है। आरोपी ने 23 मार्च को सेक्टर-36 निवासी ओमपाल के घर से ज्वैलरी समेत अन्य सामान चोरी किए थे। आरोपी के दो अन्य साथी भी हैं। वह घर से चुराए आभूषण और अन्य सामान को बेचकर धन अर्जित किया और आपस में बांट लिया। वहीं, गिरफ्तार हुए आरोपी शिवकुमार के खिलाफ ग्रेनो समेत दिल्ली के थानों में भी रिपोर्ट दर्ज है।

# 400 सोसायटियों की सुरक्षा ऑडिट करेगी पुलिस, तीन दिन चलेगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की तेजी से हाईराइज सोसायटियों में तब्दील हो रही आवासीय सोसायटियों की सिक्योरिटी व्यवस्था कैसी है? यहां के निवासी और जिम्मेदार सिक्योरिटी एजेंसियां सुरक्षा के जरूरी स्टैंडर्ड्स का सही पालन कर रही हैं, या सिर्फ कागजों पर औपचारिकता निभाई जा रही है?

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सोसायटियों की सिक्योरिटी सिस्टम की जांच के लिए 5 से 7 अप्रैल तक तीन दिनों का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। तीनों जोनों में अभियान के बाद सिक्योरिटी ऑडिट की रिपोर्ट शीघ्र पुलिस आयुक्त को प्रस्तुत की जाएगी। गौतमबुद्ध नगर में 400 से अधिक हाईराइज सोसायटियां हैं। यहां आरडब्ल्यूए, एओए और सिक्योरिटी एजेंसियां बेसिक सुविधाओं से लेकर सुरक्षा तक का दायित्व निभाती हैं। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि आरडब्ल्यूए, एओए व सिक्योरिटी एजेंसियों के साथ तालमेल बिठाकर जांच होगी।

**पहले चरण में होगी जांच:** पहले चरण में जांच होगी कि सोसायटी के सिक्योरिटी गार्ड्स से लेकर बाकी स्टाफ का वेरीफिकेशन हो चुका है या नहीं। आने-जाने वालों के नाम, पते व मोबाइल नंबर नोट किए जाते हैं और रजिस्टर या ऐप में सुरक्षित रखे जाते हैं। सीसीटीवी कैमरों की कंडीशन, एंगल, मेंटेनेंस और क्वालिटी कैसी है? रात के समय सिक्योरिटी व्यवस्था कैसे है? सोसायटी के अंदर-बाहर इलाकों में सुरक्षा के क्या प्रबंध हैं? यदि जांच में कोई कमी मिलती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**वरिष्ठ अधिकारी इसकी समीक्षा करेंगे:** इन कमियों को तुरंत दूर कराया जाएगा, ताकि सिक्योरिटी सिस्टम मजबूत बने और किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। वहीं, पुलिस स्थानीय निवासियों को जागरूक करेगी कि किसी संदिग्ध हरकत की जानकारी फौरन लोकल पुलिस को दें। पुलिस सिक्योरिटी एजेंसियों से सेक्टर, सोसायटी व मॉल आदि में तैनात गार्डों का डेटा इकट्ठा करेगी, ताकि संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित किया जा सके। इसके लिए जिले के सभी 26 थाना प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीसीपी व वरिष्ठ अधिकारी इसकी समीक्षा करेंगे।

## शराब के नशे में पत्नी पर चाकू से हमला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के रोजा जलालपुर गांव में एक व्यक्ति ने नशे की हालत में अपनी पत्नी पर चाकू से हमला किया। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मूलरूप से संभल के चाचू नागल गांव निवासी पीड़िता प्रवेश ने बताया कि वह अपने पति के साथ रोजा जलालपुर गांव में किराये पर रहती है। आरोप है कि दो मार्च को शाम करीब आठ बजे उसका पति शराब के नशे में घर पहुंचा और नशे की हालत में गाली गलौज शुरू कर दी। साथ ही मारपीट की। विरोध करने पर आरोपी पति ने सब्जी काटने वाले चाकू से पेट पर हमला कर दिया, इसमें वह घायल हो गई।

# सपा और बसपा ने रोजी-रोटी छीनने का काम किया: संजय निषाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पहले राजा तय करता था। कौन बेटा मेरा राजा बनेगा। लेकिन लोकतंत्र में रणनीति से राजा कौन बनेगा ये तय होता है। जनता तय करती है कि राजा कौन होगा। जो जनता के हितों को उठाता है जनता उसे ही अपना राजा चुनती है।

हमारी सरकार जनता की आवाज उठाती है हम एनडीए के सहयोगी दल हैं। जिस तरह से त्रेता युग में भगवान राम ने रावण से युद्ध जीतने के लिए निषाद राज को गले लगाया। ठीक वैसे ही मोदी और योगी ने इस युग में डॉ. संजय निषाद को चुनाव में जीत के लिए गलाया लगाया है। ये कहना है निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री और डॉ. संजय निषाद का। उन्होंने नोएडा में बिजली विभाग के गेस्ट हॉउस में बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। वह रविवार को यहां सेक्टर -21 । के इंडोर स्टेडियम में एकता महासम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे।संजय निषाद ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा- सपा और बसपा ने रोजी-रोटी छीनने का काम किया है। अब वक्त आ गया है कि लोगों को उनके अधिकार वापस दिलाय जाए। एकता महासम्मेलन दलित, पिछड़ा, समेत सभी वर्ग के लोगों को जोड़ने के लिए हो रहा है। जो लोग किसी कारणवश आज भी तरक्की नहीं कर पाए हैं। वे पीछे रह गए हैं या छूट गए हैं। उन्हें भी उनका अधिकार मिलना चाहिए।



**2027 में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी:** पिछली सरकार ने गुर्जर,कश्यप निषाद के अधिकारों को छीन लिया था। वे पौवा पिलाकर इनका वोट लेते थे लेकिन कभी इनके विकास के लिए कोई काम काम नहीं किया। हमारी सरकार इनके विकास पर ध्यान दे रही है। सरकार में हम छोटे और बड़े भाई की भूमिका में है । भाजपा सरकार में बड़े भाई और हम लोग छोटे भाई के दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। इस बार दलित, पिछड़ों और अति पिछड़ों में मिलाकर तय कर लिया है कि 2027 में फिर से एनडीए की सरकार बनाएंगे ।

## एक नजर

### जेल में बंद विदेशी कैदी की अस्पताल में मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** लुक्सर जेल में बंद एक बीमारी नाइजीरियन कैदी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विदेशी नागरिक एनडीपीएस एक्ट के मामले में कई सालों से जेल में बंद था। कैदी लंबे समय से फेफड़ों की गंभीर बीमारी से ग्रसित था। उसे कई बार अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। बीमारी बढ़ने पर कल उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला इकोटेक-1 थाना क्षेत्र का है , फिलहाल पुलिस और जेल प्रशासन आगे की कार्रवाई में जुटा है।

### तेज गाने बजाने का विरोध

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित सुपरटेक अपकंट्री सोसायटी में तेज आवाज में गाने बजाने का विरोध करने पर एक युवक पर हॉकी से हमला किया गया। आरोप है कि हॉस्टल संचालक ने युवक के साथ मारपीट की। घायल युवक का ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

पीड़ित गोमेश सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ सुपरटेक अपकंट्री सोसायटी में रहते हैं। सोसायटी में कई लोग हॉस्टल संचालित करते हैं। शनिवार रात एक हॉस्टल संचालक ने उनके घर के सामने अपनी गाड़ी खड़ी कर तेज आवाज में गाने बजाए, जिससे उनके परिवार को परेशानी हो रही थी।

जब गोमेश की मां ने आरोपी से गाने बंद करने को कहा, तो उसने गाली-गलौच और अभद्रता शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर गोमेश सिंह अपनी मां का पक्ष लेने पहुंचे और विरोध किया। इस पर आरोपी ने हॉकी से उन पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं।

घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायल गोमेश सिंह को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मामले में दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपों की पुष्टि होने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### निष्क्रिय पीएफ खातों में 23 लाख रुपये से अधिक जमा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा में 21 हजार से अधिक पीएफ खाते निष्क्रिय हैं। इनमें से 5500 खातों में एक हजार रुपये से भी कम राशि है। इनमें 23 लाख रुपये से अधिक रकम जमा है। अधिकांश पीएफ खाताधारक राशि की सुध भी नहीं ले रहे। सभी खाते तीन साल से अधिक पुराने हैं और इनमें से कुछ लोग विदेश में रह रहे हैं।कर्मचारी भविष्य संगठन (ईपीएफओ) के अनुसार कुल निष्क्रिय खातों की संख्या 21,521 है। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त प्रथम सुयश पांडे ने कहा कि 5471 खातों में एक हजार रुपये से कम राशि है। इन खातों में कुल 2332770 रुपये जमा हैं। अप्रैल अंत तक सिस्टम 2.0 लागू होने के साथ ही 1,000 रुपये से कम राशि वाले निष्क्रिय खातों का स्वचालित निपटान शुरू हो जाएगा। बैंक खाता आधार से लिंक होना अनिवार्य है, अन्यथा रुपये स्थानांतरित नहीं होंगे। खाता आधार से लिंक नहीं है वे तत्काल इसे करा लें।

**5.56 करोड़ रुपये वापस होंगे:** जानकारी के मुताबिक देशभर में कुल मिलाकर 1.33 लाख से अधिक ऐसे खातों से 5.68 करोड़ रुपये वापस किए जा रहे हैं, जो डिजिटल सुधार का हिस्सा है। सदस्यों को सीधे बैंक खाते में धनराशि मिलेगी, जिसके लिए उन्हें कोई फॉर्म नहीं भरना होगा। इस कदम से ईपीएफओ पर काम का भार कम होगा और लंबे समय से निष्क्रिय खातों में फंसे रुपये वापस मिल सकेंगे।

**यूएएन नंबर के लिए जमा करें दस्तावेज:** सुयश पांडे ने कहा कि जिन पीएफ खाताधारकों का यूनिवर्सल बैंक अकाउंट नंबर (यूएएन) नहीं बना है, वे तत्काल इसे करा लें। जिस कंपनी में वे काम करते थे और वह कार्यरत नहीं हैं तो ऐसी स्थिति में वे अपने जरूरी दस्तावेजों को बैंक से सत्यापित कराकर ईपीएफओ कार्यालय में जमा कर दें।

# जतिन बने तिहाड़ जेल में असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रीलखा गांव निवासी जितेंद्र उर्फ जतिन कुमार का चयन दिल्ली तिहाड़ जेल में असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट जेलर के पद पर हुआ है। रविवार को उनके इस चयन पर किसान एकता संघ की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जतिन कुमार को फूल-मालाएं पहनाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी सोरन प्रधान ने कहा कि जतिन कुमार की यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अपने परिवार के साथ-साथ गांव और इलाके का नाम रोशन किया है।

उन्होंने आगे कहा कि जतिन की उपलब्धि से गांव के अन्य बच्चों को भी शिक्षा के प्रति प्रेरणा मिलेगी। कड़ी मेहनत, लगन और ईमानदारी से ही व्यक्ति अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है।

सम्मान समारोह में विक्रम नागर, पप्पे नागर, फैजान डीलर, समर त्यागी, सलेक भाटी, दीपक कौशिक और सोनू समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने जतिन कुमार को शुभकामनाएं दीं।

## कैंसर पीड़ित बोले, डरने की नहीं, लड़ने की जरूरत

**नोएडा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में ग्रेनो वेस्ट में कैंसर कम्युनिटी वॉक रन हुई। इसमें 100 से अधिक कैंसर योद्धाओं ने भाग लिया। उन्होंने अपनी कहानी साझा की। उन्होंने लोगों को बताया कि कैसे कैंसर जैसी बीमारी को हराकर वह सामान्य लोगों की तरह खड़े हैं। कैंसर वॉरियर मनीषा कुमार ने बताया कि कैंसर पीड़ितों से सिद्ध कर दिया है कि वह बीमारी को हराना 5 किमी दौड़ में प्रथम आलोक गोयनका, द्वितीय हरीश सिंघानिया और तीसरा स्थान निशांत गुप्ता ने हासिल किया। 3 किमी में प्रथम किरण कुमार, द्वितीय प्रणामिता और तृतीय स्थान अनुभा मित्तल ने जीता। कई अन्य श्रेणी में भी लोगों को सम्मानित किया गया।

# ई-रिक्शा चला रहा 50 हजार का इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पशु तस्करी के मामले में वांछित 50 हजार के इनामी बदमाश को उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स की नोएडा यूनिट ने शनिवार को दिल्ली से दबोच लिया। आरोपी दिल्ली में ई-रिक्शा चला रहा था और हरियाणा के फरीदाबाद में रहता था। वह उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के एक पुराने मामले में लंबे समय से फरार था।एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि दबोचे गए आरोपी की पहचान 31 वर्षीय संतोष पासवान के रूप में हुई। उस पर पशु तस्करी के गंभीर आरोप हैं।

उसके खिलाफ चंदौली जिले में मुकदमा दर्ज है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने उस पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। एसटीएफ को उसकी लोकेशन के बारे में पुख्ता जानकारी मिली थी। इसके बाद टीम ने दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में दबिश देकर उसे पकड़ लिया। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। वह दिल्ली और हरियाणा के सीमावर्ती इलाकों में छिपकर रह रहा था, ताकि पुलिस उसे पकड़ न सके। आरोपी एक संगठित गिरोह के साथ मिलकर पशु तस्करी करता था। वह ट्रकों और अन्य वाहनों के जरिए पशुओं को एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाता था। जानकारी के मुताबिक संतोष वाहन का इस्तेमाल अवैध तरीके से पशुओं की ढुलाई के लिए करता था और उन्हें दूसरे राज्यों में बेचने की योजना बनाता था। इस मामले में पहले भी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन संतोष पासवान फरार हो गया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

# पुलिस ने पांच हजार से अधिक बदमाशों को दिलाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस ने पिछले तीन साल से अधिक समय में 5080 अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता पाई। इस अवधि में 117 अपराधियों को आजीवन कारावास हुआ। दावा है कि प्रदेश में सबसे ज्यादा अपराधियों को सजा गौतमबुद्धनगर में हुई।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्या, दुष्कर्म, पॉक्सो ऐक्ट, दहेज हत्या, अपहरण, लूट और डकैती जैसे गंभीर मामलों को प्राथमिकता से चिन्हित किया। इन मामलों में मजबूत पैरवी कर अदालत में ठोस सबूत पेश किए।



> ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत बीते तीन सालों में पांच हजार से अधिक अपराधियों को सजा हुई है। यह अभियान न सिर्फ अपराध पर नियंत्रण में मददगार साबित हो रहा है, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास का माहौल भी बना रहा है।
>
> **लक्ष्मी सिंह, पुलिस कमिश्नर**

आंकड़ों के मुताबिक एक जनवरी 2023 से तीन अप्रैल 2026 तक कुल 5080 अपराधियों को सजा दिलाई गई। यह कार्रवाई कुल 4549 मामलों में हुई। पुलिस ने इन मामलों की जांच समय पर पूरी की और गवाहों को भी समय से अदालत में पेश किया। इससे केस मजबूत बने और अपराधियों को सजा मिल सकी। अगर अलग-अलग मामलों की बात करें तो पॉक्सो ऐक्ट के 104 मामलों, दुष्कर्म के 16 मामलों, दहेज हत्या के चार मामलों, अपहरण के 25 मामलों और हत्या के 62 मामलों में सजा दिलाई गई। इसके अलावा डकैती के 15, लूट के 323, गिरोहबंद अधिनियम के 78, चोरी के 1403 और आर्म्स एक्ट के 1067 मामलों में भी अपराधियों को सजा मिली। अन्य मामलों में भी बड़ी संख्या में दोषियों को सजा दिलाई गई। सजा की अवधि पर नजर डालें तो अदालत ने 117 अपराधियों को आजीवन कारावास, 32 अपराधियों को 20 साल की सजा और 37 अपराधियों को 10 साल की सजा सुनाई है।जांच की गुणवत्ता पर जोरपुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस अभियान के तहत जांच की गुणवत्ता पर खास ध्यान दिया गया। हर केस में सबूत मजबूत जुटाए गए और गवाहों की सुरक्षा और पेशी सुनिश्चित की गई। यही वजह रही कि बड़ी संख्या में मामलों में दोष सिद्ध हुआ और अपराधियों को सजा मिली। इस पहल का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि पीड़ितों को समय पर न्याय मिला।

**कार्रवाई जारी रहेगी:** पुलिस का कहना है कि आगे भी इस तरह की प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस का लक्ष्य है कि किसी भी गंभीर अपराध में आरोपी बच न पाए और उसे कानून के अनुसार सजा जरूर मिले। इसके लिए जांच, सबूत और कोर्ट में पैरवी तीनों स्तर पर मजबूती से काम किया जाएगा। ऑपरेशन कन्विक्शन के जरिए पुलिस ने यह दिखाया है कि अगर सही रणनीति और मजबूत तैयारी के साथ काम किया जाए, तो अपराधियों को सजा दिलाना संभव है।

# यमुना सिटी के नए सेक्टरों में विकास कार्य तेज होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी के नए सेक्टरों में विकास कार्य तेज होंगे। वित्तीय वर्ष 2026-27 में नए सेक्टरों में सीवर, ड्रीनेज और जलापूर्ति समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं पर यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) करीब दो हजार करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसका खाका तैयार हो चुका है।प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि शहर में नए सेक्टर विकसित हो रहे हैं। इनमें सेक्टर 4, 5, 5ए, 8ए, 8डी, 8एफ, 11 समेत अन्य शामिल हैं। वहीं, इस वर्ष कई नई परियोजनाएं धरातल पर उतरेंगी। इनमें अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी और फिनटेक सिटी शामिल है। इसके अलावा करीब 23 से ज्यादा देशी-विदेशी कंपनियों को भूमि भी दी जाएगी, ताकि वह अपना निर्माण कार्य शुरू कर सकें।

ये सभी परियोजना नए सेक्टरों में आएंगी। ऐसे में प्राधिकरण ने इन सेक्टरों में विकास कार्यों का खाका तैयार कर लिया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में शहर में विकास कार्यों पर करीब दो हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। भूमि खरीद के बाद किसी अन्य कार्यों के लिए आवंटित यह दूसरा सबसे बड़ा बजट है। सेक्टरों में विकास कार्य पूरा होने के बाद यहां कंपनियां अपने इकाइयां का निर्माण शुरू कर सकेंगी। एयरपोर्ट के दृष्टिगत आसपास विकसित होने वाली परियोजनाओं की तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा सकेगा।

# जिले में ट्रांसफॉर्मर से तेल चुराने वाला गिरोह सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी करने वाला संगठित गिरोह सक्रिय हो गया है। पिछले दो साल में जिले में ऐसे 14 मामले दर्ज किए गए। इनमें सबसे ज्यादा आठ घटनाएं सेंट्रल नोएडा क्षेत्र में सामने आईं। वहीं, पुलिस ने चार अलग-अलग गिरोहों का पर्दाफाश कर 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा।पुलिस अधिकारियों के मुताबिक वारदात करने वाले गिरोह सुनसान और कम रोशनी वाले इलाके, औद्योगिक क्षेत्र, खाली प्लॉट या कम आवाजाही वाले स्थानों पर लगे ट्रांसफॉर्मरों को निशाना बनाते हैं। देर रात या तड़के ये लोग ट्रांसफॉर्मर का ढक्कन खोलकर उसमें भरा महंगा तेल निकालकर फरार हो जाते हैं।

कई बार चोरी इतनी सफाई से की जाती है कि शुरुआती दौर में इसका पता भी नहीं चल पाता। पुलिस ने गश्त बढ़ाने के साथ-साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।ट्रांसफॉर्मर में इस्तेमाल होने वाला तेल काफी महंगा होता है और इसकी बाजार में अच्छी मांग रहती है। यह तेल बिजली उपकरणों को ठंडा रखने और इंसुलेशन के लिए बेहद जरूरी होता है। इसकी खासियत यह है कि यह हाई वोल्टेज में भी उपकरणों को सुरक्षित रखता है। चोरी के बाद इस तेल को अवैध तरीके से छोटे उद्योगों, वर्कशॉप या कबाड़ी नेटवर्क के जरिए बेचा जाता है। कुछ मामलों में इसे फिल्टर करके दोबारा उपयोग में भी लाया जाता है, जिससे चोरों को मोटा मुनाफा मिलता है।

> ट्रांसफार्मर से तेल चोरी होने के मामले सामने आने के बाद वारदात करने वाले गिरोह पर नजर रखी जा रही है। बीते महानों में पुलिस ने वारदात करने वाले गिरोह का पर्दाफाश भी किया है।
>
> **राजीव नारायण मिश्रा, अपर पुलिस आयुक्त, कानून और व्यवस्था**

**दिल्ली और हरियाणा तक फैला नेटवर्क:** पुलिस जांच में सामने आया है कि इन वारदातों में सिर्फ स्थानीय अपराधी ही नहीं, बल्कि दिल्ली और हरियाणा के गिरोह भी शामिल हैं। ये गिरोह योजनाबद्ध तरीके से नोएडा में आते हैं और तेल चोरी कर दूसरे राज्यों में खपा देते हैं। पुलिस का मानना है कि यह एक संगठित अपराध का रूप ले चुका है, जिसमें सप्लाई चेन पहले से तय होती है। कहां चोरी करनी है, कैसे तेल निकालना है और कहां बेचना है, सब पहले से प्लान रहता है।

**गिरोह के सदस्य ऐसे कर रहे वारदात:** गिरोह के सदस्य पहले इलाके की रेकी करते हैं। वे ऐसे ट्रांसफॉर्मर चुनते हैं, जो कम निगरानी वाले हों। इसके बाद रात में गैस कटर या अन्य औजारों की मदद से ट्रांसफॉर्मर खोलकर तेल निकाल लिया जाता है। कई बार ये लोग छोटे टैंकर या केनों में तेल भरकर ले जाते हैं। कुछ मामलों में यह भी देखा गया है कि गिरोह के सदस्य बिजली विभाग के कर्मचारियों जैसा रूप धारण कर लेते हैं, ताकि किसी को शक न हो।

**दो साल में चार गिरोह का पर्दाफाश:** नोएडा पुलिस ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए विशेष अभियान चलाया। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में केस दर्ज कर जांच की गई। तकनीकी सर्विलांस के जरिए आरोपियों तक पहुंचा गया। पिछले दो साल में पुलिस ने चार गिरोहों का खुलासा करते हुए 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार और तेल बरामद किए। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी होने का सीधा असर बिजली आपूर्ति पर पड़ता है। तेल निकल जाने के बाद ट्रांसफॉर्मर खराब हो सकता है।

**विद्युत और पुलिस विभाग में समन्वय:** बिजली विभाग और पुलिस अब मिलकर इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए काम कर रहे हैं। संवेदनशील स्थानों पर ट्रांसफॉर्मर के आसपास सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। कुछ जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना भी बनाई जा रही है। इसके अलावा लोगों से भी अपील की गई है कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# बाल यौन शोषण मामले में आरोपी की जमानत खारिज

**नोएडा।** जिला न्यायालय ने बाल यौन शोषण से संबंधित सामग्री सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका निरस्त कर दी। अदालत ने अपराध को गंभीर श्रेणी का माना है। सीबीआई ने ग्रेनो वेस्ट की ग्रीन आर्क सोसायटी निवासी नाबालिग के खिलाफ बाल यौन शोषण सामग्री के संग्रह, प्रसारण, आदान-प्रदान और प्रसारित करने का मामला 31 अक्तूबर 2025 को आईटी और पॉक्सो एक्ट में दर्ज किया था। आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता को यौन उत्पीड़न की तस्वीरें दिखाई थी। उसका पता ग्रेनो वेस्ट के एक गांव का बताया था। यह घटना करीब दो साल पहले की है।

दो ई-मेल और दो मोबाइल के माध्यम से आरोपी इन मामलों में संलिप्त रहा। उसके पास आपत्तिजनक सामग्री मिली थी। ई-मेल आईडी से उसके खिलाफ दो साइबर टिप लाइन रिपोर्ट भी जेनरेट की गई थी। पीड़िता के बयान के बाद सीबीआई ने कोर्ट से आरोपी रिमांड मांगी थी, जिसे खारिज कर आरोपी को रिहा कर दिया। इसके बाद सीबीआई ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:** **एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎0121-4005303, 4007303

**मुख्यालय:** मोबाइल-9720007290

UPHIN/2007/20661

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बंद घरों में चोरी का खुलासा

## एक गिरफ्तार माल बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** दो अलग-अलग बंद घरों में चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।

गौरतलब है कि शुक्रवार रात चोरों ने स्थानीय मौहल्ला तराई निवासी फरीद के घर से सोने-चांदी के आभूषण समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया गया। जबकि नगर के ही मौहल्ला बकर कस्साबान निवासी बहार अहमद के पुत्र अलमास के बंद मकान से भी चोरों ने चोरी कर फरार हो गए थे। घटना की सूचना घर स्वामियों ने जैसे ही पुलिस को दी पुलिस हरकत में आ गई और तत्काल जांच शुरू की। पुलिस ने चंद घंटों में चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नफीस पुत्र इदरीस, निवासी मौहल्ला मिर्दगान, थाना व कस्बा बिजनौर बताया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन, विदेशी मुद्रा सहित अन्य सामान भी बरामद कर लिया है। हालांकि, इस वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश अभी जारी है। वही थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम सक्रिय रूप से बाकी आरोपियों की खोज में जुटी है और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं पुलिस की इस फूर्तली कार्रवाई से पीड़ित परिवारों ने राहत की सांस लेने के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की कार्यशैली की सराहना की है।

## शील्ड देकर बच्चों को सम्मानित किया

**नजीबाबाद।** मूलचंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटद्वार रोड नजीबाबाद में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा का मूल्यांकन कर समारोह में बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ में माता सरस्वती की आराधना, दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एड. , प्रधानाचार्या ममता सिंह चौहान एवं उप प्रधानाचार्य सुनीता सिंह ने किया। सम्मानित बच्चों की प्रतिभा में प्रतिदिन वेल ड्रेस से ओमान्स, जसमीत कौर, मान्या शर्मा, मौहम्मद हसनैन, सिदरा, गौरांग, खदीजा, उजेफा, अवनी, शुभ, लीबा, अदीब खान, उस्मान अली, भव्या, अनाया, गुरनूर, उवेश रहे। कार्तिक भारद्वाज, भूमिका, हर्षप्रीत, केशव यादव, आस्था, शगुन, कर्मजीत, अक्षित, हादिया, आरुषि, आफिया, सिद्धार्थ आदि छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

# कलश यात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** राष्ट्र निर्माण एवं सांस्कृतिक जागरण के उद्देश्य से आयोजित चार दिवसीय 24 कुंडीय महायज्ञ संस्कार महोत्सव एवं प्रज्ञा पुराण कथा के शुभारंभ पर नगर में भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। मौहल्ला चमनवाला से प्रारंभ हुई कलश यात्रा का नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार तथा गायत्री परिवार शाखा हल्दौर के सहयोग से भूमि विकास बैंक के समीप आयोजित इस महायज्ञ के प्रथम दिवस 108 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर अनुशासित रूप से शोभायात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त हो गया।

गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डा. दीपक कुमार ने विधि-विधान से देव आह्वान एवं कलश पूजन कराया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में नारी सम्मान, सामाजिक सुधार एवं नशा मुक्ति का संदेश देते हुए कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं संस्कृति का उत्थान होता है। उन्होंने समाज को एकजुट होकर सदाचार अपनाने तथा बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। कलश यात्रा के दौरान एक बनेंगे नेक बनेंगे, बेटी पढ़ाओ, बेटी को संस्कारवान बनाओ जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नीतू चौहान, कौशल सिंह, कृष्णा देवी, सुदेश चौधरी, पंडित सोमेश्वर दत्त पंकज, नरेश सैनी, पुखराज सिंह, समर सिंह, विनोद चौहान, रजनीश चौहान, शशि, शोभा रानी, रजनी चौहान, निधि राजपूत, रेखा, प्रेमवती, सीमा, मंजू, मोनिका, सरिता, नूतन, बबीता, ज्योति, मिथिलेश सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। चार दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन यज्ञ, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे समाज में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा मिलेगा।

## महर्षि कश्यप जयंती पर हवन-पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भागूवाला क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय में स्थित प्राचीन शिव मंदिर धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का केंद्र बन गया। जहां कश्यप समाज द्वारा महर्षि कश्यप जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित संतोष कुमार शर्मा के सानिध्य में विधिवत हवन-पूजन के साथ हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुति दी और वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो उठा। जयंती के अवसर पर महर्षि कश्यप के चित्र पर फूल-मालाएं अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। समाज के लोगों ने उनके जीवन और योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की गई। हलवे का भोग लगाकर कन्याओं के चरण स्पर्श किए गए। जिसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस परंपरा ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया।

कार्यक्रम में ग्राम के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। मंदिर परिसर में पूरे दिन उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने महर्षि कश्यप के योगदान और उनके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं और नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में लेखराज कश्यप, सचिन कश्यप, बिलकेश कुमार, राजू कुमार, रीगल कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, केशव कुमार, अंकुल कश्यप, शिवम रोहित कश्यप, विशाल कश्यप, गौरव कश्यप, पंकज कुमार, दिवाकर, परवेन्द कश्यप, लवकुश, दिपान्शू, अजय कश्यप, विशाल, राकेश कश्यप, संजीव कुमार और ललित कश्यप सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज में एकता, परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का माध्यम भी साबित हुआ।

# अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का गठन

## 13 अप्रैल को टीईटी के विरोध में निकाला जाएगा मशाल जुलूस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सिंचाई विभाग में स्थित फिल्ड हॉस्टल में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह की अध्यक्षता एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजेंद्र कुमार के संचालन में जनपद के विभिन्न संगठनों की टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में प्रांतीय निर्देश पर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का जिला स्तरीय गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अटेवा जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुधाराज, टीएससीटी जिलाध्यक्ष नवाब आलम, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रामौतार सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजेंद्र कुमार एवं उर्दू बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान को जिला संयोजक एवं अटेवा जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री ज्योति प्रकाश गहलोत, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रभारी अज़हर जमाल, टीएससीटी के जिला प्रवक्ता नीरज कुमार वर्मा एवं जूनियर हाई स्कूल के जिला उपाध्यक्ष आदेश पाल को जिला सहसंयोजक मनोनीत किया गया। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन प्रदेश संगठन मंत्री एवं प्रभारी पश्चिमी उ.प्र. नौबाहर सिंह उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (पाण्डेय गुट) प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरशद जमाली को संरक्षक मनोनीत किया गया।

बैठक में उपस्थित सभी पदा. धिकारियों ने 13 अप्रैल को होने वाले टीईटी के विरोध में मशाल जुलूस की सफलता पर विचार व्यक्त करते हुए रणनीति तैयार की।

इस मौके पर चंद्रहास सिंह, मोबीन हसन, राजेश कुमार, रवि, उमेश कुमार राजपूत, रामौतार सिंह, मौहम्मद अरशद जमाली, सुधाराज सिंह, नवाब आलम, आदेश पाल, विनीत कुमार गहला. ेत, नवनीत कुमार भारती, विजेंद्र कुमार, नवाब शाहकार फारुकी, अजहर जमाल, डा. मौहम्मद रिजवान, मौहम्मद अरशद जमाली आदि ने विचार व्यक्त किया।

## संवाद लाइव सेशनल शो वीडियो कान्फ्रेंसिंग इवैंट 12 अप्रैल को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अम्बेडकर जयंती उत्सव पर सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया का संविधानिक, सामाजिक कर्तव्य व अधिकार विषय पर दा सत्यार्थ संवाद लाइव सेशनल शो वीडियो कान्फ्रेंसिंग इवैंट 12 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर संयोजित किया जा रहा है। सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दा सत्यार्थ संवाद लाइव सेशन शो के एंकर गोल्ड मेडलिस्ट आर्य रत्न डॉ. सौरभ आर्य ने मुख्य संयोजक के रूप में बताया कि इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट भारत के चेयरमैन जगदम्बा प्रसाद सिंह चीफ गेस्ट, हरिद्वार यूनिवर्सिटी रूड़की (उत्तराखंड) के एसोसिएशन प्रोफेसर एवं शिक्षाविद डॉ. रविन्द्र आर्य, इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल नजीबाबाद डॉ. रविन्द्र आर्य, इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल नजीबाबाद को डायरेक्टर एकेडमिक एवं प्राचार्य डॉ. अंजना राजपूत, चंदकिरण वर्मा देहरादून की अध्यक्षता में संयोजित होगा। इस कार्यक्रम में लोकार्थ, व्याख्यान, संगीतमय भजन व काव्यपाठ सत्र भी होंगे। जिसमें देश विदेश से सम्मानित महान विभूतियों में वैज्ञानिक, शिक्षाविद, वक्ता एवं प्रवक्ता, गायक, विद्वान विदुषी, कवि, अभिनेता, लेखक व साहित्यकार, तपो. निष्ठ सन्यासी एवं धर्म प्रवक्ता आदि सहभागिता करेंगे। सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया द्वारा इवैंट इन्विटेशन एवं प्रोटोकॉल जारी कर दिया गया है और टीम द्वारा समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है।

## एक नजर

### हनुमान जी को चोला चढ़ाया

**नजीबाबाद।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर नीलकंठ महादेव मंदिर रमेश नगर में पंडित सुनील शर्मा द्वारा मंत्र उच्चारण सहित विधिवत पूजन अर्चना की गई। धार्मिक कार्यक्रम में हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया तथा 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आरती के कार्यक्रम का समापन कर भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धापूर्वक भजन कीर्तन किया। इस अवसर पर सुमन वर्मा, मोना, मीनाक्षी अग्रवाल, पुष्पा वर्मा, सीमा, ऋचा रचना, उर्मिला, सीमा, सुशील, मधु शर्मा, ज्योति शर्मा, संगीता, निरंजन, रमेश वर्मा, विनीत, रिंकू, सचिन अग्रवाल, प्रदीप, सक्षम, दिव्यम, आरव, अशोक, सुमित, अतर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### महर्षि कश्यप जयंती मनाई



**नजीबाबाद।** नांगल में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान समाज के लोगों ने महर्षि कश्यप को नमन किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार सहित कश्यप समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें राहुल कश्यप, राधेश्याम कश्यप, धूम सिंह कश्यप, ऋषि राम कश्यप, मिंटू कश्यप, शिवकुमार कश्यप, गौरव कश्यप, विक्की कश्यप, नीरज कश्यप, मोहित कश्यप, आशु कश्यप, अंकित कश्यप और साजन कश्यप प्रमुख थे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि महर्षि कश्यप को हिंदू धर्म में सृष्टिकर्ता प्रजापति, एक महान तपस्वी और सप्तऋषियों में से एक माना जाता है। उन्होंने कश्यप संहिता नामक एक महत्वपूर्ण ग्रंथ की रचना की। यह ग्रंथ आयुर्वेद में बाल रोग चिकित्सा और स्त्री रोग विशेषज्ञता पर एक आधारभूत ग्रंथ माना जाता है। इसमें इन क्षेत्रों से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान समाहित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार वर्तमान कश्मीर पहले एक विशाल झील थी। महर्षि कश्यप ने अपनी तपस्या के बल पर इस झील का जल निकालकर इसे रहने योग्य बनाया। कश्मीर नाम का मूल भी कश्यप ऋषि से ही जुड़ा है।

### लकड़ी के फट्टे के साथ गिरफ्तार

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वादनी प्रेमवती पत्नी गोविंद निवासी गौतमनगर जलालाबाद द्वारा थाने पर तहरीर दी गई थी कि अभियुक्तगण अरविंद, धर्मेन्द्र पुत्रगण मुन्नू निवासी ग्राम दयालवाला थाना मंडावर, सतीश पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम भरैकी, थाना किरतपुर ने उसके पुत्र के साथ गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसक पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर वांछित अभियुक्त अरविंद पुत्र मुन्नू निवासी ग्राम दयालवाला थाना मंडावर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक लकड़ी का फट्टा बरामद किया।

### पुस्तक वितरण कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित कर नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। बीआरसी/पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद से प्रारंभ रैली को ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल व बीईओ राजमोहन ने संयुक्त से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजमोहन के नेतृत्व में निकाली गई रैली बीआरसी/पूर्व माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर महल सराय, पाईबाग, भवन, नवाबपुरा होते हुए बीआरसी पर जाकर समाप्त हुई, जहां पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल व खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन ने परिषदीय बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। कार्यक्रम में पूर्व बीआरसी समन्वयक मोबीन हसन, एआरपी डॉ. राहुल वर्मा, रितेश भाटिया, शहनाज, प्रतिज्ञा, सुनिल, रामी, शिवम कुमार, अरूण, रंजीत यादव, नाजिम, शहनाज, हुमा परवीन, कुमुद, आसमा, सारिका, शरद आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर एआरपी राहुल वर्मा द्वारा स्कूल चलो अभियान पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। एआरएपी रितेश मारिया द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

### मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

**नजीबाबाद।** पीस मॉडल स्कूल साहनपुर का वार्षिक परीक्षाफल एम. अकरम खान एड. ने घोषित किया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कक्षा प्री नर्सरी में अरहान प्रथम, सुहान द्वितीय, आरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नर्सरी में नमन कुमार प्रथम रहे। एलकेजी में कुमारी अनबिया प्रथम, बिलाल द्वितीय, रूकैया परवीन ने तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा एक में मौम्मद रियान प्रथम, हुमारा द्वितीय, आरव तृतीय है। कक्षा दो में मौहम्मद जावेद प्रथम, अरहम द्वितीय, इसरा तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा तीन में जोया प्रथम, नमीरा द्वितीय, सुफियान तृतीय रहे। कक्षा चार में आफिया परवीन प्रथम, कुमार आलिया परवीन द्वितीय, मौहम्मद फैज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांच में मौहम्मद सुफियान प्रथम रहे। कक्षा छह में मौहम्मद अफसान प्रथम, जतिन द्वितीय रहे। कक्षा सात में कुम्हारी हनी ने प्रथम तथा कक्षा आठ में अरीबा परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# वार्षिक उत्सव मंथन 2026 का समापन

## डिवेट प्रतियोगिता मे वेदांश भारद्वाज प्रथम व अदिति राजपूत दूसरे स्थान पर रही







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बिजनौर में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव 'मंथन' का शनिवार को समापन हो गया।

समापन समारोह में प्रसिद्ध गायक एमसी स्क्वायर का स्वागत सोसायटी के अध्यक्ष योगेंद्र देशवाल, सचिव अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, डा. कुलदीप अहलावत, डा. दिग्विजय, मैनेजिंग डायरेक्टर सन्नी देशवाल व जतिन अहलावत, समस्त प्रबंधन समिति के सदस्यों और आरवीआईटी के निदेशक डा. नितिन अग्रवाल फार्मेसी के निदेशक डा. हितेश कुमार, रजिस्ट्रार विपिन कुमार, चीफ प्रोक्टर विनीत कुमार, डीन अकेडमिक डा. जीशान अहमद, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के कोआर्डिनेटर डा. आशुतोष कंसल, डा. तान्या गुप्ता व सभी विभाग अध्यक्ष डा. सैयद ततहीर अब्बास नकवी, मोहिन्द्र सिह, विमल कुमार, सैयद हैदर एवं उज्जवल पाठक आदि द्वारा किया गया। इसी के साथ मुख्य अतिथि अनिल कुमार, कैबिनेट मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उ.प्र. सरकार, चंदन चौहान, सांसद लोकसभा बिजनौर, विशिष्ट अतिथि प्रभात तोमर, मंडल अध्यक्ष सहारनपुर, दुर्गेश कुमार जनरल मैनेजर (आईटी) और चीफ इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी ऑफिसर, एनएचपीसी और समस्त प्रबंध समिति के सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्जलीत कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया।

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि जिस गति से हमारा देश आगे बढ़ रहा है आज निश्चित रूप से हम लोग यह कह सकते हैं कि टेक्नोलॉजी का जमाना है और किसी भी चीज को गति देने के लिए टेक्नोलॉजी की आवश्यकता पड़ती है अगर हम चाहते हैं कि 2047 तक हम अपने देश को विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं, तो उसके लिए जो हमारा देश का भविष्य है वो हमारे विद्यार्थी हैं उनकी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने देश के लिए काम करें।

संस्थान के अध्यक्ष योगेंद्र देशवाल ने अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहा कि नवाचार और प्रतिभा का एक मंथन है जो यह हमारा उत्साह बढ़ता है। बच्चों में खेल की भावना लाता है, प्रतियोगिता की भावना लाता है और पढ़ाई में भी हर तरह से एक एक्टिविटी लेकर आता है हर वर्श अच्छा करते जाते हैं। इससे बुद्धिमत्ता और नवाचार देखने को मिलता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आपकी रचनात्मक कला ने हम सभी का मनमोहन लिया है। आरवीआईटी परिवार का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं है बल्कि भविष्य में जिम्मेदार नागरिक राष्ट्र निर्माता तैयार करना है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सभी अपने जीवन में ऊंचाइयों को छुएंगे और देश का नाम रोशन करेंगे।

संस्थान के सचिव अरविंद कुमार ने कहा कि यह हमारे विद्यार्थियों की प्रतिभा मेहनत और रचनात्मकता का उत्सव है। टेक्नोलॉजी के इस युग में हमारा उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित शिक्षा देना नहीं है। हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहां टेक्नोलॉजी हर क्षेत्र में तेजी से बदलाव ला रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोबोटिक डाटा साइंस जैसे क्षेत्रों को दुनिया नई दिशा प्रदान कर रही है बल्कि विद्यार्थियों को ऐसा ज्ञान और कौशल देना है जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना पूर्ण आत्मविश्वास के साथ कर सकें। प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल ने कहा कि यह तकनीकी कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को आने वाले भविष्य में नई उचाईयों पर ले जाने में अहम योगदान प्रकट करेगा। उसी तरह से हमारा आरवीआईटी कॉलेज भी एक वार्षिक महोउत्सव 'मंथन' की तरह ही है, जो हर वक्त यही सोचता है कि किस तरह से विद्यार्थियों का तकनीकी ज्ञान, शारीरिक ज्ञान तथा सांस्कृतिक ज्ञान को बढ़ाया जाए।

संस्थान के निदेशक डा. नितिन अग्रवाल ने अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहा कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व को निखारने में अहम भूमिका निभाता है। आरवीआईटी कॉलेज का वार्षिक महोउत्सव 'मंथन' विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान, शारीरिक दक्षता तथा सांस्कृतिक ज्ञान को बढ़ाता है। इस अवसर पर गतवर्ष के परीक्षा परिणाम के आधार पर संस्थान के 92 विद्यार्थियों को संस्थान की सोसाइटी सुदेशना एजुकेशनल चैरिटेबल सोसाइटी के सौजन्य से सोसाइटी के प्रबंध समिति द्वारा छात्रवृत्ति वितरित की गयी। इस दौरान सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरती, अक्षू, काजल चौधारी आरवीआईटी बिजनौर से व द्वितीय स्थान पर लक्षिता, शिल्पी शेखावत कम्प्यूटर सेंटर मन्दौर से रही। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिशिका आरबीडी कॉलेज बिजनौर से व दूसरे स्थान पर मनी विवेक कॉलेज बिजनौर से रहीं। प्ले/थिएटर प्रतियोगिता में काजल ग्रुप आरवीआईटी से प्रथम स्थान व दूसरे स्थान पर स्वाती सिन्हा ग्रुप आरवीआईटी बिजनौर से रहीं। सोलो डांसिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ईशिका वर्धामान कॉलेज से व दूसरे स्थान पर विभांश वत्स आरवीआईटी कालेज से रहे। सोलो सिंगिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वंश शर्मा, वर्धमान कॉलेज से व दूसरे स्थान पर प्रियाशु भार्गव, टीएमयू से रहे। ग्रुप डांसिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रोहन ग्रुप, आरएनआर डांस एकेडमी से व दूसरे स्थान पर निशिता ग्रुप, आरवीआईटी से रहे। वादय यंत्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सार्थक शर्मा सेंट मेरी, बिजनौर व दूसरे स्थान पर वंश दुआ सेंट मेरी नजीबाबाद से रहे। दो अप्रैल से चल रहे खेल प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित हुआ, जिसमे क्रिकेट का फाइनल मैच फजलपुर-11 और आर्दश-11 की टीमों के बीच हुआ। जिसमें फजलपुर-11 ने 5 विकेट से आर्दश-11 टीम को पराजित कर ट्रॉफी हासिल की। बैडमिंटन डबल (पुरुष) में प्रथम स्थान पर लक्ष्या वर्मा और शिवम कसेरे (मुरादाबाद लुप्टन क्लब) और द्वितीय स्थान पर पुलकित राजपूत (हरिद्वार यूनिर्वसिटी रूड़की) और वीर भारद्वाज (अमेटी यूनिर्वसिटी नोएडा) ने बाजी मारी। डिवेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वेदांश भारद्वाज सेंट मैरी व द्वितीय स्थान पर अदिति राजपूत विवेक यूनिर्वसिटी से रहे।

तीन दिवसीय कार्यक्रम मंथन 2026 में हो रही प्रतियोगिताओं की निरंतर जानकारी व बाहर से आने वाले सभी प्रतिभागियों का स्वागत कर उचित मार्ग दर्शन डा. जैदी, कुशल कुमार एवं अनिल धीमान द्वारा किया गया साथ ही साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के अपडेट एवं उनके परिणाम की सूचना निरंतर उपलब्ध कराते रहे।

प्रसिद्ध गायक एमसी स्क्वायर नें अपनी अवाज से मंथन की शाम के माहौल को और भी रंगीन बनाया और विभिन्न प्रकार के गानों पर अपनी प्रस्तुति के द्वारा देखने और सुनने वालो को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमे सभी विद्यार्थियों ने खूब आनंद उठाया।

फार्मेसी संस्थान के निदेशक डा. हितेश कुमार ने सभी अतिथियों, शिक्षकों व विद्यार्थियों का मंथन के सफल आयोजन के लिए धान्यवाद किया। मंथन के इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में बिजनौर व आस पास के जनपदों के 40 से अधिक स्कूल कॉलेजों से आए हुए 600 से भी अधिक विद्यार्थियों ने खेलकूद, तकनीकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानलेवा बना कट पर

- तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** रविवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानलेवा राधा-कृष्ण मंदिर कट के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को एंबुलेंस के द्वारा बरेली अस्पताल भेज दिया। जहां चालक अनिल की हालत नाजुक बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव रहपुरा जागीर निवासी अनिल बरेली के गिरधरपुर में रहकर चाट पकौड़ी का ढेला लगाता है।रविवार को वह अपने एक रिश्तेदार को साथ लेकर बाइक से गैस सिलेंडर लेकर गिरधरपुर जा रहा था। जैसे ही अनिल राधा-कृष्ण मंदिर कट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर चढ़ा, पीछे से रामपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके साथ मौजूद रिश्तेदार को भी हल्की चोटें आईं।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है टक्कर मारकर भाग रहे ट्रक को उधर से गुजर रहे हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार कांस्टेबल इरशाद सरवर ने पीछा करके झुमका तिराहे से पकड़कर थाने में खड़ा करा दिया। जानलेवा राधा कृष्ण मंदिर कट बंद कराने को लेकर छात्र असद अंसारी ने दो बार पीएमओ कार्यालय में शिकायत की थी इस प्रकरण में करीब एक महीने पहले अंडरपास बनाने के आदेश हुए है अब देखना यह बाकी है कि इसकी शुरुआत कब होती है और कब हादसों पर अंकुश लगता है।

# बैहगुल नदी किनारे मगरमच्छ दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र के वसावनपुर गांव के पास बैहगुल नदी किनारे मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रविवार को ग्रामीणों ने नदी किनारे एवं उससे करीब 200 मीटर तक के क्षेत्र में मगरमच्छ को चहल-कदमी करते और धूप सेंकते देखा।

ग्रामीणों के अनुसार, गेहूं की कटाई का कार्य जारी है और अधिकांश खेत नदी के पार स्थित हैं। मगरमच्छ की मौजूदगी के कारण लोग नदी के पास जाने और फसल काटने से कतरा रहे हैं। इससे किसानों में भय बना हुआ है।बताया जा रहा है कि चार दिन पूर्व डूंगरपुर के पास भी नदी किनारे मगरमच्छ देखा गया था। वन क्षेत्राधिकारी मीरगंज संतोष कुमार मठपाल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मगरमच्छ दिखने की सूचनाएं मिल रही हैं। टीम को मौके पर भेजा जाएगा और यदि मगरमच्छ मिलता है तो उसे पकड़कर आबादी से दूर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा।

# खड़े टैंकर से टकराई बोलेरो पांच की मौत, तीन घायल

- पुलिस ने शुरू की जांच, लापरवाही पर उठे सवाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** रविवार शाम बड़ा बाइपास पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें खड़े टैंकर से टकराकर बोलेरो कार के परखच्चे उड़ गए और पीछे से आ रही बाइक भी उसमें जा घुसी। इस भीषण हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चों समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

घटना करीब शाम 5 बजे परधौली तिराहे के पास हुई। बताया जा रहा है कि बोलेरो कार तेज रफ्तार में थी और सड़क किनारे खड़े टैंकर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रही बाइक भी अनियंत्रित होकर कार में जा घुसी, जिससे हादसा और भयावह हो गया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को इसी स्थान पर शीरे से भरे टैंकर और रोडवेज बस की टक्कर हुई थी, जिसके बाद टैंकर को मौके से नहीं हटाया गया था। यही लापरवाही रविवार के इस बड़े हादसे की वजह मानी जा रही है।

हादसे में मारे गए लोगों में बाइक सवार साहबजाद खां (45 वर्ष) और मुम्तत्याज खां (65 वर्ष) निवासी अटा कायस्थान शामिल हैं, जो मछली पकड़ने जा रहे थे। इसके अलावा बोलेरो सवार तीन अन्य लोगों की भी मौत हुई है, जिनकी पहचान अभी नहीं हो सकी है। हादसे में घायल तीन लोगों, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं, को तुरंत अस्पताल भेजा गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

सूचना मिलते ही थाना सीबीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, सड़क पर खड़े टैंकर को समय पर न हटाए जाने को लेकर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

### पहले से खड़ा था हादसे का कारण

बताया जा रहा है कि शनिवार को इसी स्थान पर शीरे से भरे टैंकर और रोडवेज बस की भिड़ंत हुई थी। दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को मौके से नहीं हटाया गया, जो रविवार के इस बड़े हादसे की मुख्य वजह बना। स्थानीय लोगों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताया है।

### बड़ा सवाल

एक दिन पहले हुए हादसे के बाद भी टैंकर को सड़क से न हटाना क्या इस बड़ी त्रासदी की वजह बना? अब देखना होगा कि इस मामले में जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है।

## एक नजर

# पुलिस ने दो लोगों को तमंचों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दो दिन पहले क्षेत्र के गांव सतुईया कला के पास वह रही विनर्सी नदी की झाड़ियों से गौकशी के अवशेष बरामद किए थे, जिस पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस इन गौतस्करों की तलाश में जी जान से जुटी हुई है।

जिसके तहत गश्त कर रही पुलिस ने रिछोला किफायतुल्ला की पुलिया से नहर किनारे से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा था, जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से पुलिस को एक 312 बोर का तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया। उसने अपना नाम इसरार उर्फ लाला पुत्र शमशाद नई बस्ती पश्चिमी नवाबगंज बताया। चौकी इंचार्ज सुनील कुमार द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। इसके साथ ही थाने के उप निरीक्षक योगेन्द्र कुमार ने गश्त के दौरान ग्राम जरेली की पुलिया से एक युवक को पकड़ा था, जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक 312 बोर का तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम धनी उर्फ अनीस पुत्र मुन्ने ग्राम खतौआ बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया।

# अरुण गौतम होंगे नए न्यायिक अधिकारी 15 अप्रैल के बाद संभालेंगे चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** पिछले 6 माह से रिक्त चली आ रहे मुंसिफ कोर्ट के अरुण गौतम नए न्यायिक अधिकारी होंगे। न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति होने पर अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार द्वारा रविवार को जारी की गई न्यायिक अधिकारियों की तबादला सूची में कुनेलगंज गोंडा के ग्राम न्यायालय के न्यायिक अधिकारी अरुण गौतम को मुंसिफ कोर्ट नवाबगंज का न्यायायिक अधिकारी बनाया गया है। तहसील की मुंसिफ कोर्ट में न्यायिक अधिकारी की तैनाती होने पर एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सचिव पुष्पाल सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल, युवा अधिवक्ता राजीव गंगवार, मो0 ताहिर अंसारी, शारिक खां, निजाम हैदर जैदी, अनिल कुमार दिवाकर आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मीरगंज में विधायक ने बार पदाधिकारियों व नामित सभासदों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्रीय विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने बार एसोसिएशन मीरगंज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं नगर पंचायत के नामित सभासदों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन त्रिलोक चंद्र डिग्री कॉलेज, रहपुरा परिसर में किया गया।इस अवसर पर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्षा श्रुति गंगवार, गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष तेजपाल फौजी, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार एवं भूमि विकास बैंक अध्यक्ष होरीलाल गंगवार मौजूद रहे।

अतिथियों ने बार एसोसिएशन के चौथी बार अध्यक्ष बने अशोक उपाध्याय, महासचिव हरीश कुमार लाखा, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार प्रथम, सह सचिव प्रेमपाल मौर्य, ऑडिटर अरविंद कुमार द्वितीय, पूर्व बार अध्यक्ष सतीश चंद्र, रईस अहमद, नवीन कुमार सिंह सहित नगर पंचायत मीरगंज की नामित सभासद गीता गुप्ता, क्रांति सिंह आदि को सम्मानित किया।विधायक ने कहा कि बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी वादकारियों के हित में बेहतर कार्य करेंगे। कार्यक्रम में रमेश सागर, अभय गंगवार, संजीव कुमार, अवनीश गंगवार, अरुण गंगवार, राजू भारती सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# खनन माफियाओं पर प्रशासन हुआ सख्त, एक ट्रैक्टर ट्रॉली और पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** प्रशासन की छत्रछाया में हो रहे अवैध खनन पर एसडीएम उदित पवार ने सख्त रुख अख्तियार किया है। उनके निर्देशों पर राजस्व टीम ने खनन कर ले जाई जा रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़कर पुलिस के सुपर्द कर दिया।

एसडीएम उदित पवार को खनन करने की मिली सूचना पर उन्होंने तत्काल ही राजस्व कर्मियों को कार्यवाही के निर्देश दिए थे, जिस पर टीम ने ग्राम ईंधजागीर से एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि खनन माफिया ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया था। इसके साथ ही खनन अधिकारी को इसकी रिपोर्ट भेजी गई है। एक सप्ताह पूर्व भी एसडीएम उदित पवार के निर्देशों पर राजस्व टीम ने थाना हाफिजगंज के गांव मुड़िया भीकमपुर से खनन करते हुए चार ट्रैक्टर ट्रॉली और एक मशीन पकड़ी थी। प्रशासन की लाख कोशिशों के बाद भी क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

# बाली बाल टूर्नामेंट में दर्शकों को देखने मिला खिलाड़ियों का जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे में चल रहे हाजी रियासत हुसैन मेमोरियल आल इंडिया बाली बाल टूर्नामेंट में आजमगढ़ के सईद आलम की टीम का जलवा देखने को मिला। सईद आलम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करके बरेली और मेरठ की टीम को हराया। सईद आलम का खेल देखने के लिए दर्शकों से मैदान खचाखच भरा रहा जमकर आनंद लिया।



**आजमगढ़ के सईद आलम की टीम ने मेरठ को हराकर शानदार जीत दर्ज की**

गुजरात ,गोरखपुर, हरियाणा, मेरठ, आजमगढ़, बरेली, आशिफ चौधरी व आशिफ चौधरी की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करके जीत दर्ज की। सबसे पूर्व पूर्व मंत्री एवं सपा विधायक अता उर रहमान ने फीता काटकर बाली बाल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। अता उर रहमान स्वयं भी बाली बाल के खिलाड़ी रह चुके है उन्होंने खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई भी की। आयोजक इंसानी हमदर्द वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष हाजी गुड्डू ने कहा कि टूर्नामेंट कराने का उनका मकसद युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

# युवती को बहला-फुसलाकर ले गया युवक

- परिजनों ने दर्ज कराया मुकदमा
- फोन पर जान से मारने की धमकी , पुलिस ने तेज की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बहेड़ी में एक युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला कानून गोयान निवासी एक महिला ने थाना बहेड़ी में शिकायत दर्ज कराई है कि करन (22) पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम खतौला उनकी 20 वर्षीय पुत्री को अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया। आरोप है कि इस घटना में करन के साथ नितेश (26) पुत्र लालता प्रसाद ने भी उसका सहयोग किया। पीड़िता की मां का आरोप है कि घटना के बाद नितेश ने फोन कर गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी, जिससे परिवार में दहशत का माहौल है। वहीं, पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक और युवती एक-दूसरे को पहले से जानते थे।

इसके बावजूद परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। युवती की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है, और जल्द ही दोनों को बरामद कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवती को बहला-फुसलाकर ले गया युवक

अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापामारी, वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर एक सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बरेली। डिप्टी सीएमओ एवं नोडल अधिकारी डॉ. लईक अहमद अंसारी ने टीम के साथ जिले में छापामारी कर कई अल्ट्रासाउंड सेंटरों को चेक किया। इस दौरान एक सेंटर संचालक पंजीयन प्रमाण पत्र नहीं दिखा सका। टीम ने सेंटर को सील कर दिया। वहीं, जिन सेंटरों पर कमियां मिली हैं, उनके संचालकों को चेतावनी दी गई है।

नोडल अधिकारी ने कुंडरा कोठी स्थित मन्नत अल्ट्रासाउंड, जीवन ज्योति अल्ट्रासाउंड,रिछा के हर्ष कला अल्ट्रासाउंड, बहेड़ी में ग्लोबल, हिंद, यूनिक, मैक्स, लाइफ लाइन, अरोरा, नियाजी और विद्या अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान हिंद अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर टीम ने सेंटर को सील कर दिया। संचालक को तीन दिन के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। दस्तावेज न दिखाने पर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, निरीक्षण के समय मैक्स और लाइफ लाइन अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद मिले। विभाग ने सभी संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे शासन के मानकों के अनुरूप ही सेवाएं संचालित करें। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित सेंटर के संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 10 अप्रैल से होगा गोरखपुर-लालकुआं साप्ताहिक ट्रेन का संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने 05009/05010 गोरखपुर-लालकुआं-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचालन गोरखपुर से 10 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को और लालकुआं से 11 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को करने का फैसला लिया है। इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के अनुसार 05009 गोरखपुर-लालकुआं ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन 10 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से 17.05 बजे चलकर बस्ती 18.20 , गोंडा 20.10 , सीतापुर जंक्शन 23.00 बजे, दूसरे दिन लखीमपुर 00.05 बजे, गोला गोकरननाथ 00.37, मैलानी 01.35, पूरनपुर 02.27 , पीलीभीत 03.30 , भोजीपुरा 05.15 और किच्छा से 06.05 बजे छूटकर लालकुआं 08.00 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05010 लालकुआं-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक ट्रेन 11 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को लालकुआं से 10.00 बजे चलकर किच्छा से 11.42 , भोजीपुरा से 13.00 , पीलीभीत से 14.17 , पूरनपुर से 15.20 , मैलानी से 16.20, गोला गोकरननाथ से 17.10, लखीमपुर से 17.32 , सीतापुर जंक्शन से 18.45 , गोंडा से 21.50 व बस्ती से 23.32 बजे छूटकर दूसरे दिन गोरखपुर 01.15 बजे पहुंचेगी।

# दूसरे समुदाय के युवक ने बनाया शादी का दबाव

- परेशान होकर युवती ने पी लिया तेजाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** दूसरे समुदाय के युवक ने युवती पर शादी का दबाव बनाया। परेशान युवती ने तेजाब पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। युवती के पिता की तहरीर पर सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। युवती की शादी 30 अप्रैल को होनी है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उसके घर के मोबाइल नंबर पर एक अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल उसकी बेटी ने उठाई। कॉल करने वाले ने खुद को पड़ोस में रहने वाला साहिद रज्जाक बताया। पीड़ित ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 30 अप्रैल को होनी है। पड़ोसी साहिद उसकी बेटी पर अपने साथ शादी करने का दबाव बना रहा है जिससे परेशान होकर उनकी बेटी ने 2 अप्रैल की शाम को तेजाब पी लिया। उसे बदायूं रोड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। युवती के पिता ने बताया कि अब साहिद का भाई मुसाहिद और पिता याकूब लगातार उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सुभाषनगर पुलिस ने साहिद रज्जाक, मुसाहिद रज्जाक, याकूब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# तलाक के बाद भी पति ने की पत्नी से छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** तलाक के बाद भी पति पत्नी को रास्ते में रोककर अश्लील हरकतें कर परेशान कर रहा है। महिला का आरोप है कि पति ने एआई से उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर दी है। महिला ने एसएसपी से मामले की शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिला पीलीभीत के बरखेड़ा थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि वह मौजूदा समय में बारादरी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रह रही है। महिला ने बताया कि उससे पति का 11 सितंबर 2025 को तलाक हो चुका है। आरोप है कि तलाक के बाद भी पति उसे रास्ते में रोककर अश्लील हरकतें करता है। विरोध करने पर मारपीट और गाली गलौज की जाती है। आरोप है कि 29 मार्च को पति उसके घर पर आ धमका और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अगले दिन वह कई युवकों के साथ उसके घर पहुंचा। महिला ने बताया कि पति एआई से उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर रहा है। बारादरी पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र निवासी उसके पति और अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# एक हजार साल बाद सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अवशेषों का नाथ नगरी में आगमन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की ओर से नाथ नगरी के त्रिवटी नाथ मंदिर में एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन होने जा रहा है। जहां पर एक हजार वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेष छह अप्रैल को पहुंचेंगी। जिन्हें आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में देशभर में ले जाया जा रहा है।

बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम से स्वामी भव्य तेज इसे बरेली लेकर पहुंचेंगे। 6 अप्रैल की सुबह 8.30 बजे से प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर में कार्यक्रम शुरू होगा। वीडीएस कोआर्डिनेटर श्वेता कुनार ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग 6 अप्रैल को नाथ नगरी में एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक घटना की साक्षी बनने जा रही है। पूरे देश की यात्रा के अंतर्गत श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेष जो 100 वर्षों तक तमिलनाडु में गुप्त रूप से संरक्षित रहे, इस पावन नगरी में पहुंचेंगे। यह यात्रा 1000 वर्षों की तपस्या, भक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है, जो लंबे समय से भारतीय आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का कार्य आर्ट ऑफ लिविंग संस्था कर रही है। जिसका मूल मंत्र है तनाव मुक्त मन, हिंसा मुक्त समाज। यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और




आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है। 1000 वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेषों को लेकर यात्रा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु से होते हुए प्रदेश में झांसी, कानपुर, आगरा, मेरठ, मुरादाबाद होते हुए 6 अप्रैल को बरेली पहुंचेगी। आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक सौरभ मेहरोत्रा ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर जिले की एक नई पहचान स्थापित करेगा। श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेषों का आगमन शहर के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ करेगा। कार्यक्रम त्रिवटी नाथ मंदिर में प्रात 8:30 से 1:00 बजे तक आयोजित होगा। सोमनाथ शिवलिंग पूजा, आर्ट ऑफ लिविंग भजन-संकीर्तन और दर्शन होगा। इस मौके पर पार्थो कुनार, श्वेता कुनार, रीना अग्रवाल, अमित, सौरभ, वृजवासी, मंदिर ट्रस्ट नवीन गोयल, गोपाल, अशोक मौजूद रहे।

वीडीएस कोआर्डिनेटर बरेली गोपाल भारण अग्रवाल ने कहा कि इतिहास के अनुसार वर्ष 1026 ईसवीं में आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। लेकिन, आस्था की ज्योति निरंतर प्रज्वलित रही। पवित्र शिवलिंग के अवशेषों को अग्निहोत्री पुजारियों ने 900 वर्षों तक गुप्त रूप से सुरक्षित रखकर पूजा-अर्चना की, जो पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित होते रहे। सन् 1925 में कांची के शंकराचार्य ने भविष्यवाणी की कि इन अवशेषों को उचित समय पर ऐसे योग्य आध्यात्मिक नेतृत्व को सौंपा जाए। जिनके नाम में शंकर हो। जनवरी 2025 में परंपरा के अंतिम संरक्षक सीताराम शास्त्री ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ये अवशेष गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर को सौंपे थे।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद दानिश व उसकी पत्नी बबली को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर, मैंने व परिवार ने सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं और मेरे परिवार के अन्य सदस्य उपरोक्त किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**तौफीक अहमद पुत्र मोहम्मद मुंशी निवासी मोहल्ला नूरीनगर लाइनपार थाना व तहसील बहेड़ी जिला बरेली**

# इज्जतनगर रेल मंडल नेराजस्व और यात्रियों में बनाया कीर्तिमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे का इज्जतनगर मंडल अब भारतीय रेल के मानचित्र पर एक परफॉर्मेंस हब के रूप में उभर कर सामने आया है। राजस्व और यात्रियों की संख्या व सुविधाओं में मंडल ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। डीआरएम कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एडीआरएम और सीनियर डीसीएम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के जो आंकड़े पेश किए, वह मंडल की बदलती तस्वीर की तस्दीक करते हैं।

अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) मनोज कुमार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की इज्जतनगर मंडल की ऐतिहासिक उपलब्धियां साझा करते हुए बताया कि मंडल ने इस वर्ष न केवल अपनी अखिल भारतीय रैंकिंग में सुधार किया है, बल्कि आय के नए रिकॉर्ड भी स्थापित किए हैं। अखिल भारतीय स्तर पर मंडल ने 9वां स्थान हासिल किया है, जो वर्ष 2019 के बाद से अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। समयबद्धता और उत्कृष्ट परिचालन के कारण मंडल ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। सीनियर डीसीएम संजीव कुमार ने बताया कि मंडल का राजस्व बढ़कर 560.19 करोड़ तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 3.81 प्रतिशत अधिक है। यात्रियों के भरोसे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस वर्ष कुल 6.9 करोड़ (69 मिलियन) यात्रियों ने इज्जतनगर मंडल की सेवाओं का लाभ उठाया। यात्री आय में भी 4.35 प्रतिशत का उछाल देखा गया, जिससे यह 365.46 करोड़ के पार पहुंच गई है। इसके अलावा, माल ढुलाई से मंडल को 161.66 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि बिना टिकट यात्रा और अन्य अनियमितताओं पर सख्ती बरतते हुए 20.03 करोड़ की वसूली की गई है। प्रेसवार्ता में बताया गया कि मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी और सुगम हुई है। डिजिटल इंडिया की दिशा में कदम बढ़ाते हुए श्यूटीएस ऑन मोबाइलश ऐप के जरिए होने वाली बुकिंग में 34.42 प्रतिशत की आय वृद्धि दर्ज की गई। कुछ नई ट्रेनों की डिमांड भेजी गई है। वंदे मातरम के लिए कुछ ओर स्टेशन अपग्रेड किए जा रहे हैं। एडीआरएम मनोज कुमार ने कहा कि कुल मिलाकर यह उपलब्धियां इज्जतनगर मंडल की पूरी टीम के उस साझा प्रयास का परिणाम हैं, जिसने सुविधा और शुचिता को रेल सेवा का पर्याय बना दिया है।

# आईपीएल - 12वां मैच, केकेआर को वापसी की तलाश

## कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आज पंजाब किंग्स अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 12वें मैच में यहां ईडन गार्डन्स में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। दोनों टीमें इस मुकाबले में बिल्कुल अलग फॉर्म और आत्मविश्वास के स्तर के साथ उतर रही हैं।

केकेआर जहां वापसी की तलाश में होगी वहीं पंजाब किंग्स जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए इस सीजन की शुरुआत मुश्किल रही हैद्ध उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा है और वे अंक तालिका में नीचे खिसक गए हैं। उनकी बैटिंग यूनिट ने अपनी क्षमता की झलक तो दिखाई है, लेकिन उसमें निरंतरता की कमी रही है। उम्मीद है कि कप्तान अजिक्य रहाणे टॉप ऑर्डर को स्थिरता प्रदान करेंगे। युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी अब तक टीम के लिए एक सकारात्मक पहलू रहे हैं, जबकि फिन एलन पावरप्ले में आक्रामक तेवर दिखाते हैं। मिडिल ऑर्डर, जिसमें कैमरन ग्रीन, रिकू सिंह और रमनदीप सिंह शामिल हैं, को एक मजबूत विरोधी टीम को चुनौती देने के लिए अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े और असरदार योगदान में बदलने की जरूरत होगी। केकेआर की गेंदबाजी आक्रमण को नियंत्रण बनाए रखने में संघर्ष करना पड़ा है, और वरुण चक्रवर्ती को अभी तक मिडिल ओवर्स में अपनी लय नहीं मिल





पाई है। वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी और ब्लेसिग मुजारबानी जैसे तेज गेंदबाज शुरुआती सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे, जबकि सुनील नारायण और अनुकूल रॉय जैसे ऑलराउंडर टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। मनीष पांडे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी से टीम की बेंच स्ट्रेंथ और भी मजबूत हो जाती है। इसके विपरीत, पंजाब किंग्स ने लगातार जीत के साथ इस सीजन की जोरदार शुरुआत की है और टीम के सभी विभाग काफी संतुलित नजर आ रहे हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर अच्छी फॉर्म में हैं और केकेआर के खिलाफ उनका रिकॉर्ड भी काफी शानदार रहा है, जिससे वह टीम की बैटिंग लाइनअप के एक अहम खिलाड़ी बन गए हैं। ओपनर्स प्रभसिमरन सिंह और कूपर कॉनली ने टीम को ठोस शुरुआत दी है, जबकि मिडिल ऑर्डर में नेहल वढेरा, शशांक सिंह और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस जैसे खिलाड़ी टीम को गहराई और आक्रामक क्षमता प्रदान करते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी भी काफी असरदार रहा है, जिसकी अगुवाई युजवेंद्र चहल कर रहे हैं। मिडिल ओवर्स में विकेट लेने की उनकी क्षमता टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। तेज गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, विजयकुमार वैशाक और ऑलराउंडर मार्को जानसेन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो टीम के गेंदबाजी में विविधता और नियंत्रण दोनों लाते हैं। प्रियांश आर्य जैसे 'इम्पैक्ट प्लेयर्स' टीम की बेंच स्ट्रेंथ को और भी मजबूत बनाते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ईडन गार्डन्स की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित होगी। इस मैदान पर हाल के मैचों के रुझानों को देखते हुए, इस मैच में भी बड़े स्कोर बनने की पूरी संभावना है। रोशनी के नीचे ओस के कारण टीमों को पीछा करने में मदद मिल सकती है, जिससे टॉस एक महत्वपूर्ण कारक बन जाएगा, क्योंकि टीमें संभवतष् पहले गेंदबा. जी करना पसंद करेंगी। कुल मिलाकर, प्रतियोगिता एक स्पष्ट विरोधाभास प्रस्तुत करती है: कोलकाता नाइट राइडर्स स्थिरता और सीजन की पहली जीत की तलाश में है, जबकि पंजाब किंग्स का लक्ष्य जीत की लय को आगे बढ़ाना और तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करना है।

# मुश्किल दौर के बाद अपनी लैंथ पर बहुत काम किया: रवि बिश्नाई

**अहमदाबाद।** राजस्थान रायल्स (आरआर) गेंदबाज रवि बिश्नोई ने कहा कि 2025 के मुश्किल दौर के बाद मैंने अपनी लेंथ, फिजिकल, तकनीकी और मानसिक पहलुओं पर बहुत काम किया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ शनिवार रात जीत के बाद बिश्नोई ने प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब लेने के बाद कहा कि पिछला सीजन मुश्किल था।

लेकिन मैंने अपने प्रोसेस पर भरोसा रखा। मेरी एक कमजोरी थी कि अगर मेरी लेंथ ग़लत होती थी तो मुझे चौके और छक्के पड़ते थे। मैं उसी पर काम कर रहा था। मैंने पूरा घरेलू सीजन खेला और अपनी लेंथ को बेहतर किया। सही लेंथ पर गेंद डालने से बल्लेबाजों के लिए मुश्किल होती है। आज भी जब गेंद ज्यादा फुल हुई तो मुझे मार पड़ी। मानसिक, तकनीकी और फिजिकल, मैंने तीनों पहलुओं पर काम किया है। ऑफ सीजन में और मैचों के बीच भी मैंने फिटनेस पर बहुत मेहनत की है, कल मैच में बिश्नोई ने 11वें ओवर में साई सुदर्शन को आउट किया। फिर 13वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स और वॉशिंगटन सुंदर को पवेलियन भेजा। 15वें ओवर में उन्होंने राहुल तेवतिया का विकेट लेकर स्पेल पूरा किया। फिलिप्स को छोड़कर उनके बाकी सभी शिकार बाएं हाथ के बल्लेबाज थे। ग्राउंड के एक तरफ बाउंड्री बड़ी थी और उनके पास कई बाएं हाथ के बल्लेबाज थे, इसलिए मैं मिडल और लेग से गुगली डालने की कोशिश कर रहा था, जिससे उनके लिए लेग साइड की बड़ी बाउंड्री पार करना मुश्किल हो।

# मोहम्मद शमी की आंधी में उड़ा हैदराबाद

**हैदराबाद।** लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत के साथ ही अब इस सीजन में 7 टीमों ने अपना खाता खोल लिया है। लखनऊ की 2 मैच में ये पहली जीत है, जबकि सनराइजर्स की 3 मैच में दूसरी हार है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी आईपीएल 2026 में अपना खाता खोल ही लिया है।

ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ ने सीजन के अपने दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को करीबी मुकाबले में 5 विकेट से हराया और पहली जीत दर्ज की। अपने घर में छोटे स्कोर वाले मुक. ाबले में हारने के बाद लखनऊ ने हैदराबाद को उसके घर में शिकस्त दी। स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के घातक स्पैल के दम पर सनराइजर्स को 156 रन पर रोकने के बाद लखनऊ ने कप्तान ऋषभ पंत के जुझारू अर्धशतक के दम पर आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। हैदराबाद के



■ ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ ने सीजन के अपने दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को उसके घर में करीबी मुकाबले में 5 विकेट से हराया और पहली जीत दर्ज की, पंत ने आईपीएल सीजन में अपना पहला अर्धशतक भी लगाया

राजीव गांधी स्टेडियम में रविवार 5 अप्रैल को 'डबल हेडर' के पहले मैच में लखनऊ ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर ये जीत दर्ज की। पहले मैच की ही तरह लखनऊ के तेज गेंदबाजों ने एक बार फिर शुरुआती ओवर्स में ही बैटिंग टीम को बैकफुट पर धकेल दिया था। मोहम्मद शमी इस बार भी लखनऊ के बालिंग अटैक की जान रहे, जिन्होंने सिर्फ 7 गेंदों के अंदर ही हैदराबाद के दोनों विस्फोटक ओपनर, अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड, को पवेलियन लौटा दिया था। शमी ने लगातार 4 ओवर डाले और सिर्फ 9 रन देकर 2 विकेट लिए। शमी के अलावा युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव (2/34) और स्पिनर मणिमारन सिद्धार्थ (1/29) ने भी हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग को खुलने का मौका नहीं दिया, जिसके चलते टीम ने सिर्फ 26 रन तक 4 विकेट गंवा दिए थे। हालत ये थी कि शुरुआती 10 ओवर में ैत्भ् के स्कोर में सिर्फ 35 रन ही जुड़े थे, मगर ऐसे वक्त में हेनरिख क्लासन (62) और नीतीश कुमार रेड्डी (56) ने पारी को संभाला और काउंटर अटैक किया। दोनों ने बेहतरीन अर्धशतक जमाते हुए 116 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। मगर आखिरी 2 ओवर में हैदराबाद सिर्फ 12 रन बना सकी और 4 विकेट गंवा दिए, जिसका उसे खामियाजा भुगतना पड़ा। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श और एडन मार्करम की ओपनिंग जोड़ी की वापसी हुई और दोनों ने तेज शुरुआत दिलाई। हालांकि मार्श जल्दी आउट हो गए लेकिन मार्करम (45) ने हमला जारी रखा और कप्तान पंत के साथ 40 रन की पार्टनरशिप की। मगर यहीं पर अचानक 2-3 विकेट गिर गए और जल्द ही स्कोर 105/4 हो गया। इस वक्त तक पंत खुलकर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और अब्दुल समद के साथ मिलकर कुछ बाउंड्री बटोरकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। इस दौरान पंत ने सीजन में अपना पहला अर्धशतक भी लगाया। आखिरी ओवर में लखनऊ को 9 रन की जरूरत थी और लखनऊ के कप्तान ने 3 चौके लगाकर टीम को जीत दिलाई। पंत 50 गेंदों में 68 रन बनाकर नाबाद लौटे। इस तरह लखनऊ इस सीजन में जीत दर्ज करने वाली 7वीं टीम बन गई।

# 800 से ज्यादा प्रतिभागियों ने विभिन्न गेम जोन में भाग लिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' के 68वें संस्करण में नियमित पांच किमी साइकिलिंग राइड के अलावा, विश्व स्वास्थ्य दिवस से दो दिन पहले, 800 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न फिटनेस जोन में हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जैसे संगठनों ने इसमें विशेष साझेदारों के रूप में शामिल हुए। आज यहां यहां डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिग पूल कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में कई एक्टिविटी जोन में बैडमिटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, रस्साकशी, योग, स्किपिग चुनौतियां, और यहां तक कि कैरम, लूडो और सांप-सीढ़ी जैसे पुराने जमाने के इनडोर खेल भी शामिल थे।



आयुष मंत्रालय की 'योग 365' पहल के तहत एक विशेष योग परामर्श बूथ बनाया गया था, जहां प्रतिभागियों ने निर्देशित सत्रों और परामर्शों के माध्यम से तनाव कम किया। वहीं, दिमागी कसरत के लिए 'स्मार्ट वॉल फिटनेस चैलेंज' और 'डार्ट्स स्टेशन' ने सभी आयु वर्ग के लोगों को खूब आकर्षित किया। दिल्ली की स्थानीय निवासी रितु शर्मा ने कहा कि मैं यहां सिर्फ साइकिल चलाने आई थी, लेकिन यह एक पूरे फिटनेस उत्सव जैसा लग रहा है। मेरे बच्चे बैडमिटन और टेबल टेनिस खेल रहे हैं, जबकि मैं योग कर रही हूं। यहां हर किसी के लिए कोई न कोई एक्टिविटी मौजूद है। इस आयोजन की सबसे खास बात थी भारत के स्वास्थ्य सेवा समुदाय की जबरदस्त भागीदारी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जैसे संगठनों ने इसमें विशेष साझेदारों के रूप में हाथ मिलाया। ईएसआईसी सामाजिक सुरक्षा जैसे साझेदारों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा और फिटनेस का एक शक्तिशाली संगम देखने को मिला, जिसने इस संदेश को और मजबूत किया कि बीमारियों से बचाव और सक्रिय जीवनशैली, दोनों पूरक हैं। डॉक्टर और नर्स को अक्सर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे आगे देखा जाता है।

## मैड्रिड में निकी का जलवा



**मैड्रिड (स्पेन)।** भारत के निकी कालियंडा पूनाचा और उनके जोड़ी थाईलैंड के प्रुच्य इसारो ने ओपन मेनोर्का 2026 टेनिस टूर्नामेंट में युगल का खिताब जीत लिया। क्ले कोर्ट पर खेले गए एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पूनाचा और इसारो की जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी भारत के सिद्धांत बंथिया और बुल्गारिया के अलेक्जेंडर डोंस्की की जोड़ी से एक घंटे 20 मिनट में 6-3, से हरा दिया। पूनाचा और उनके थाई पार्टनर ने पहले सेट को जीतने के लिए पांचवें और नौवें गेम में अपने विरोधियों की सर्विस तोड़ी। जीत की लय को बरकरार रखते हुए, निकी कालियंडा पूनाचा और प्रुच्य इसारो ने अगले सेट के दूसरे गेम में भी बंथिया और डोंस्की की सर्विस तोड़ी, लेकिन अगले ही गेम में उन्हें तुरंत वापसी का मौका मिल गया।

# करनदीप कोचर इंटरनेशनल सीरीज में पांचवें स्थान पर रहे

**चिबा.जापान।** भारत के करनदीप कोचर ने रोमांचक चौथे राउंड में बर्डी की हैट्रिक लगाकर 2 मिलियन डॉलर की इंटरनेशनल सीरीज जापान में पांचवां स्थान हासिल किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस स्मिथ ने रविवार को कैलेडोनियन गोल्फ क्लब में आखिरी होल पर ईगल लगाकर खिताब जीता।

उथल-पुथल भरे तीसरे राउंड के बाद कोचर आखिरी दिन बोगी-फ्री रहे और उन्होंने चौथे, 16वें, 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर टूर्नामेंट को 12-अंडर 272 के साथ खत्म किया, जो विजेता स्मिथ से तीन शॉट पीछे थे। इस बीच, स्मिथ का ड्रीम रन तब जारी रहा जब उन्होंने पार-फाइव 18वें होल पर ईगल पट लगाकर टूर्नामेंट को एक शॉट से शानदार तरीके से जीत लिया। टोक्यो के पास कैलेडोनियन



गोल्फ क्लब में एक शानदार फिनिश में, स्मिथ 20-फुटर शॉट मारकर थाईलैंड के पावित तांगकामोलप्रासर्ट और जापान के रयोसुके किनोशिता के साथ प्ले-ऑफ से बाल-बाल बच गए। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के शानदार आखिरी पट में उन्होंने सात-अंडर- पार 64 का स्कोर किया और 15-अंडर पर पहुंच गए, जबकि पावित और किनोशिता दोनों क्लब हाउस में 14-अंडर पर थे। पावित और किनोशिता ने पहले ही टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशष् 62 और 63 के शानदार राउंड शूट किए थे, और बहुत पीछे से आगे आए थे। पावित आखिरी ग्रुप से 10वें और किनोशिता छठे स्थान पर थे। कोरिया के होंगटेक किम और जापान के शुगो इमाहिरा ने दिन की शुरुआत लीड शेयर करते हुए की थी, लेकिन वे तय हो रही तेज रफ्तार के साथ तालमेल नहीं बिठा पाए। किम ने 69 का स्कोर करके बराबरी पर पांचवां स्थान हासिल किया, जबकि इमाहिरा ने 70 का स्कोर करके बराबरी पर सातवां स्थान हासिल किया। इवेंट द इंटरनेशनल सीरीज पर सीजन का ओपनिंग इवेंट है, और यह स्मिथ की सीरीज में पहली सफलता है - एशियन टूर पर इवेंट्स का अपर-टियर लेवल जो द इंटरनेशनल सीरीज रैंकिंग्स के जरिए लिव गोल्फ लीग का रास्ता दिखाता है।

# बीसीबी के तीन डायरेक्टर्स ने एक ही दिन में इस्तीफा देकर चौंकाया

■ फैजुर रहमान ने बैठक समाप्त होने के तुरंत बाद बोर्ड को निर्णय के बारे की जानकारी दी जबकि शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने भी थोड़ी ही देर बाद कदम उठाया

**ढाका।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के तीन डायरेक्टर फैजुर रहमान, शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने लंबी चली बैठक के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

शनिवार को ढाका में हुई लंबी बोर्ड बैठक के बाद कुछ ही घंटों में बीसीबी के तीन डायरेक्टरों ने इस्तीफी दे दिया। फैजुर रहमान ने बैठक समाप्त होने के तुरंत बाद बोर्ड को अपने निर्णय के बारे की जानकारी दी, जबकि शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने भी थोड़ी ही देर बाद यही कदम उठाया। इस तरह बीसीबी चुनाव के छह महीने से भी कम समय में इस्तीफा देने वाले डायरेक्टरों की संख्या छह हो गई है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका कि बैठक में ऐसा क्या हुआ, जिसकी वजह से फैजुर, तनीम और चौधरी ने यह फैसला लिया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने की, जबकि अस्वस्थ होने के कारण उपाध्यक्ष फारूक अहमद ऑनलाइन जुड़े। बैठक के बाद नए मीडिया चेयरमैन मोहम्मद मुखसेदुल कमाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें फैजुर के पद छोड़ने की जानकारी मीडिया से मिली। अन्य दो डायरेक्टरों ने संवाददाता सम्मेलन के बाद इस्तीफा दिया। कमाल ने कहा, ष्हमने बोर्ड में इस पर चर्चा नहीं की। जिन्होंने इस्तीफा दिया, उन्होंने निजी कारण बताए हैं। यह उनका व्यक्तिगत फ़ैसला है। जिनका आप जिक्र कर रहे हैं द्धफैजुरऋ, वे बैठक में हमारे साथ मौजूद थे। हमें बैठक के बाद उनके इस्तीफे की खबर मिली।ष फैजुर क्रिकेट कमेटी ऑफ ढाका मेट्रोपोलिस के उपाध्यक्ष थे। हाल ही में उन्होंने बीसीबी की लीग्स को सही तरीके से चलाने में कमी पर खुलकर सवाल उठा चुके थे।

सरकार फिलहाल पिछले साल अक्तूबर में हुए बीसीबी चुनावों की जांच कर रही है, और इस पर बनी समिति अगले हफ्ते अपनी रिपोर्ट खेल मंत्रालय को सौंप सकती है। खेल मंत्री अमीनुल हक़ ने यह भी कहा है कि वह यह जांच करवाना चाहते हैं कि बंगलादेश इस साल भारत और श्रीलंका में हुए टी-20 विश्व कप में क्यों हिस्सा नहीं ले सका। पिछले हफ्ते संसद सत्र में उन्होंने बीसीबी में राजनीतिक पक्षपात के आरोपों की भी जांच कराने की बात कही।

## बोर्ड के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संवैधानिक संशोधन जरूरी: जांच समिति

**ढाका।** नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी)के 2025 के चुनावों में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए बनाई गई पांच-सदस्यीय स्वतंत्र जांच समिति के अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एकेएम असदुज्जमां ने रविवार को कहा कि उन्होंने बोर्ड के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए संवैधानिक संशोधन की सिफारिश की है।



यहां रिपोर्ट जमा करने के बाद एनएससी परिसर में पत्रकारों से बातचीत में असदुज्जमां ने कहा, ष्जैसा कि आप जानते हैं, हम आज यहां इसलिए आए हैं क्योंकि हमें एक जांच का काम सौंपा गया था। हमने अपनी जांच पूरी कर ली है और आज रिपोर्ट जमा करने आए हैं। हमने इसे आधिकारिक तौर पर सौंप दिया है।ष उन्होंने कहा, ष्हमने पूरी प्रक्रिया के दौरान पूरी तरह से निष्पक्ष रहने का प्रयास किया। हमने उन सभी लोगों से पूछताछ की, जिनका हमें इसमें कोई भी हाथ लगा। हमें जो भी पता चला, उसके आधार पर हमने बिना किसी बेबुनियाद आरोप के, एक संक्षिप्त और निष्पक्ष रिपोर्ट तैयार की है। हमने चुनाव से जुड़ी अपनी टिप्पणियों को ठीक वैसे ही बताया है, जैसा हमने उन्हें पाया। जब आप रिपोर्ट देखेंगे, तो आपको सारी बातें समझ आ जाएंगीद्ध हमने किसी खास व्यक्ति को निशाना नहीं बनाया है, बल्कि चुनाव प्रक्रिया पर अपनी निष्पक्ष टिप्पणियां और सुझाव दिए हैं।ष उन्होंने कहा कि अभी इस द्धरिपोर्टऋ पर टिप्पणी करना मेरे लिए सही नहीं होगा। हमने रिपोर्ट मंत्रालय को सौंप दी है। वे इसकी समीक्षा करेंगे और जरूरी जानक. ारी सार्वजनिक करेंगे। मैं फिर से इस बात पर जोर देना चाहूंगा: हम कोई अदालत नहीं हैं। हम वहां किसी पर आरोप लगाने या धारा 432 जैसी आपराधिक सुनवाई की प्रक्रिया का पालन करने के लिए नहीं गए थे। यह हमारा काम नहीं था। हमने यह जांच करने के लिए एक पड़ताल की कि क्या कानूनी प्रक्रियाओं का सही ढंग से पालन किया गया था। हमने किसी पर भी 'आरोप' नहीं लगाया। हमने व्यवस्था के बारे में बताया कि क्या हुआ और क्या नहीं।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 6 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# खतरनाक मोड़

अमेरिका-इस्राईल और ईरान संघर्ष अब सैन्य ठिकानों से आगे बढ़कर ऊर्जा और बुनियादी ढांचे पर हमलों तक पहुंच गया है। पुल, रिफाइनरी और गैस सुविधाओं को निशाना बनाने से वैश्विक तेल सप्लाई प्रभावित हुई है। होर्मुज स्ट्रेट संकट से तेल कीमतें बढ़ने और वैश्विक महंगाई - मंदी का खतरा बढ़ गया है, जबकि शांति प्रयास जारी हैं। अमे. रिका-इस्राईल और ईरान जंग सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से इतर अब पूरी तरह मूलभूत सुविधाओं को तबाह करने की तरफ मुड़ गई है। बीते 24 घंटे में दोनों पक्षों ने पुल, रिफाइनरी और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले किए हैं। यह दुनिया के लिए बहुत बुरी खबर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों दावा किया कि उनकी ईरान की नई रेजीम के साथ अच्छी बात चल रही है। फिर देश के नाम संबोधन में उन्होंने ईरान को पाषाण युग में भेजने की धमकी दी और अब शांति के प्रयासों से हटकर बात तबाही पर आ गई है। अमेरिका ने तेहरान के पास एक पुल पर बम गिराया, तो ईरान ने कुवैत और यूएई में एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर निशाना साधा। धमकी दी है कि वह पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी असेट्स को बर्बाद कर देगा, लेकिन इसमें नुकसान पूरी दुनिया का है। होर्मुज स्ट्रेट पर ईरानी नाकाबंदी की वजह से पहले ही लगभग 20 प्रतिशत ग्लोबल ऑयल सप्लाई कम हो गई है। माना जा रहा है कि अगर जंग रुकती है, तो सप्लाई को फिर से सामान्य करने में कुछ महीने लग सकते हैं, लेकिन अगर एनर्जी इंफास्ट्रक्चर पर हमले हुए, तो उससे उबरने में कई साल लग जाएंगे। कुवैत, कतर और सऊदी अरब की ऑयल-गैस फैसिलिटीज और ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड को पहले ही इस युद्ध में काफी नुकसान पहुंचा है। कतर के ऊर्जा मंत्री शेरिडा अल-काबी ने तो पिछले महीने कहा था कि उनके देश की निर्यात क्षमता 17 प्रतिशत तक कम हो सकती है। अभी देशों के पास अपना स्ट्रैटिजिक रिजर्व है और इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी की अपील पर सदस्य देशों ने भी ऑयल रिजर्व रिलीज करने पर हामी भरी है। वहीं भारत ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को क्रूड ऑयल के बढ़ते दाम के दबाव से बचाने के लिए बीते दिनों एक्साइज ड्यूटी में कटौती की, लेकिन अगर हमले जारी रहते हैं, तो सारे इमरजेंसी इंतजाम भी नाकाफी साबित होंगे। इस बीच, क्रूड ऑयल के 200 डॉलर प्रति बैरल तक जाने के अनुमान भी लगाए जा रहे हैं। खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था तेल से जुड़ी है और उस तेल से कई देशों की अर्थव्यवस्था जुड़ती है। इसमें गड़बड़ी से मंदी और महंगाई की दोहरी मार पड़ेगी, जिसका असर भी दिखने लगा है। होर्मुज को खुलवाने के लिए कई देश मिलकर प्रयास कर रहे हैं। यह तो जरूरी है ही, जल्द ही यह युद्ध भी रुकना चाहिए।

## सही मंशा होती है, तो शंका नहीं होती



पहले जनगणना कराई जाए, फिर महिला आरक्षण की बात उठाई जाए, जब गिनती ही गलत होगी, तो आरक्षण कैसे सही होगा, अगर किसी काम को करने की सही मंशा होती है, तो शंका नहीं होती है, महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है, आरक्षण का आधार अगर कुल सीटों का 1/3 (एक तिहाई) है, तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है और गणित का आधार अंक होते हैं, संख्याएं होती हैं, कोई हवा हवाई बात नहीं, इस तरह के मामले में संख्या का आधार जनसंख्या होती है, जिसका आधार जनगणना होती है, जब महिलाओं की जनसंख्या के लिए 2011 के पुराने आंकड़ों को आधार बनाएंगे, तो महिला आरक्षण की आधारभूमि ही गलत होगी, जब भूमि में ही दोष होगा तो सच्ची फसल कैसे उगेगी। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# युद्ध अपराधी हैं डोनाल्ड ट्रम्प व नेतन्याहू





**तनवीर जाफरी**

अमेरिका व इस्राईल द्वारा संयुक्त सैन्य अभियान चलाकर ईरान पर थोपे गए बलात युद्ध को पांच सप्ताह बीत चुके हैं। पूरी दुनिया में अपनी फजीहत होती देख राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने अब खिसियाहट में ईरान के आधारभूत ढांचों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अमेरिका ने पिछले दिनों ईरान की राजधानी तेहरान और कराज को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे राजधानी के सबसे ऊंचे सस्पेंशन ब्रिज को ध्वस्त कर दिया। लगभग 1 किलोमीटर से अधिक लंबे और 136 मीटर ऊंचे इस निर्माणाधीन हाईराइज ब्रिज पर पिछले दिनों अमेरिका और इजराइल ने मिलकर दो बार एयरस्ट्राइक की। इन हवाई हमलों के परिणामस्वरूप पुल का बड़ा हिस्सा बर्बाद हो गया। इस हमले में कम से कम 8 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हुए। इस हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इस पुल के ढहते हुए वीडियो शेयर कर ईरान को धमकी देते हुए लिखा कि डील कर लो, वरना बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने लिखा कि अगर ईरान ने अपना रुखघ् नहीं बदला तो उस देश में कुछ भी नहीं बचेगा जो कभी महान देश बन सकता था। ट्रंप ने इस हमले को अमेरिकी सेना की ताकत का छोटा नमूना बताया और यह संकेत दिया कि अगर ईरान डील से मना करता है तो देश के पावर प्लांट, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क आदि अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर भी अगले निशाने हो सकते हैं।

इसी अमेरिका ने युद्ध की शुरुआत में 28 फरवरी को ही ईरान के मिनाब शहर में शजारेह तैय्एबह बालिका प्राथमिक स्कूल की ईमारत पर टॉमहॉक मिसाइल मिसाइल से हमला कर लगभग 175 लोगों को शहीद कर दिया था इनमें अधिक. ांश स्कूल की बच्चियां शामिल थीं। स्कूल के पास ही दवाखाना व अन्य नागरिक सुविधाएं भी थीं। इसी हमले के चलते न केवल ईरान ने अमेरिका को युद्ध अपराध का दोषी ठहरा दिया था बल्कि दुनिया भर में भी इसे युद्ध अपराध करार दिया गया। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के मूल सिद्धांतों के तहत जिनेवा कन्वेंशन्स 1949 व इसके एडिशनल प्रोटोकॉल्स 1977 के अंतर्गत युद्ध में रिहाइशी इलाकों,स्कूलों, अस्पताल, पानी की व्यवस्था संबंधित प्लांट्स, बिजली ग्रिड,पुल जैसे बुनियादी ढांचों पर हमले सामान्यतः नहीं किए जा सकते। यह युद्ध अपराध माने जाते हैं। युद्ध में लड़ाई के दौरान सैनिकों, सैन्य लक्ष्यों और नागरिकों व नागरिक सुविधा संबंधी वस्तुओं के बीच स्पष्ट अंतर करना जरूरी है, परन्तु अमेरिका तो क्या उसकी शह व संरक्षण में युद्धरत इस्राइल को भी न तो मानवीय कानून की फिक्र है न ही जिनेवा कन्वेंशन्स में निर्धारित युद्ध के सिद्धांतों की। इसीलिए अपनी अपार शक्ति व सर्वोच्चता के नशे में चूर अमेरिका व उसके पिछलग्गू इस्राईल द्वारा हर संभव युद्ध अपराध किया जा रहा है।

गजा में तो नेतन्याहू के नेतृत्व में इस्राईल ने दरिन्दिगी का वह इतिहास रचा है जिसने युद्ध अपराध की सभी सीमाओं को पार कर दिया है। सरकारी आंकड़े बताते है कि 7 अक्टूबर 2023 से 25 मार्च 2026 तक इस्राईली सेना द्वारा 72,265 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 1,71,959 लोग घायल हुए। यहां तक कि 10 अक्टूबर 2025 को लागू हुए युद्धविराम के बाद भी इस्राईल ने लगभग 700 लोगों को मार दिया है। हालांकि कुछ स्वतंत्र अध्ययन कुल मौतों का आंकड़ा 75,000 से ज्यादा बता रहे हैं। स्वयं इस्राइली सेना ने जनवरी 2026 में 70,000 मौतों का आंकड़ा स्वीकार किया था। कुल लगभग 22-23 लाख की आबादी वाले इस इलाके में 19 लाख से ज्यादा लोग एक या कई बार विस्थापित हुए हैं। नतीजतन आज भी 17 लाख से ज्यादा लोग अस्थाई विस्थापन कैंप्स में रह रहे हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों के घर-मकान नष्ट हो चुके हैं जिसके चलते लोग बेघर हैं। नेतन्याहू के इशारों पर यह हत्याएं घने रिहायशी इलाकों, स्कूल्स, बाजार, अस्पताल, स्कूल यहां तक कि शरणार्थी कैम्पस में और भूख की तपिश से जूझ रहे खाद्य सामग्री लेने की लाइन में लगे असहाय लोगों पर बम व गोले बरसा कर उनकी जान लेकर की गई हैं। यही वजह है कि नेतन्याहू पर अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने युद्ध अपराध वारंट जारी किया हुआ है। नेतन्याहू पर भुखमरी को युद्ध का हथियार बनाना, जानबूझकर नागरिक आबादी पर हमला निर्देशित करना,मानवता के खिलाफ अपराध, हत्या, उत्पीड़न व अन्य अमानवीय कृत्य जैसे युद्ध अपराध शामिल हैं। आज भी नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के भगौड़े अपराधियों की श्रेणी में शामिल हैं परन्तु युद्ध अपराधी भगौड़ा नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता। उल्टे इसे यहूदी-विरोधी तथा राजनीतिक साजिश बताकर अपने युद्ध अपराध पर पर्दा डालने की कोशिश करता है। इसी युद्ध अपराधी नेतन्याहू के जाल में फंसकर राष्ट्रपति ट्रंप भी युद्ध अपराध करते जा रहे हैं। ईरान को श्पाषाण युगश में पहुंचाने की उनकी धमकी इस बात का सुबूत है कि ऐसे मानसिक रोगी राजनीतिज्ञ की जगह जेल में होनी चाहिए। दुनिया को यह सोचना पड़ेगा कि आखिर क्या वजह है कि उनके सलाहकारों से लेकर सैन्य विभाग के अनेक बड़े अधिकारी तक इस अवैध युद्ध का विरोध करते हुए क्योंकर इस सनकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खड़े होने के बजाए अपने इस्तीफे दे रहे हैं। नाटो सहित उसके कई सहयोगी देश खुलकर ट्रंप के ईरान में सैन्य हस्तक्षेप का विरोध कर रहे हैं और आज ईरान की ताकत व उसकी रक्षात्मक व आक्रामक शक्ति का अंदाजा किए बिना ईरान पर हमला बोल देने और परणामस्वरूप अमेरिका द्वारा ऐतिहासिक क्षति का सामना करने से अमेरिका के महाशक्ति होने का जो भरम टूटा है उसका जिम्मेदार भी ट्रंप ही है। और इसी सन्दर्भ में ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची को यह कहना पड़ा है कि -अधूरे बने पुलों समेत इंफ्रास्टक्चर पर हो रहे हमले ईरानियों को सरेंडर करने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। यह केवल अव्यवस्था में फंसे दुश्मन की हार और उस के नैतिक पतन को दिखाता है। साथ ही अरागची ने यह भी कहा कि हर पुल और ईमारत को पहले से ज्यादा मजबूती के साथ बनाया जाएगा परन्तु जिसकी कभी भरपाई नहीं हो पाएगी वह है अमेरिकी साख को हुआ नुकसान।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने भी अमेरिकियों के नाम एक खुला पत्र लिखकर कहा है कि वे युद्ध के प्रोपेगैंडा के धुंध से बाहर देखें और मनगढ़ंत खतरे को नकारें। राष्ट्रपति पेजे. श्कियन ने सवाल उठाया है कि क्या अमेरिका सचमुच अमेरिका फर्स्ट को आगे रख रहा है या फिर वह केवल इजरायल के लिए एक प्रॉक्सी के तौर पर काम कर रहा है? पेजेश्कियन ने आगे कहा कि ईरानियों के मन में अमेरिका, यूरोप या किसी भी पड़ोसी देश के प्रति कोई दुश्मनी नहीं है, परन्तु सच्चाई तो यही है कि युद्ध अपराधी भगौड़े नेतन्याहू के चक्रव्यूह में उलझकर ट्रंप ने भी युद्ध अपराध को हीअंजाम दिया है। गोया डोनॉल्ड ट्रंप व नेतन्याहू दोनों ही युद्ध अपराधी हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बोर्ड परीक्षा पूरी कहानी नहीं, जीवन का एक अध्याय

**हर बच्चा डॉक्टर, इंजी. नियर या सरकारी अधिकारी बनने के लिए नहीं बना होता। कोई चित्रकला में अच्छा होता है, कोई खेल में, कोई लेखन में, तो कोई तकनीक या व्यवसाय में। यदि बच्चा किसी अलग क्षेत्रा में रूचि दिखाता है, तो उसे कमजोरी नहीं, संभावना समझें। आवश्यकता हो तो करियर काउंसलर, शिक्षक या अनुभवी व्यक्ति की सहायता लें। कई लोग स्कूल या बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ला पाए, लेकिन बाद में अपनी लगन और कौशल के बल पर बड़ी सफलता तक पहुंचे।**



**कृति आरके जैन**

बोर्ड परीक्षा के परिणाम आने वाले हैं। तारीख करीब आते ही हजारों घरों में बेचौनी बढ़ने लगती है। कहीं विद्यार्थी देर रात तक जागकर अपने अनुमान लगा रहा है, तो कहीं माता-पिता चुपचाप उसके चेहरे की चिंता पढ़ रहे हैं। किसी को अच्छे अंकों की उम्मीद है, किसी को डर कि मेहनत के बाद भी परिणाम मनचाहा न आए। परिणाम के दिन मोबाइल की घंटी, वेबसाइट का खुलना, रोल नंबर डालती कांपती उंगलियांकृसब उस पल को और भारी कर देते हैं। और जब स्क्रीन पर अंक उम्मीद से कम दिखें या असफलता सामने खड़ी मिले, तो लगता है मानो सब समाप्त हो गया। विद्यार्थी को भविष्य अंधेरा दिखने लगता है, अभिभावक चिंता और अपराधबोध से भर उठते हैं। लेकिन इसी क्षण सबसे जरूरी है यह याद रखना कि यह केवल एक परीक्षा है, पूरा जीवन नहीं। एक परिणाम आपके व्यक्तित्व, क्षमता और भविष्य का अंतिम निर्णय नहीं हो सकता। सबसे पहले विद्यार्थी और अभिभावक, दोनों को अपनी भावनाएं दबाने के बजाय उन्हें स्वीकार करना चाहिए। निराशा, दुख, गुस्सा, आंसू या चुप्पीकृए सब स्वाभाविक हैं। विद्यार्थी यदि रोना चाहता है, तो उसे रो लेने देंय यदि कुछ देर अकेला रहना चाहता है, तो उसे समय दें। उसी तरह अभिभावक भी अपनी चिंता छिपाने के लिए कठोर न बनें। इस समय सबसे बड़ी जरूरत साथ की होती है। बच्चे के पास बैठकर केवल इतना कहना हम तुम्हारे साथ हैं, यह अंत नहीं है उसके टूटे मन को संभाल सकता है। कई बार लंबे भाषण नहीं, बल्कि एक शांत स्पर्श, एक गले लगाना और बिना निर्णय उसकी बात सुन लेना सबसे बड़ी ताकत बन जाता है। अभिभावकों को विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि वे तुलना और तानों से पूरी तरह बचें। हफलां के इतने अंक आए, तुम्हारे क्यों नहीं? या इतना खर्च किया, फिर भी क्या हुआ? जैसे वाक्य बच्चे के मन पर गहरे घाव छोड़ते हैं। असफलता के बाद विद्यार्थी पहले ही अपराधबोध और शर्म से भरा होता है। यदि घर में भी उसे केवल आलोचना मिले, तो उसका आत्मविश्वास और टूट जाता है। इस समय बच्चे को यह महसूस होना चाहिए कि उसका महत्व केवल अंकों से नहीं है। वह एक इंसान है, जिसके भीतर योग्यताएं, भावनाएं, रुचियां और सपने हैं। घर का वातावरण शांत, भरोसे से भरा और सकारात्मक रखना ही इस कठिन समय में अभिभावक का सबसे बड़ा कर्तव्य है। विद्यार्थियों को यह समझना होगा कि असफलता का अर्थ अयोग्यता नहीं होता। कई बार कम अंकों के पीछे अनेक कारण होते हैं तनाव, समय प्रबंधन की कमी, सही रणनीति का अभाव, स्वास्थ्य की समस्या या किसी विषय में कमजोरी। इसलिए स्वयं को मैं किसी काम का नहीं कहकर दोषी ठहराने के बजाय अपनी तैयारी का ईमानदारी से विश्लेषण करें। सोचें, कमी कहां रह गई और अगली बार क्या बदला जा सकता है। यदि कोई विषय कठिन लगा, तो उसका अधिक अभ्यास करें। यदि समय कम पड़ा, तो समय बांटने की आदत डालें। यदि तनाव ने असर डाला, तो पढ़ाई के साथ विश्राम, व्यायाम और ध्यान को भी जीवन का हिस्सा बनाइए। हर गलती अगली सफलता का रास्ता दिखाती है। असफल परिणाम के बाद आगे बढ़ने के अनेक रास्ते होते हैं। यदि किसी विषय में कम अंक आए हैं, तो कंपार्टमेंट या सुधार परीक्षा दी जा सकती है। यदि पूरी परीक्षा में सफलता नहीं मिली, तो अगले वर्ष बेहतर तैयारी के साथ फिर प्रयास किया जा सकता है। आज शिक्षा की दुनिया पहले से कहीं अधिक खुली है। केवल एक धारा या एक करियर ही जीवन का अंतिम रास्ता नहीं है। विज्ञान, वाणिज्य और कला के अलावा भी अनेक विकल्प हैं डिजिटल मार्केटिंग, डिजाइन, होटल प्रबंधन, एनीमेशन, खेल, संगीत, कंप्यूटर, फोटोग्राफी, फैशन, आईटीआई, डिप्लोमा, उद्यमिता और कई कौशल आधारित क्षेत्र। कई बार एक असफलता हमें उसी दिशा में मोड़ देती है, जहां हमारी वास्तविक प्रतिभा छिपी होती है। अभिभावकों को चाहिए कि वे इस समय बच्चे की रुचियों को समझने की कोशिश करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राघव चड्ढा विवाद : लोकतांत्रिक प्रक्रिया या आंतरिक अनुशासन





**विनीत नारायण**

हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) के राजसभा सांसद राघव चड्ढा और पार्टी नेतृत्व के बीच खुला विवाद सामने आया। 2 अप्रैल को पार्टी ने राजसभा सचिवालय को पत्र लिखकर चड्ढा को पार्टी के उपनेता पद से हटाने और उनकी जगह पंजाब के सांसद अशोक मित्तल को नियुक्त करने की सूचना दी। साथ ही, पार्टी ने अनुरोध किया कि चड्ढा को पार्टी की ओर से बोलने का समय न दिया जाए। अगले दिन चड्ढा ने 'साइलेंस्ड, नॉट डिफीटेड' शीर्षक से एक वीडियो जारी कर जवाब दिया। उन्होंने दावा किया कि वे हमेशा आम आदमी के मुद्दे उठाते रहे, लेकिन पार्टी उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। यह घटना पार्टी के आंतरिक मतभेदों को सार्वजनिक रूप से उजागर करती है और सवाल उठाती है कि क्या यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया है या सख्त अनुशासन का मामला। राघव चड्ढा अरविंद केजरीवाल के करीबी माने जाते थे, लेकिन पिछले एक साल से रिश्तों में दरार दिखने लगी थी। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी के दौरान चड्ढा विदेश में आंखों की सर्जरी करा रहे थे और पार्टी के कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहे। केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को हालिया छूट मिलने पर भी उन्होंने सार्वजनिक रूप से कोई बड़ा बयान नहीं दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह अनुशासनहीनता और पार्टी लाइन से विचलन माना गया। वहीं चड्ढा ने संसद में हवाई अड्डों पर महंगे खाने, डिलीवरी पार्टनर्स की समस्याएं, टोल प्लाजा और बैंक चार्जेस, गिग वर्कर्स के अधिकार जैसे मुद्दे उठाए, जिन्हें उन्होंने 'आम आदमी' के हितों से जोड़ा। लेकिन पार्टी ने इन्हें 'सॉफ्ट पीआर' करार दिया। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने इस विवाद पर बयान भी दिए। सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि चड्ढा बीजेपी से डरते हैं, विरोधी दलों के वॉकआउट में शामिल नहीं होते और पंजाब के मुद्दों पर चुप रहते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उन्हें 'कम्प्रोमाइज्ड' बताया और कहा कि जब पार्टी एमएसपी या केंद्र से फंडिंग जैसे बड़े मुद्दे उठाती है, तब चड्ढा छोटे-छोटे मुद्दों पर फोकस करते हैं। आतिशी और अनुराग धंडा ने भी यही स्वर दोहराया कि संसद में सीमित समय में 'समोसे सस्ते' जैसे विषयों पर बोलना राष्ट्रहित से दूर है। पार्टी का तर्क है कि एक छोटी पार्टी के पास संसद में बोलने का सीमित कोटा होता है, इसलिए उसे केंद्र सरकार के खिलाफ सख्त रुख अपनाना चाहिए, न कि 'सॉफ्ट' मुद्दों पर। इस पर चड्ढा ने अपने वीडियो में इन आरोपों का सीधा जवाब दिया। उन्होंने पूछा, हक्या आम आदमी के मुद्दे उठाना अपराध है? मैंने हवाई अड्डे के खाने की महंगाई, गिग वर्कर्स की दुर्दशा, अशुद्ध भोजन और लूटखसोट के मुद्दे उठाए, जिससे आम आदमी को फायदा हुआ। पार्टी को इससे क्या नुकसान हुआ? उन्होंने पार्टी को चेतावनी दी, मेरे मौन को हार मत समझिए। मैं वह नदी हूं जो समय आने पर बाढ़ बन जाती है। यह बयान न केवल व्यक्तिगत दर्द जाहिर करता है, बल्कि पार्टी में असहमति के अधिकार पर भी सवाल खड़ा करता है।

वहीं अन्य राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया ने इस विवाद को और भी रंग दिया है। भाजपा ने इसे आम आदमी पार्टी का आंतरिक मामला बताया, लेकिन चड्ढा को बोलने से रोकने को 'अत्यधिक आपत्तिजनक और तानाशाही' करार दिया। कांग्रेस ने इसे पार्टी में दरार का सबूत माना। पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारींग ने कहा कि छ्ढा पहले से ही पार्टी से 'अलग' दिखते थे, खासकर केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय उनकी अनुपस्थिति को देखते हुए। कुछ कांग्रेस नेताओं का अनुमान है कि छ्ढा पार्टी छोड़कर कहीं और जा सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने भी अप्रत्यक्ष रूप से आम आदमी पार्टी की एकता पर सवाल उठाए हैं। कुल मिलाकर, विपक्षी दलों ने इस घटना को पार्टी की कमजोरी के रूप में पेश किया है। कुछ विश्लेषक मानते हैं कि चड्ढा पार्टी की आक्रामक एंटी-बीजेपी रणनीति से सहमत नहीं हैं। वे ज्यादा मुद्दा-आधारित और कम व्यक्तिगत हमले वाले रुख अपनाते रहे, जो आम आदमी पार्टी की मौजूदा जरूरत (केंद्र सरकार पर सीधा हमला) से मेल नहीं खाता। दूसरी अटकल यह है कि चड्ढा की बढ़ती लोकप्रियता और मीडिया कवरेज केजरीवाल के लिए खतरा बन गई। स्वाती मालीवाल जैसी पिछली घटनाओं की घटना की याद दिलाते हुए कुछ राजनैतिक पंडित कहते हैं कि आम आदमी पार्टी में 'केजरीवाल से ज्यादा चमक' बर्दाश्त नहीं की जाती। अनुशासन और पंजाब-केंद्रित रणनीति भी एक कारण हो सकता है, क्योंकि चड्ढा पंजाब से सांसद हैं लेकिन पंजाब के बड़े मुद्दों जैसे एमएसपी पर कम सक्रिय रहे। कुछ स्रोतों का दावा है कि चड्ढा को बीजेपी 'प्रमोट' कर रही है या वे स्वतंत्र रूप से राजनीति करने की सोच रहे हैं। हालांकि, इनमें से कोई भी पुष्टि नहीं हुई है। पार्टी ने इसे 'रूटीन संगठनात्मक बदलाव' बताया है, लेकिन टाइमिंग और बोलने पर रोक ने संदेह बढ़ा दिया है। देखा जाए तो यह एक संसदीय लोकतंत्र में पार्टी अनुशासन बनाम व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सवाल है। क्या एक सांसद को पार्टी कोटा से बोलने का अधिकार पार्टी नेतृत्व के विवेक पर निर्भर होना चाहिए? संविधान और संसदीय परंपरा में सांसद पार्टी से कहीं ज्यादा जनता का प्रति. निधि है। लेकिन वास्तविकता में व्हिप और पार्टी लाइन बाध्यकारी हैं। आंदोलन से उपजी आम आदमी पार्टी जो स्वयं 'स्वराज' और पारदर्शिता का नारा देती रही, में यह घटना उसके सिद्धांतों से मेल नहीं खाती। इसके साथ हीपार्टी की आंतरिक संरचना पर भी कई सवाल उठते हैं। केजरीवाल-केंद्रित पार्टी में असहमति को कैसे हैंडल किया जाता है? पार्टी बनने के समय जो-जो बड़े व चर्चित चेहरे केजरीवाल के साथ थे वे एक-एक करके अलग हुए। अब राघव चड्ढा जैसी घटनाएं पार्टी की 'एकता' की छवि को धक्का पहुंचाती हैं। आम आदमी पार्टी जैसे दलों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत रहने के लिए आंतरिक एकता जरूरी है। चड्ढा जैसे युवा, शिक्षित और मीडिया-सेवी नेता पार्टी की छवि को आधुनिक बनाते थे।

उनका साइडलाइन होना युवा नेताओं को निरुत्साहित कर सकता है। चड्ढा ने जो मुद्दे उठाए वे वाकई आम आदमी से जुड़े थे, महंगाई, श्रमिक अधिकार, उपभोक्ता शोषण, लेकिन राजनीति में संसद सीमित समय में प्राथमिकता 'बड़े राजनीतिक हमले' को दी जाती है। क्या यह 'सॉफ्ट' बनाम 'हार्ड' पॉलिटिक्स का टकराव है? दोनों पक्षों में सच्चाई तो है, एक तरफ पार्टी की रणनीतिक जरूरत, दूसरी तरफ संसद को जन-समस्याओं का मंच बनाने का प्रयास। इस विवाद से भारतीय राजनीति को दो सबक मिलते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान ने दी फिर भारत को धमकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए भारत को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत कोई फाल्स फ्लैग आपरेशन (छिपकर हमला) करता है, तो इस बार संघर्ष सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है। ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि भारत अपने लोगों या हिरासत में बंद पाकिस्तानियों का इस्तेमाल करके झूठा ड्रामा रचने की योजना बना रहा है।

### युद्ध के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 17 लोग गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजरायली पुलिस ने तेल अवीव के थिएटर स्क्वायर पर युद्ध के विरोध में रैली कर रहे 17 लोगों को हिरासत में लिया है। 'टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी अधिकारियों से लेबनान, ईरान और गाजा पट्टी में जारी सैन्य कार्रवाई को समाप्त करने की मांग कर रहे थे। हालांकि इस रैली को मंजूरी दी गई थी, लेकिन यह नागरिक सुरक्षा नियमों के उल्लंघन में आयोजित की गई थी।

### पाकिस्तान में ईंधन सब्सिडी पर पीएम ने की समीक्षा बैठक

**लाहौर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालिया क्षेत्रीय तनाव के बीच पेट्रोलियम उत्पादों पर दी जा रही सब्सिडी के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री कार्यालय पाकिस्तान के अनुसार बैठक में सब्सिडी वितरण की स्थिति के साथ-साथ देश में ईंधन भंडार और खपत के बारे में भी जानकारी दी गई।

### फ्रांस ने की चीन में अपने नागरिक को मृत्युदंड की निंदा

**पेरिस।** फ्रांस ने अपने नागरिक चान थाओ फूमी (62) को चीन के कैंटन में मृत्युदंड दिए जाने पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त की है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि 2010 में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में दोषी ठहराए गए चान को दो दशकों से अधिक समय तक कारावास में रखने के बाद मृत्युदंड दिया गया।



कर्नाटक। चिक्कमगलुरु में एलपीजी की आपूर्ति बाधित होने के कारण ऑटो-रिक्शा की लंबी कतारें।

## घेब्रेएसस ने ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा पर की चिंता व्यक्त

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने रविवार को कहा कि ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को सूचित किया है कि आज सुबह बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिसर के पास एक प्रक्षेपास्त्र गिरा, जो हाल के हफ्तों में इस तरह की चौथी घटना है। उन्होंने कहा कि ईरान ने आईएईए को यह भी बताया कि प्रक्षेपास्त्र के एक टुकड़े से संयंत्र के सुरक्षा कर्मचारियों में से एक की मौत हो गई। घेब्रेएसस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता व्यक्त कर रहा हूं।

# अमेरिकी सेना की गतिविधियां एआई से ट्रैक कर रही चीनी कंपनियां

## ऐसे इंटेलिजेंस टूल्स की मार्केटिंग कर रही हैं, जो अमेरिकी सेना की गतिविधियों को एक्सपोज करने का दावा करते हैं

**वाशिंगटन।** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीनी कंपनियां ईरानी संघर्ष के दौरान अमेरिकी सेना की गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ओपन-सोर्स डेटा का इस्तेमाल कर रही हैं।

द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की कई प्राइवेट कंपनियां ऐसे इंटेलिजेंस टूल्स की मार्केटिंग कर रही हैं, जो अमेरिकी सेना की गतिविधियों को एक्सपोज करने का दावा करते हैं। हालांकि, चीन ने खुद को सार्वजनिक तौर पर खुद को इस संघर्ष से दूर रखने का दावा किया है। कंपनियां पश्चिम एशिया में अमेरिकी सेना की तैनाती का विस्तार से विश्लेषण करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटा के साथ मिला रही हैं। इस डेटा में सैटेलाइट इमेजरी, फ्लाइट ट्रैकर और शिपिंग जानकारी शामिल है। पांच हफ्ते पहले ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से यह ट्रेंड और बढ़ गया है। आनलाइन पोस्ट में अमेरिकी कैरियर मूवमेंट, एयरक्राफ्ट की पोजिशनिंग और बेस गतिविधियों की डिटेल्स दिखाई गई हैं। इसे विश्लेषक तेजी से बढ़ता इंटेलिजेंस मार्केटप्लेस बता रहे हैं। इसमें शामिल कुछ कंपनियों के चीन के मिलिट्री इकोसिस्टम से लिंक होने का दावा किया जा रहा है। द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह चीन की रक्षा क्षमता में निजी क्षेत्र के नवाचार को शामिल करने की एक बड़ी कोशिश का हिस्सा है, जिसे उसकी सिविल-मिलिट्री एकीकरण रणनीति के तहत बड़ा सरकारी निवेश भी मिला है। अमेरिकी मीडिया ने कहा कि अमेरिका के अधिकारियों और विश्लेषकों के विचार इस मुद्दे पर अलग-अलग हैं कि खतरा कितना गंभीर है। अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीटयूट के फेलो रयान फेडासियुक ने द वाशिंगटन पोस्ट से कहा कि चीन में निजी क्षेत्र की जियोस्पेशियल एनालिसिस (स्थान-आधारित डेटा जुटाने वाली) कंपनियों के बढ़ने से उसकी रक्षा क्षमता मजबूत होगी।



■ चीन ने खुद को सार्वजनिक तौर पर खुद को इस संघर्ष से दूर रखने का दावा किया है

# अमेरिकी पायलटों को ईरान से सुरक्षित निकाला: ट्रम्प

## कहा: अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक को अंजाम दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार सुबह घोषणा की कि अमेरिका ने ईरानी क्षेत्र से उन दो लड़ाकू पायलटों को सुरक्षित निकाल लिया है, जो शनिवार को ईरानी सेना के हमले में दो अमेरिकी विमानों के गिराए जाने के बाद से लापता हो गए थे।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल पर कहा कि हमने उन्हें पा लिया है! मेरे प्यारे देशवासियों, पायलट अब पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि इस 'चमत्कारी' अभियान में दूसरे पायलट को सफलतापूर्वक सुरक्षित निकाल लिया गया है। इससे पहले एक अन्य पायलट को भी सुरक्षित निकाल लिया गया था, लेकिन इसकी पुष्टि इसलिए नहीं कि गई थी क्योंकि वे दूसरे बचाव अभियान को खतरे में नहीं डालना चाहते थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कि पिछले कुछ घंटों के दौरान, अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि पायलट ईरान के दुर्गम पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे था और दुश्मन हर घंटे उसके करीब पहुंच रहे थे। ट्रम्प ने कहा कि वह पायलट कभी अकेला नहीं था क्योंकि कमांडर-इन-चीफ, युद्ध सचिव और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष चौबीसों घंटे उसकी लोकेशन पर नजर रख रहे थे और बचाव की योजना बना रहे थे। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सेना ने उसे वापस लाने के लिए दुनिया के सबसे घातक हथियारों से लैस दर्जनों विमान भेजे थे। पायलट को कुछ चोटें आई हैं, लेकिन वह ठीक हो जाएगा। अमेरिकी सैन्य इतिहास में यह पहली बार है जब दो अमेरिकी पायलटों को दुश्मन के इलाके के काफी अंदर से अलग-अलग बचाया गया है। ट्रम्प ने गर्व से कहा कि हम कभी भी किसी अमेरिकी योद्धा को पीछे नहीं छोड़ेंगे। ट्रम्प ने दावा किया कि बिना किसी अमेरिकी सैनिक के हताहत हुए इन दोनों ऑपरेशनों को पूरा करना यह साबित करता है कि अमेरिका ने ईरानी आसमान पर पूर्ण वर्चस्व हासिल कर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अंत में कहा कि यह एक ऐसा क्षण है जिस पर सभी अमेरिकियों को गर्व होना चाहिए और एकजुट होना चाहिए।



■ दावा: तेहरान में एक भीषण हमले में ईरान के कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों को किया खत्म

■ पायलट ईरान के दुर्गम पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे था: ट्रम्प

## ईरान में लगातार 37 दिनों से इंटरनेट बंद

**तेहरान।** ईरान में इंटरनेट बंदी ने अब तक के सभी वैश्विक रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इंटरनेट की निगरानी करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था 'नेटब्लॉक्स' की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में जारी 'इंटरनेट ब्लैकआउट' अब तक किसी भी देश में दर्ज की गई दुनिया की सबसे लंबी राष्ट्रव्यापी इंटरनेट बंदी बन गई है। नेटब्लॉक्स के मुताबिक, ईरान में इंटरनेट सेवाओं को बंद हुए लगातार 37 दिन (864 घंटे) बीत चुके हैं। गंभीरता और समय सीमा के मामले में इसने दुनिया की ऐसी अन्य सभी घटनाओं को पीछे छोड़ दिया है। गौरतलब है कि ईरान में यह सख्त कदम वहां उपजे गंभीर सुरक्षा हालात और राजनीतिक अस्थिरता के बीच उठाया गया है। लगातार इतने दिनों से संचार ठप होने के कारण आम नागरिकों का बाहरी दुनिया से संपर्क पूरी तरह कट गया है।

## ईरान में हवाई हमले में रेड क्रिसेंट स्वयंसेवक की मौत

**तेहरान।** ईरान के इस्फहान प्रांत में एक हवाई हमले में अब्दुलफजल देहनवी नामक 20 वर्षीय स्वयंसेवक की मौत हो गई। वह ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी के साथ मानवीय सहायता कार्यों में जुटे हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला मोबारकेह काउंटी में हुआ, जहां देहनवी नागरिकों की मदद और राहत कार्यों में लगे थे। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटीज ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार, सहयोगियों और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना जताई है। बताया गया है कि क्षेत्र में जारी संघर्ष के दौरान अमेरिकी-इजरायली हमलों में देहनवी की जान गई।

# पश्चिम एशिया संकट के चलते यूक्रेन युद्ध को भूली दुनिया

**इस्तांबुल।** पश्चिम एशिया संकट का असर वैश्विक तौर पर दिख रहा है और पूरी दुनिया में इसे लेकर चिंता का माहौल है। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की इस युद्ध से खास तौर पर तनावग्रस्त हैं।

जेलेंस्की ने आशंका जताई है कि अगर अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष लंबा खिंचता है, तो इससे यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन और कमजोर हो सकता है। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन की प्राथमिकताओं में बदलाव के चलते यूक्रेन को बेहद जरूरी पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइलों की आपूर्ति में कमी का सामना करना पड़ सकता है। इस्तांबुल में 'द एसोसिएटेड प्रेस' को दिए एक इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा कि रूस के रोजाना हमलों का सामना करने के लिए यूक्रेन को अमेरिका में बने पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की सख्त जरूरत है। रूस द्वारा चार साल पहले शुरू किए गए हमले के बाद से अग्रिम मोर्चे के अलावा शहरी इलाकों में भी रूसी हमलों में हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। रूस ने यूक्रेन की ऊर्जा आपूर्ति को भी निशाना बनाया है, जिससे ड्रोन और मिसाइल उत्पादन बाधित हुआ है और सर्दियों में नागरिकों को हीटिंग और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित होना पड़ा है।



■ संघर्ष लंबा खिंचता है, तो इससे यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन और कमजोर हो सकता है: जेलेंस्की



















